3 राजधानी
दिल्ली में एक समान होगा टैक्स

6 प्रादेशिकी
उत्तर प्रदेश में सुरक्षा चाक-चौबंद

9 राष्ट्रीय
भारत में कोविड-19 के 18,840 नए मामले

10 विदेश
रूस ने लुहांस्क में भारी बमबारी की



RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 242
नई दिल्ली, रविवार, 10 जुलाई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





भारत के पास राष्ट्रमंडल में पदक जीतने का अच्छा मौका
स्पोर्ट्स-12


# श्रीलंका में संकट और गहराया

● राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने निवास छोड़ा, अज्ञात स्थान पर जा छिपे

**भाषा।** कोलंबो

**श्रीलंका** में जारी भारी आर्थिक संकट के बीच सैकड़ों प्रदर्शनकारी राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के इस्तीफे की मांग करते हुए शनिवार को मध्य कोलंबो के अति सुरक्षा वाले फोर्ट इलाके में अवरोधकों को हटाकर उनके (राष्ट्रपति के) आधिकारिक आवास में घुस गए। साथ ही प्रदर्शनकारियों ने श्रीलंका के प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे के कोलंबो स्थित निजी आवास में आग लगा दी। राष्ट्रपति ने शुक्रवार को अपना आधिकारिक आवास छोड़ दिया था और वह फिलहाल कहां पर हैं, इसकी जानकारी सामने नहीं आ सकी है।

प्रदर्शनकारी देश में गंभीर आर्थिक संकट को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। राजपक्षे पर मार्च से ही इस्तीफा देने का दबाव बढ़ रहा है। वह अप्रैल में प्रदर्शनकारियों द्वारा उनके कार्यालय के प्रवेश द्वार पर कब्जा करने के बाद से ही राष्ट्रपति आवास को अपने आवास तथा कार्यालय के तौर पर इस्तेमाल कर रहे हैं। राष्ट्रपति आवास में काम करने वाले लोगों ने बताया कि शनिवार के प्रदर्शन के मद्देनजर राष्ट्रपति राजपक्षे ने शुक्रवार को ही आवास खाली कर दिया था। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को खदेड़ने के लिए उन पर आंसू गैस के गोले छोड़े और पानी की बौछारें कीं तथा गोलियां चलाई, लेकिन फिर भी प्रदर्शनकारी अवरोधकों को हटाकर राष्ट्रपति आवास में घुस गए। वहीं, प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे (शेष पेज 8)

## प्रदर्शनकारी राष्ट्रपति आवास में घुसे, प्रधानमंत्री के आवास में लगायी आग



कोलंबों में रविवार को राष्ट्रपति के सरकारी आवास में उग्र प्रदर्शनकारियों ने कब्जा कर लिया

## प्रधानमंत्री विक्रमसिंघे ने सर्वदलीय सरकार के गठन के लिए त्यागपत्र का प्रस्ताव किया

**कोलंबो (भाषा)।** श्रीलंका में राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के इस्तीफे की मांग करते हुए शनिवार को प्रदर्शनकारियों के मध्य कोलंबो के कड़ी सुरक्षा वाले फोर्ट इलाके में राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास में घुसने के कुछ घंटों बाद प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने इस्तीफा देने की पेशकश की, ताकि देश में सर्वदलीय सरकार गठित करने का मार्ग प्रशस्त हो सके।

प्रधानमंत्री के मीडिया प्रभाग ने कहा कि सर्वदलीय सरकार बनने और संसद में बहुमत साबित होने के बाद वह प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देंगे। उनके कार्यालय ने कहा कि विक्रमसिंघे तब तक प्रधानमंत्री पद पर बने रहेंगे। विक्रमसिंघे ने विपक्षी पार्टी के नेताओं से कहा कि वह इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए पद छोड़ने का निर्णय ले रहे हैं कि इस सप्ताह से देशव्यापी ईंधन वितरण दोबारा शुरू किया जाना है, विश्व खाद्य कार्यक्रम के निदेशक इस सप्ताह देश (शेष पेज 8)

# अमरनाथ हादसा: 16 शव निकाले, 40 अभी भी लापता

● 15,000 तीर्थयात्रियों बचाया गया, 60 से अधिक लोगों अस्पताल पहुंचाया

● राहत कार्य में सेना समेत कई अन्य एजेंसियां जुटी

**मोहित कंधारी।** जम्मू

**भारतीय** सेना और कई अन्य बचाव एजेंसियों के नेतृत्व में किसी भी जीवित बचे लोगों की तलाश के लिए बचाव और राहत मिशन के तहत शनिवार सुबह व्यापक पैमाने पर अभियान चलाया गया। अमरनाथ गुफा तीर्थ क्षेत्र में लगातार बारिश होने से शुक्रवार देर शाम कई तंबू बह गए थे। दिल्ली में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के प्रवक्ता ने कहा कि बचाव कर्मियों द्वारा अबतक 16 शवों को निकाला जा चुका है और इन शवों को बालटाल ले जाया गया है।

वहीं बचाव कर्मियों ने 60 से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाला है और वर्तमान में यात्रा मार्ग और श्रीनगर के आधार शिविरों में विभिन्न अस्पतालों में उनका इलाज चल रहा है। आईटीबीपी के एक प्रवक्ता ने शनिवार को कहा कि अमरनाथ की पवित्र गुफा के पास फंसे कम से कम 15,000 तीर्थयात्रियों को पंजतरणी के निचले आधार शिविर में स्थानांतरित कर दिया गया है। दूसरी ओर, अत्याधुनिक निगरानी उपकरण तैनात करने के बाद भी बचावकर्मियों और एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और भारतीय सेना की टीमों को लापता लोगों का कोई पता नहीं चल सका है। अपुष्ट रिपोर्टों में कहा गया है कि गुफा तीर्थ क्षेत्र से अभी भी कम से कम 40 लोगों के लापता होने की सूचना है। क्षेत्र में भारी बारिश की आशंका के बीच ग्राउंड जीरो पर कीचड़ और पत्थरों का मलबा जमा होने से बचाव अभियान में काफी बाधा आ रही है। श्रीनगर में नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि सरकार को यह पता लगाने के लिए जांच का आदेश देना चाहिए कि दक्षिण कश्मीर हिमालय में अमरनाथ गुफा मंदिर के पास बेहद संवेदनशील इलाके में टेंट और सामुदायिक रसोई कैसे स्थापित हुआ जो शुक्रवार को आई भारी बाढ़ की चपेट में बह गया। अब्दुल्ला ने यहां 18 जुलाई को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए संयुक्त विपक्षी उम्मीदवार यशवंत सिन्हा से मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा कि हमें उम्मीद है कि सरकार यह जानने के लिए एक जांच आयोग बनाएगी कि यह कैसे हुआ और क्यों हुआ।

इस बीच, अमरनाथ यात्रा शनिवार को बालटाल और पहलगाम दोनों मार्गों से स्थगित रही और तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरे यात्रा मार्ग को साफ कर दिया गया। हैरानी की बात यह है कि शनिवार तड़के जम्मू स्थित यात्री निवास से 6000 से अधिक तीर्थयात्रियों के एक नए जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। शुक्रवार शाम से पहले से ही अथक परिश्रम कर रहे भारतीय सेना के जवानों का मनोबल बढ़ाने के लिए चिनार कोर कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल अमरदीप सिंह औजला जीओसी किलो फोर्स (शेष पेज 8)



संकटग्रस्त तीर्थ यात्रियों को हेलीकाप्टर से ले जाते भारतीय सेना के जवान

## हादसा बादल फटने से नहीं बल्कि अधिक बारिश से हुआ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को कहा कि शुक्रवार को अमरनाथ मंदिर की गुफा के पास अचानक आई बाढ़ से 16 लोगों की मौत और व्यापक पैमाने पर क्षति पर कहा कि यह पहाड़ों की ऊपरी स्तर हुई अत्यधिक स्थानीयकृत बारिश की घटना का परिणाम था, न कि बादल फटने का। आईएमडी ने कहा कि इसे क्लाउडबर्स्ट (बादले फटने) के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जा सकता है। बारिश की घटना को बादल फटने के रूप में तभी वर्गीकृत किया जा सकता है जब एक मौसम केंद्र एक घंटे में 100 मिमी बारिश प्राप्त करता है। शुरुआत में इसे बादल फटने की सूचना मिली थी, लेकिन आईएमडी ने कहा कि शुक्रवार को शाम 4.30 बजे से शाम 6.30 बजे के बीच 31 मिमी बारिश बादल फटने के रूप में वर्गीकृत होने के लिए काफी कम है। आईएमडी के महानिदेशक डॉ मृत्युंजय महापात्र (शेष पेज 8)

# दिल्ली जलबोर्ड और एनबीसीसी के अफसरों पर सीबीआई छापे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/नोएडा

● अपात्र निजी कंपनी को लाभ पहुंचाने के मामले में नौ अफसरों पर दर्ज हुई है एफआईआर

● नोएडा में एनबीसीसी के पूर्व अफसर के घर से एक करोड़ कैश व 1. 46 करोड़ की ज्वैलरी मिली

**विद्युत** चुम्बकीय प्रवाह मीटरों की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग (एसआईटीसी) के लिए 38 करोड़ रुपए के अनुबंध को लेकर एक अपात्र निजी कंपनी का पक्ष लेने के लिए दिल्ली जल बोर्ड और राष्ट्रीय भवन निर्माण निगम (एनबीसीसी) के अधिकारियों के ठिकानों पर सीबीआई और आयकर विभाग ने संयुक्त अभियान चलाकर छापे मारे। इस संबंध में नौ मौजूदा और पूर्व अफसरों के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया है।

सीबीआई ने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के पूर्व अधिकारियों, मुख्य अभियंता जगदीश कुमार अरोड़ा, अधीक्षक अभियंता पी के गुप्ता, कार्यकारी अभियंता सुशील कुमार गोयल, सहायक अभियंता अशोक शर्मा, एएओ रंजीत कुमार, एनबीसीसी के तत्कालीन महाप्रबंधक डीके मित्तल और परियोजना कार्यकारी साधन कुमार के अलावा निजी कंपनी एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सूत्रों के अनुसार सीबीआई ने मामले के संबंध में दिल्ली-नोएडा में 10 स्थानों पर आरोपियों के परिसरों पर छापेमारी की गई, जिसमें (लगभग) 1.5 करोड़ रुपए नकदी, लगभग 1.2 करोड़ रुपए के आभूषण, 69 लाख रुपए की सावधि जमा राशि जब्त की गई है। एनबीसीसी के पूर्व मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम) डीके मित्तल के नोएडा सेक्टर 19 स्थित आवास पर शुक्रवार से ही सर्च अभियान चला। सीबीआई और आयकर (शेष पेज 8)

## चीनी वीजा मामला

## सीबीआई ने कार्ति के चेन्नई स्थित आवास की तलाशी ली

**भाषा।** नई दिल्ली

**सीबीआई** ने चीनी वीजा मामले में शनिवार को कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम के चेन्नई स्थित आवास की तलाशी ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद 17 मई को तलाशी के दौरान कार्ति चिदंबरम के घर के एक हिस्से को सील कर दिया गया था, क्योंकि उस हिस्से की चाबियां उपलब्ध नहीं थीं। उन्होंने बताया कि यह बताया गया था कि चाबियां उनकी पत्नी के पास है, जो तलाशी के समय विदेश में थीं। उन्होंने बताया कि एजेंसी को चाबियां मिलने के बाद शनिवार को उस हिस्से में तलाशी फिर से शुरू की गई। एजेंसी के अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को की गई तलाशी को 17 मई को हुई तलाशी अभियान का हिस्सा माना जाएगा। कार्ति ने अपने खिलाफ लगे आरोपों को राजनीतिक बदले की कार्वाई बताया है। सीबीआई ने उनके और अन्य (शेष पेज 8)

# एलन मस्क ने ट्विटर को खरीदने का सौदा रद किया

**एपी।** सैन फ्रांसिस्को

**टेस्ला** के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एलन मस्क ने ट्विटर के बोर्ड को शुक्रवार को बताया कि वह उसके अधिग्रहण का समझौता रद्द कर रहे हैं। इसके बाद माइक्रोब्लॉगिंग साइट को 44 अरब डॉलर में खरीदने का उनका सौदा खटाई में पड़ता दिख रहा है। मस्क ने कहा कि कंपनी ट्विटर के फर्जी खातों की संख्या के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं दे सकी, जिसके चलते उन्होंने यह सौदा रद्द किया।

दूसरी ओर ट्विटर ने कहा कि वह इस सौदे को बरकरार रखने के लिए टेस्ला के सीईओ पर मुकदमा करेगी। बीते महीने ट्विटर के निदेशक मंडल ने मस्क के सोशल मीडिया मंच को 44 अरब डॉलर में खरीदने के समझौते को सर्वसम्मति से मंजूरी देने की सिफारिश की थी। हालांकि, मस्क ने जिस भाव पर ट्विटर को खरीदने की पेशकश की थी, उसके मुकाबले सोशल मीडिया कंपनी के शेयर का भाव काफी गिर गया है। उल्लेखनीय है कि यदि यह खरीद समझौता पूरा हो जाता, तो कंपनी के निवेशकों को



अपने प्रत्येक शेयर पर 15.22 डॉलर का अच्छा-खासा लाभ होता। मस्क ने 54.20 डॉलर प्रति शेयर के भाव पर कंपनी के शेयर खरीदने का प्रस्ताव दिया था। मस्क के वकील माइक रिंगलर ने ट्विटर के बोर्ड को लिखे एक पत्र में शिकायत की कि उनके मुवक्किल ने सोशल मीडिया मंच पर फर्जी या स्पैम खातों की व्यापकता को आंकने के लिए लगभग दो महीने का डेटा मांगा था।

उन्होंने पत्र में आगे कहा, ट्विटर यह जानकारी देने में विफल रहा है या उसने इस जानकारी को देने से इनकार कर दिया है। कभी ट्विटर ने मस्क के अनुरोधों को अनदेखा किया, और कभी उसे ऐसे कारणों से अस्वीकार कर दिया है, जो अनुचित लगते हैं। और कभी उसने मस्क को अधूरी या अनुपयोगी जानकारी देते हुए अनुपालन करने (शेष पेज 8)

## चुनाव की तैयारी, निगम वार्डों के परिसीमन के लिए बना आयोग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**एकीकृत** दिल्ली नगर निगम चुनाव में हो रही देरी को लेकर सियासी माहौल पूरी तरीके से गरमा गया है। इस बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय ने निगम चुनावों के मद्देनजर एमसीडी वार्डों के परिसीमन के लिए आयोग का गठन कर दिया गया है। दिल्ली के राज्य निर्वाचन आयुक्त विजय कुमार देव इसके अध्यक्ष होंगे। तीन सदस्यीय आयोग चार महीने में अपनी रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंपेगा। इसके बाद राजधानी दिल्ली में एमसीडी चुनाव की राह भी साफ हो जाएगी। एमसीडी द्वारा शनिवार को यह जानकारी दी गई। दिल्ली नगर निगम के चुनावों की तरफ कदम बढ़ाते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एमसीडी एक्ट 1957 की धारा 3,3ए एवं 5 द्वारा निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए निगम वार्डों के परिसीमन एवं उससे से जुड़े अन्य कार्यों में केंद्र सरकार की सहायता के लिए परिसीमन आयोग का गठन कर दिया है। इसके तीन सदस्य होंगे। विजय देव, राज्य चुनाव आयुक्त दिल्ली, इसके (शेष पेज 8)

# मुलायम सिंह यादव की पत्नी साधना गुप्ता का निधन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के संरक्षक एवं संस्थापक मुलायम सिंह यादव की दूसरी पत्नी साधना गुप्ता का शनिवार को गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में निधन हो गया। साधना गुप्ता के निधन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में सपा के नेता व समर्थक विक्रमादित्य मार्ग स्थित मुलायम सिंह के आवास पर सांत्वना देने के लिए पहुंच गए। साधना गुप्ता का पार्थिव शरीर देर रात लखनऊ पहुंचेगा। अंतिम संस्कार रविवार को किया जाएगा।

साधना गुप्ता शुगर और फेफड़े के संक्रमण की बीमारी से ग्रसित थीं। पिछले सप्ताह तबियत बिगड़ने पर साधना गुप्ता को लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां स्वास्थ्य में सुधार न होने पर उन्हें गरुग्राम के मेदांता अस्पताल में रिफर कर दिया गया जहां पर उनका इलाज चल रहा था। शुक्रवार रात उनकी हालत काफी गंभीर हो गई थी। साधना की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें आईसीयू में रखा गया था,



शनिवार सुबह से ही उनकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई थी। इसके चलते शनिवार सुबह मुलायम सिंह यादव भी उनसे मिलने के लिए अस्पताल पहुंचे थे। उन्होंने अपनी पत्नी को देखा और डॉक्टरों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी भी ली।

इसके बाद वह अस्पताल से वापस लौट गए थे। शाम करीब चार बजे साधना गुप्ता की इलाज के दौरान अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन पर समाजवादी पार्टी के नेताओं समेत पक्ष व विपक्ष के नेताओं ने शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पत्नी साधना (शेष पेज 8)

## अवकाश सूचना

**ईद-उल-अजहा के उपलक्ष्य में पायनियर कार्यालय एवं प्रेस में आज 10 जुलाई 2022 को अवकाश रहेगा। अतः कल का अंक प्रकाशित नहीं होगा।**

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 54,481 | |
| निफ्टी | 16,220 | |
| सोना | 50,613 | /10g |
| चांदी | 56,540 | /kg |

## क्विक न्यूज

### डीएचएफएल घोटाले में सामने आई अंडरवर्ल्ड की भूमिका

**नई दिल्ली।** डीएचएफएल द्वारा कथित तौर पर किए गए देश के सबसे बड़े बैंकिंग धोखाधड़ी घोटाले के तार अंडरवर्ल्ड से जुड़ते दिख रहे है। सीबीआई इस संबंध में पाकिस्तान स्थित अपराधी छोटा शकील के साथ कुछ संदिग्धों की जांच कर रही है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसी को कुछ ऐसे साक्ष्य मिले है, जिसमें दिखाया गया है कि जनता के पैसे को कथित रूप से शकील से जुड़े लोगों को भेजा गया था।

# धुआं रहित ईंधन ला रहा आंखों में आंसू

● एक साल में 30 प्रतिशत बढ़ी रसोई गैस की कीमत

**भाषा।** नई दिल्ली

**ऐसे** वक्त में जब फलों और सब्जियों से लेकर खाद्य तेल और बिजली की कीमतें आसमान छू रही हैं, एलपीजी रसोई गैस की रिकॉर्ड कीमत ने आम आदमी का बजट और बिगाड़ दिया है। खासतौर से निर्धन तबके को इसकी तपिश अधिक महसूस हो रही है। इस सप्ताह रसोई गैस की दरों में 50 रुपए प्रति सिलेंडर (14.2 किलोग्राम) की बढ़ोतरी की गई। इसके साथ ही पिछले एक साल में कुल वृद्धि 244 रुपए या 30 प्रतिशत हो गई है।

बिना सब्सिडी वाले एलपीजी सिलेंडर (उज्ज्वला योजना की गरीब महिला लाभार्थियों को छोड़कर) की कीमत अब 1,053 रुपए हो गई है।



उज्ज्वला लाभार्थियों को प्रति सिलेंडर 853 रुपए का भुगतान करना होगा। आंध्र प्रदेश के तेनाली शहर में 38 वर्षीय गृहिणी एम मल्लिका ने कहा, एलपीजी धुआं रहित ईंधन है लेकिन फिर भी यह हमारे आंसू निकाल रहा है। उन्होंने कहा, तीन महीनों में एलपीजी के एक सिलेंडर कीमत बिना करों के 150 रुपए बढ़ी है, और कुल मिलाकर वृद्धि लगभग 160 रुपए हुई है। एक सिलेंडर अब 1,075 रुपए (आंध्र प्रदेश) में है। यह निश्चित रूप से एक भारी बोझ है। वैट जैसे स्थानीय करों के आधार पर ईंधन की कीमत विभिन्न राज्यों में अलग-अलग होती है। कीमतों में वृद्धि ने विशेष रूप से निम्न आय वर्ग जैसे घरेलू सहायिका, ड्राइवर, सुरक्षा गार्ड, दैनिक वेतन भोगी, सेल्समैन और वेटर को प्रभावित किया है, जो प्रति माह 10,000 से 15,000 रुपए तक कमाते हैं। उनकी कमाई का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा सिर्फ खाना पकाने में ही खर्च हो रहा है।

एसबीआई कर्मचारी और कोलकाता के गोलपार्क इलाके की निवासी नूपुर दासगुप्ता ने कहा, इन दिनों हमारे लिए रसोई गैस सिलेंडर का खर्च उठाना काफी मुश्किल है। हर महीने घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत बढ़ जाती है, जिससे हमारे घर के बजट को संतुलित करना और भी मुश्किल हो जाता है ... हम खाना पकाने के वैकल्पिक तरीकों की तलाश कर रहे हैं। कोलकाता के दमदम में एक गृहिणी स्वप्ना मुखर्जी ने कहा कि वह अपने खर्चों को काबू में रखने के लिए रसोई गैस के साथ ही मिट्टी के तेल का इस्तेमाल करने के बारे (शेष पेज 8)

# हिंद-प्रशांत क्षेत्र समृद्ध कर आबे को श्रद्धांजलि देंगे क्वॉड नेता

**भाषा।** न्यूयॉर्क, संयुक्त राष्ट

**जापान** के साथ क्वॉड समूह की स्थापना करने वाले देशों भारत, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका के नेताओं ने जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की हत्या पर शोक व्यक्त किया। क्वॉड के नेताओं ने कहा कि आबे ने समूह की स्थापना में रचनात्मक भूमिका निभाई और मुक्त एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने को लेकर अथक प्रयास किए।

आबे (67) को शुक्रवार को पश्चिमी जापान के नारा में प्रचार भाषण के दौरान पीछे से गोली मार दी गई थी। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी सांसें और दिल की धड़कनें नहीं चल रही थीं। बाद में अस्पताल में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। स्वास्थ्य कारणों से 2020 में पद छोड़ने से पहले आबे जापान के सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहे थे। शुक्रवार को व्हाइट हाउस की तरफ से जारी एक बयान में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, हम, ऑस्ट्रेलिया, भारत और अमेरिका के नेता जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की हत्या को लेकर स्तब्ध हैं। नेताओं ने आबे को जापान के लिए और तीनों देशों के साथ जापान के अलग-अलग संबंधों के लिए एक परिवर्तनकारी नेता करार दिया। नेताओं ने कहा, उन्होंने (आबे) क्वॉड समूह की स्थापना में भी एक रचनात्मक भूमिका निभाई और एक मुक्त एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने को लेकर अथक प्रयास किए। आबे चीन के बढ़ते प्रभाव और सैन्य ताकत का मुकाबला करने के उद्देश्य से बनाए गए क्वॉड समूह के वास्तुकारों में से एक थे। चार देशों ने 2017 में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के आक्रामक व्यवहार का मुकाबला करने के लिए क्वॉड की स्थापना करने के लंबे समय से लंबित प्रस्ताव को आकार दिया था। क्वॉड नेताओं ने एक शांतिपूर्ण व समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र की दिशा में अपने प्रयासों को दोगुना करके आबे की स्मृति का सम्मान करने का संकल्प लिया और कहा कि दुख की इस घड़ी में उनकी संवेदनाएं जापान के लोगों और प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के साथ हैं।

आबे की हत्या पर दुनिया भर के नेताओं ने शोक व्यक्त किया। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा कि वह आबे की जघन्य हत्या से बहुत दुखी हैं। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के प्रवक्ता द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि आबे को बहुपक्षवाद के रक्षक, सम्मानित नेता और संयुक्त राष्ट्र के समर्थक के रूप में याद किया जाएगा। बयान में कहा गया, महासचिव शांति (शेष पेज 8)



अस्पताल से उनके गृह नगर विशेष गाड़ी से रवाना होता शिंजो आबे का पार्थिव शरीर

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 10 जुलाई, 2022



# तैयारी में जुटा स्वास्थ्य विभाग, मेरठ रोड के अस्पताल रहेंगे अलर्ट

**कांवड़ यात्रा**

● गाजियाबाद के ही तीन लाख से अधिक कांवड़ियां होते हैं शामिल



**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

15 जुलाई के बाद से कांवड़ यात्रा शुरू हो जाएगी। दिल्ली-मेरठ रोड पर लाखों की संख्या में शिवभक्त कांवडियां गुजरते हैं, जिसमें अकेले गाजियाबाद के ही तीन लाख से अधिक कांवडियां शामिल होते हैं।

नोएडा, दिल्ली, फरीदाबाद, पलवल, पंजाब, हरियाणा राज्यों से भी लाखों की संख्या में कांवडियों का काफिला यहां से गुजरता है। कांवड़ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लगातार पुलिस और प्रशासन के अधिकारी तैयारियों में जुटे हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग भी यात्रा को लेकर तैयारियों में लग गया है। कोविड काल के चलते दो साल बाद कांवड़ यात्रा शुरू होगी, ऐसे में कांवडियों की संख्या और बढ़ने की सम्भावना है।

कांवडियों को यात्रा के दौरान कोई समस्या न हो इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा यात्रा मार्ग में सात स्थानों पर शिविर लगाए जाएंगे, हर कैंप में 24 घंटे मेडिकल टीम मौजूद रहेगी। कांवड़ मार्ग में पड़ने वाले सभी सरकारी व गैर सरकारी अस्पतालों में इलाज की पूरी व्यवस्था होगी, यह सभी अस्पताल 24 घंटे अलर्ट मोड में रहेंगे।

एसीएमओ डॉ नीरज अग्रवाल ने बताया कि हेल्थ शिविर मोदीनगर, मुरादनगर, लोनी, राज चौपला, गंग नहर, मेरठ तिराहा, टीला मोड़ पर लगाए जाएंगे। दूधेश्वरनाथ मंदिर और जस्सीपुरा मोड़ पर भी एक.एक मेडिकल टीम तैनात रहेगी।

## निगम की एनओसी के बिना नहीं लगेगा कांवड़ सेवा शिविर

**गाजियाबाद।** कांवड़ मेले में शिविर लगाने के लिए इस बार नगर ने अब तक 47 एनओसी जारी की है। यह एनओसी जोन के स्तर पर की गई है। जिन जोन से एनओसी जारी की गई है इनमें कविनगर, वसुंधरा, मोहननगर, विजयनगर, और सिटीजोन शामिल है। इस बार जिला प्रशासन की ओर से एनओसी के लिए अलग से प्लान तैयार किया गया है। अभी तक कांवड़ मेले में सेवा शिविर लगाने के लिए एनओसी केवल पुलिस, फायर ब्रिगेड और इलैक्ट्रिक सेफ्टी विभाग से चाहिए होती थी। मौजूदा प्रशासनिक अधिकारियों ने अब इसमें ईजाफा कर दिया। इस हिसाब से अब एनओसी छह विभागों से लेने के बाद ही जिला प्रशासन की ओर से कांवड़ सेवा शिविर लगाने के लिए एनओसी की मांग की गई है। इन विभागों में पुलिस, फायर ब्रिगेड, इलैक्ट्रिक सेफ्टी के अलावा, बिजली विभाग, नगर निगम और पुलिस चौकी जिस एरिया में कांवड़ सेवा शिविर लगाया जाएगा। प्रशासन ने नगर निगम से एनओसी लेने का चलन इस लिए शुरू किया कि कांवड़ मेले के शिविर में साफसफाई आदि की व्यवस्था हो सके। कांवड़ सेवा शिविर इस बार कितने लगेंगे यह तो जानकारी नहीं है। मगर माना जा रहा है कि अभी बड़ी संख्या में कांवड़ सेवा शिविर लगाने के लिए आवेदन आने की संभावना है। पिछले वर्षों की बात करे तो वर्ष 2019 में कांवड़ सेवा शिविर लगाने के लिए 118 लोगों ने एनओसी मांगी थी।

## एलआईसी अधिकारी के घर हुई लाखों की लूट का खुलासा

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के अंतर्गत वसुंधरा सेक्टर-15 में रहने वाले रिटायर्ड एलआईसी अधिकारी ललित जोशी को बंधक बनाकर उनके घर में 27 जून को लाखों की लूट करने वाले दो लुटेरों को एसएचओ थाना इंदिरापुरम देवपाल सिंह पुण्डीर की टीम ने गिरफ्तार कर लिया। इस सनसनीखेज वारदात के खुलासे के दौरान पुलिस ने श्री जोशी के घर से लूटे गये रुपए और जेवरात समेत लाखों का माल बरामद कर लिया। पुलिस के मुताबिक लुटेरों के नाम प्रतीक श्रीवास्तव व कबीर दुबे निवासी प्रहङ्लादगढ़ी हैं।

इस खुलासे के संदर्भ में एसपी सिटी द्वितीय ज्ञानेंद्र सिंह कहना है कि पूछताछ के दौरान दोनों लुटेरों ने बताया कि वे काफी समय से किराये का मकान तलाश रहे थे। इसी के चलते वे दोनों वारदात के दिन से पहले भी दो.तीन बार श्री जोशी के घर किराये के लिए मकान देखने के सिलसिले में गए थे।



बागपत में अमरनाथ में फंसे अपनों का हालचाल लेते परिजन।

## अमरनाथ में नोएडा के कई दर्शनार्थी फंसे

***नोएडा।*** *अमरनाथ गुफा के पास बादल फटने के बाद जो पानी का सैलाब आया उसमें गौतमद्ध नगर के दो दर्शनार्थी लापता बताए जा रहे हैं, जबकि यात्रा रोके जाने से कई सौ दर्शनार्थी जगह-जगह फंस गये हैं।*

*कई दर्शनार्थियों ने बालटाल और पंचतरणी में बने शिविरों में शरण ली है। जिसको को लेकर उनके परिवार वालों में चिंता और बेचैनी है। जिन परिवार के सदस्यों फोन से संपर्क हो गया है वे राहत महसूस कर रहे है। नोएडा के निठारी में रहने वाले प्रमोद शर्मा, सर्फाबाद के हरिओम, मोरना के अशोक शर्मा, गेटर नोएडा के लखनावली गांव के प्रेम शर्मा और चमन शर्मा ने फोन पर अपने कुशल होने की जानकारी परिवार वालों की दी तो परिवार वालों ने राहत की सांस ली। वहीं नोएडा के चौड़ा गांव की करतार शर्मा और विक्रम दर्शन कर लौट रहे थे, लेकिन दोनों अब लापता बताए जा रहे हैं।*

# गाजियाबाद में जीआईएस सर्वे के हिसाब से लगेगा हाउस टैक्स, नोटिस जारी

● कविनगर, सिटी, विजयनगर, मोहननगर और वसुंधरा जोन के लिए भेजी गई सूचना



**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में इस बार जीआईएस सर्वे के हिसाब से शहर के लोगों को हाउस टैक्स देना होगा। इसके लिए नगर निगम ने नोटिस वितरण की स्पीड को बढ़ा दिया है। नगर निगम ने करीब पांच लाख प्रॉपर्टी के सापेक्ष करीब एक लाख 85 हजार नोटिस का वितरण कर दिया है।

नगर निगम ने यह नोटिस कविनगर, सिटी, विजयनगर, मोहननगर और वसुंधरा जोन में वितरित किए है। अभी तक नगर निगम हाउस टैक्स के नोटिस नगर निगम पूराने पैटर्न पर देता था। इसी स्कीम के तहत लोगों को अपना हाउस टैक्स खुद तय करने का अधिकार है। प्रदेश सरकार ने हाल ही में एक जीआईएस सर्वे कराया है। जीआईएस सर्वे के हिसाब से एक प्राइवेट कंपनी की ओर से प्रॉपर्टी टैक्स का डेटा तैयार किया गया है।

## बकाया नहीं चुकाने पर बिल्डर का दफ्तर सील

**नोएडा।** तहसील प्रशासन की टीम ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित मेफेयर रेजीडेंसी बिल्डर के कार्यालय को सील कर दिया। उत्तर प्रदेश भूमि संपदा नियामक प्राधिकरण और ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण की देनदारी बिल्डर पर है।

एसडीएम दादरी आलोक गुप्ता ने बताया कि तहसील प्रशासन की टीम मेफेयर रेजीडेंसी सोसायटी पहुंची थी। टीम ने सोसायटी में स्थित बिल्डर के कार्यालय को सील कर दिया। साथ ही बकाया राशि जमा करने का नोटिस चस्पा किया गया है। मेफेयर रेजीडेंसी सोसायटी के निवासियों का आरोप है कि प्रशासनिक टीम के जाते ही बिल्डर प्रबंधन ने सील दरवाजे पर प्लाई बोर्ड लगा दिया।

# मेडिकल डिवाइस पार्क योजना में 176 कंपनियां आगे आईं

● यमुना प्राधिकरण की इस योजना में सात जुलाई तक करना था आवेदन

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



उत्तर भारत के पहले मेडिकल डिवाइस पार्क में अपनी इकाई लगाने के लिए 173 कंपनियों ने रुचि दिखाई है। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में विकसित होने वाले इस पार्क की योजना में कंपनियों ने आवेदन कर दिए हैं। समिति अब आवेदनों की जांच करेगी।

जांच के बाद 22 जुलाई को भूखंडों का आवंटन किया जाएगा। उत्तर भारत का पहला मेडिकल डिवाइस पार्क यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में 350 एकड़ में विकसित किया जाएगा। इसके लिए दो चरणों में योजना निकाली जाएगी। पहले चरण की योजना निकाल दी गई है और इसमें आवेदन की अंतिम तिथि भी खत्म हो गई है।

प्राधिकरण की योजना में 136 भूखंड हैं। ये भूखंड 1000 वर्ग मीटर से लेकर 4000 वर्ग मीटर तक के हैं। इसमें आवेदन करने की अंतिम तिथि 22 जून थी। बाद में इसकी तिथि बढ़ाई गई और इसकी अंतिम तिथि सात जुलाई कर दी गई। इस योजना में 173 कंपनियों ने आवेदन किया है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने इस योजना में आने वाली आने वाले आवेदनों की जांच के लिए एक समिति गठित की थी। इस समिति में उद्योग, वित्त, नियोजन व सलाहकार एजेंसी ईएंडवाई के प्रतिनिधि रहेंगे। अब यह समिति आवेदनों की जांच करेगी। जांच के बाद 22 जुलाई को इस योजना में आवंटन किया जाएगा।

मेडिकल डिवाइस पार्क में आने वाली कंपनियों को तमाम तरह की सुविधाएं दी जाएंगी।

### बिजली और पानी पर मिलेगी छूट

माल भाड़ा और एयर कार्गो में भी छूट मिलेगी। आधी दर पर बिजली दी जाएगी। इसके अलावा पानी के बिल में भी छूट मिलेगी। मेडिकल डिवाइस पार्क में आने वाली कंपनियों के लिए 13 फैसिलिटी सेंटर बनाए जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार



दिल्ली में प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेसी नेता।

### भाजपा नकली राष्ट्रवाद सामने आया: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** देश में एक के बाद एक हो रही घटनाओं में आतंकियों और अपराधियों के तार भाजपा से जुड़े मिले हैं। आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देने वाले आतंकवादियों के साथ भाजपा के पदाधिकारियों की संलिप्तता के बाद भाजपा का नकली राष्ट्रवाद सामने आ गया है। यह आरोप अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा ने लगाया है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आतंकवाद पर राजनीति के पक्ष में कभी नहीं रही है, परंतु आज देश जिन हालातों से गुजर रहा है उसे पूरा देश देख रहा है। उन्हांने कहा कि देश में बेरोजगारी, महंगाई, आर्थिक संकट जैसे ज्वलंत मुद्दों को छोड़ भाजपा अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए देश में हिंदू मुस्लिम संबधों को मुद्दा बनाकर राष्ट्रवाद के साथ खिलवाड़ कर रही है।

### एबीवीपी ने स्थापना दिवस पर छात्र महोत्सव

**गाजियाबाद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की गाजियाबाद महानगर शाखा ने अपने स्थापना दिवस पर छात्र महोत्सव का आयोजन किया। नेहरू नगर स्थित दुर्गावती हेमराज टाह विद्या मंदिर स्कूल में इस कार्यकम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय संगठन मंत्री मनोज निखरा, महानगर कोषाध्यक्ष संजीव गुप्ता, समाजसेवी राजू त्यागी ने संयुक्त रूप से किया। क्षेत्रीय संगठन मंत्री मनोज निखरा ने कहा कि छात्र देश का भविष्य हैं। स्कूली जीवन से ही छात्रों का चरित्र निर्माण किया जाना चाहिए, उन्हें देशभक्ति, अनुशासन, राष्ट्र निर्माण की सीख दी जाएगी तभी देश का बेहतर विकास हो सकता है। महानगर कोषाध्यक्ष संजीव गुप्ता ने कहा कि छात्र किसी भी देश की युवा शक्ति माने जाते हैं। यही युवा देश का भविष्य निर्धारित करते हैं। इस दौरान एबीवीपी के महानगर अध्यक्ष रवीश कुमार, महानगर मंत्री संदीप ठाकुर, लोकेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### सोसाइटी से थानों तक कुत्तों को लेकर झगड़े

**नोएडा।** गाजियाबाद-नोएडा की हाईराइज सोसाइटीज में पालतू और स्ट्रीट डॉग्स का आतंक बढ़ता जा रहा है। यहां रह रहे रेसिडेंट्स के लिए ये डॉग्स परेशानी बनते जा रहे हैं। जब भी रेसिडेंट्स या उनके बच्चे खेलने जाते तो, ये डॉग्स उन पर हमला कर देते या उन्हें काटने को दौड़ते हैं। हाल ही में हमने 2 केस ऐसे देखे जिसमें लोगों ने कुत्तों को झगड़े का कारण बताया। गौर हाउसिंग सोसाइटी में 6 जुलाई को जर्मन शेफर्ड डॉग ने स्कूटर स्केटिंग कर रहे बच्चे पर हमला कर दिया। हमले में वह बाल.बाल बचा। परिवार ने आपत्ति जताई तो डॉग मालिक ने अभद्रता कर दी।

### दूल्हे का चेहरा देख मंडप से भागी दुल्हन

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के एक गांव में आई एक बारात को बिना दुल्हन के ही लौटना पड़ गया। वहां के स्थानीय लोगों द्वारा पता चला है कि दुल्हन ने शादी करने से सिर्फ इसलिए इनकार कर दिया, क्योंकि दूल्हे का रंग काला था और उम्र में भी वह उससे काफी बड़ा था। दूसरी ओर दुल्हन ने यह भी आरोप लगाया है कि उसकी शादी तय करने से पहले उन्होंने जिस लड़के की तस्वीर दिखाई थी, यह वो दूल्हा नहीं था। जिसके कारण दुल्हन ने उससे शादी तोड़ दी। जिसके बाद से ही यह घटना पूरे इलाके में चर्चा का विषय बन गई है। यह घटना ग्रेटर नोएडा के एक गांव की है। उन्होंने कृतिका काल्पनिक नाम के मामा से बात की। जिसके बाद मामा ने रवि कुमार के बारे में उन्हें बताया था।

# भाई ने गहरी नींद से जगाया तो बहन ने चाकू मारा

● पीड़ित की शियकत पर मुकदमा दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। एक भाई को अपनी बहन को गहरी नींद में उठाना भारी पड़ गया। बहन ने अपने भाई के हाथ और सीने पर चाकू से वार किया है। इतना ही नहीं बाद में भाई ने अपनी बहन के खिलाफ सेक्टर-24 थाने में शिकायत दी और अपनी बहन के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है। जिसके बाद परिजन और पुलिस वाले दोनों भाई-बहन के बीच समझौता करवाने में लगे हुए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक नोएडा के सेक्टर-22 में 28 वर्षीय सौरव सक्सेना अपने पूरे परिवार के साथ रहते हैं। सौरव सक्सेना की वर्षीय 30 वर्षीय मोनिका सक्सेना से छोटी.मोटी बात पर लड़ाई होती रहती है। बीते 6 जुलाई को मोनिका सक्सेना शाम करीब 7;00 बजे सो रही थी। तभी सौरव सक्सेना से उसको गहरी नींद से उठा दिया। जिसके बाद मोनिका उठी और रसोई से चाकू लेकर आई।

सौरव कुछ समझ पाता उससे पहले ही मोनिका सक्सेना ने सौरव के सीने और हाथ में चाकू से वार कर दिया। शोर.शराबा सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों में बीच-बचाव करवाया। परिजनों ने सौरव को इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट करवाया। जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सौरव को छुट्टी देकर घर भेज दिया। घर आने के बाद सौरव ने अपनी बड़ी बहन मोनिका को मजा खाने के लिए उसके खिलाफ एक्शन लेने का फैसला लिया। घर आने के थोड़ी देर बाद सौरव सेक्टर.24 थाने पहुंचा और अपनी बहन के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा दी। जिसके बाद इस मामले की जानकारी सेक्टर-24 थाना पुलिस द्वारा उसके परिजनों को दी गई।

सूचना मिलने के बाद परिजन मौके पर पहुंचे और अपने बेटे सौरव को समझाने का प्रयास करने लगे कि भाई-बहन के बीच ऐसी छोटी-मोटी बातों में विवाद होता रहता है, लेकिन युवक किसी की सुनने को तैयार नहीं है।

इस मामले में एसीपी रजनीश वर्मा का कहना है कि युवक की ओर से उसकी बहन के खिलाफ शिकायत दी गई है। पुलिस ने युवक की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। हालांकि, पुलिस और परिवार वाले मिलकर दोनों भाई-बहन को समझाने का प्रयास कर रहे हैं।

## चेकिंग करने गई विद्युत टीम को घेरकर मारपीट

**गाजियाबाद।** नगर कोतवाली क्षेत्र में चेकिंग करने गई विद्युत टीम को घेरकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। कर्मचारी खुद को बचाकर जैसे.तैसे मौके से भागे और पुलिस में शिकायत दी।

अवर अभियंता की शिकायत पर केस दर्ज कर चार भाइयों के खिलाफ मारपीट, धमकी और सरकारी कार्य में बाधा डालने का केस दर्ज कर लिया गया है। अवर अभियंता विरेंद्र कुमार का कहना है कि बिजली कर्मचारी बालेश्वर प्रसाद, देवेंद्र, भूपेंद्र राणा, राहुल राणा, कपिल एवं सौरभ राणा के साथ कल्लूपुरा में बिजली चोरी की चेकिंग के लिए गए थे।

## यूट्यूबर गौरव तनेजा को पुलिस ने हिरासत में लिया

● धारा 144 का उल्लघंन करने का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा पुलिस ने मशहूर यूट्यूबर गौरव तनेजा को हिरासत में ले लिया है। दरअसल, जिले में धारा 144 लागू है। उसके बावजूद भी अपना जन्मदिन मनाने के लिए गौरव तनेजा नोएडा आया। जिसकी वजह से नोएडा की सड़कों पर भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। गौरव तनेजा के फैंस उसको बर्थडे नोएडा मेट्रो में बना रहे थे। इसलिए वह नोएडा आया। गौरव तनेजा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए कहा था कि वह नोएडा मेट्रो में अपना जन्मदिन मनाएगा। इसके बाद भारी तादाद में युवा मेट्रो स्टेशन के पास खड़े हो गए। भारी तादाद में संख्या इकट्ठा होते देख नोएडा पुलिस मौके पर पहुंची और धारा 144 का उल्लंघन करने के आरोप में गौरव तनेजा को हिरासत में ले लिया। गौरव तनेजा पायलट होने के साथ-साथ वीडियो यूट्यूब पर अपने चैनल पर अपलोड किये हुए है।

## कार्य में लापरवाही पर दो लाख का जुर्माना लगाया

**नोएडा।** ग्रेनो प्राधिकरण में 130 मीटर रोड के रखरखाव कार्य में लापरवाही करने पर दो फर्मों पर एक.एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। प्राधिकरण के महाप्रबंधक परियोजना एके अरोड़ा के निरीक्षण के दौरान खामियां उजागर हुईं।

130 मीटर रोड नोएडा-ग्रेनो वेस्ट और गाजियाबाद को ग्रेनो से जोड़ती है। ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस वे के लिए भी वाहनों का आवागमन होता है। प्राधिकरण के महाप्रबंधक परियोजना एके अरोड़ा ने वरिष्ठ प्रबंधक राजीव कुमार सहित अन्य अधिकारियों की टीम के साथ 130 मीटर रोड का मुआयना किया।

# मेरठ पहुंची नोएडा पुलिस, बाइक बोट घोटाले के आरोपी की कोठी कुर्क

● 700 करोड़ रुपये के मुख्य आरोपी संजय का दायां हाथ था ललित



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

अरबों रुपये के बाइक बोट घोटाले में आरोपी ललित कुमार की संपत्ति को पुलिस ने कुर्क कर लिया है। शनिवार को नोएडा पुलिस मेरठ पहुंची यहां गंगानगर के राधा गार्डन में ललित कुमार की आलीशान कोठी पर पुलिस ने कुर्की का एक्शन लिया।

गैंगस्टर कानून की धारा 14 एक के तहत पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मेरठ में ललित कुमार द्वारा अवैध रूप से अर्जित संपत्ति को कुर्क कर लिया है। ललित कुमार पर बाइक बोट घोटाला मामले में लोगों को ठगने और अवैध तरीके से संपत्ति बनाने का आरोप है। इस मकान की कीमत 2 करोड़ से अधिक बताई जा रही है।

बाइक बोट घोटाले में ललित कुमार 50 हजार रुपए का इनामी आरोपी है। जिसे अक्तूबर 2020 में आर्थिक अपराध शाखा ईओडब्ल्यू ने एसटीएफ की मदद से ग्रेटर नोएडा में शिव नाडर विश्वविद्यालय के करीब से गिरफ्तार किया गया था। तब ईओडब्ल्यू के डीजी आरपी सिंह ने बताया था कि ललित कुमार फरवरी में मेरठ, नोएडा, दिल्ली व बुलंदशहर में छिप कर काम कर रहा था। फिलहाल बदायूं जेल में सजा काट रहा है। ललित कुमार ने 2018 में जानबूझ कर अपने नाम से 32 बाइक खरीदीं। इन 32 बाइकों पर उसे हर महीने 3.12 लाख रिटर्न मिलता था। इसके बाद ललित ने संजय भाटी के साथ मिलकर आपराधिक षड्यंत्र कर 3 करोड़ रुपये के टारगेट से पैसा कमाना शुरू कर दिया। इसके लिए एक फार्च्यूनर गाड़ी खरीदी गई।

जिससे आम लोगों में यह भ्रम फैल गया कि इस प्रकार वे भी पैसा कमा सकते हैं। बता दें 2018 में बाइक बोट योजना के तहत बाइक टैक्सी शुरू की गई थी, जिसके लिए लोगों से निवेश कराया गया था।

यह घोटाला 42 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का है। निवेश करने वाले लोगों का आरोप है कि उन्हें पैसे नहीं दिए गए। इसका मुख्य आरोपी संजय भाटी है। घोटाले में अब तक 26 के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की जा चुकी है।

# फीस में छूट के नाम पर लूट का आरोप, अभिभावक का कड़ा विरोध

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

रेयान इंटरनेशनल स्कूल द्वारा एडमिशन एवं टयूशन फीस में छूट के नाम पर लूट करने का आरोप लगाकर स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों ने डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया।

अभिभावकों ने करप्शन फ्री इंडिया संगठन के बैनर तले जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच कर मुख्यमंत्री एवं जिलाधिकारी को संबोधित पत्र एडीएम उमेशचंद्र निगम को सौंप कर तत्काल जांच की मांग कर दोषियों को जेल भेजने की मांग की। करप्शन फ्री इंडिया संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के बीटा.1 सेक्टर में स्थित रेयान इंटरनेशनल स्कूल के द्वारा दाखिले एवं मासिक फीस में 50 प्रतिशत छूट के नाम पर बच्चों के अभिभावकों के साथ वादा कर दाखिले कर लिए लेकिन बाद में 95 प्रतिशत फीस बढ़ाकर अभिभावकों के ऊपर आर्थिक बोझ डाल दिया।

जब अभिभावक अपने बच्चों का दाखिला कराने रेयान इंटरनेशनल स्कूल में गए तो वहां की प्रधानाचार्य सुधा सिंह एवं स्कूल सलाहकार अनु ने कहा कि अभिभावक बीटा 1 स्थित सेंट मार्टिन स्कूल एवं मनोरंजन नर्सरी स्कूल की प्रधानाचार्य रुचि भटनागर के पास से एक सर्टिफिकेट जारी कराकर लाएं आपकी फीस 50 प्रतिशत कम कर दी जाएगी।

# अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसों में 4 की मौत

● मृतकों में कश्मीरी और नेपाली युवक शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्ध नगर जिले में अलग.अलग स्थानों पर कई हादसे हुए हैं। इन हादसों में एक नेपाल और कश्मीर का युवक भी शामिल है। पुलिस ने हादसे का शिकार हुए युवकों का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं। इनके परिजनों को पुलिस में सूचना दे दी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पहला मामला में पुलिस मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि थाना फेस-वन क्षेत्र के हरौला गांव के पास बीती रात को एक चालक तेज रफ्तार वाहन चला रहा था। इसी दौरान नेपाल देश के रहने वाले रिम बहादुर पांडे को टक्कर मार दी।




मौके पर मौजूद लोगों ने बहादुर पांडे को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। दूसरा मामला में मीडिया प्रभारी ने बताया कि थाना सेक्टर-126 क्षेत्र में बृहस्पतिवार की शाम को सत्यम कुमार झा पुत्र संजय कुमार झा निवासी सेक्टर.45 मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहे थेए तभी एक अज्ञात वाहन चालक ने उन्हें टक्कर मार दिया। उन्होंने बताया कि इस घटना में वह अत्यंत गंभीर रूप से घायल हो गए।

उन्हें उपचार के लिए नोएडा के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। इस घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। तीसरा मामला में पंकज कुमार ने बताया कि थाना सूरजपुर क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में जाहिद इकबाल बुरी तरह घायल हो गया। जिससे घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां उसकी मृत्यु हो गई। मृतक मूल रूप से कश्मीर का रहने वाला था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस ने बताया कि सूरजपुर थाना क्षेत्र में बेहोशी की हालत में एक युवक गिरा पड़ा था।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक, आशंका है कि उसकी मौत सड़क दुर्घटना के चलते हुई है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# राजधानी में एक समान होगा टैक्स

## फैक्ट्री, हाउसहोल्ड लाइसेंस व उनके नवीनीकरण की दरों में एकरूपता लाने के लिए लाइसेंस प्राप्ति के लिए नई दरें लागू



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

निगमों के एकीकरण के बाद दिल्ली नगर निगम ने विभिन्न करों को एक समान कर दिया है। एमसीडी ने ने फैक्ट्री लाइसेंस लेन व नवीनीकरण की दरों में एकरूपता लाने के लिए एक समान दरें लागू की है। फैक्ट्रीय लाइसेंस की नई दरें 5 जुलाई 2022 से लागू हो गयी है। मालिकों को अब से नई दरों के अनुसार ही शुल्क जमा कर लाइसेंस प्राप्त व नवीनीकरण करना होगा। इस नई व्यवस्था के लागू होने के बाद , हर तीन वर्षों के बाद फैक्ट्री लाइसेंस की फीस में स्वत: 15 फीसदी की वृद्धि हो जाएगी।

दिल्ली नगर निगम के अनुसार, कन्फर्मिंग क्षेत्र व लोकल कमर्शियल में नए फैक्ट्री लाइसेंस लेने के लिए पंजीकरण शुल्क (एक मुश्त) व लाइसेंस शुल्क (एक मुश्त), फैक्ट्री के पावर लोड (हॉर्सपावर )के अनुसार श्रेणी व फीस तय की गई है। जिसमें न्यूनतम शुल्क 2000 रुपए से लेकर अधिकतम 5 हजार रुपए तक है तथा एप्लीकेशन व प्रोसेसिंग फीस स 1000 रुपये हैं। फैक्ट्री लाइसेंस के नवीनीकरण की एप्लिकेशन व प्रोसेसिंग फीस 1000 रुपये है।

हाउस होल्ड फैक्ट्रियों के लिए भी पावर लोड (हॉर्सपावर )के अनुसार श्रेणी व शुल्क तय की गई है। जिसके अनुसार पंजीकरण शुल्क (वन टाइम) न्यूनतम 2000 रुपये और अधिकतम 4000 रुपये है। सभी श्रेणियों में आवेदन व प्रोसेसिंग फीस 1000 रुपये है तथा पहले साल में 1000, दूसरे वर्ष में 2000 रुपये व तीसरे वर्ष में 3000 रुपये हो जाएगी। हाउस होल्ड फैक्ट्री लाइसेन्स के नवीनीकरण की सभी श्रेणियों में एप्लीकेशन व प्रोसेसिंग फीस 1000 रुपये है। प्रथम वर्ष में 1000, दूसरे वर्ष में 2000 रुपये व तीसरे वर्ष में 3000 रुपये हो जाएगी।

लाइसेंस समाप्ति की तिथि से 30 दिनों के भीतर बिना किसी जुर्माने के लाइसेंस नवीनीकरण किया जा सकता है और उसके बाद 5 फीसदी प्रति माह और वर्ष के अंत में दोगुना या समय-समय पर निर्धारित जुर्माने की दर के अनुसार जुर्माना लगाया जाएगा।

## लैंडफिल साइट से कोई भी मुफ्त उठा सकता है मिट्टी

**● ओखला लैंडफिल पर अनुराग सक्सेना, भलस्वा पर सुनील डावर और गाजीपुर लैंडफिल पर मूला सिंह से कर सकते हैं संपर्क**

नई दिल्ली। लैंडफिल साइट पर कूड़े के निस्तारण से निकल रही इनर्ट (कूड़े से निकली मिट्टी) को लोग मुफ्त में घरेलू व निजी उपयोग के लिए ले सकते हैं। दिल्ली नगर निगम ने कहा कि लोगों को खुद ही मिट्टी ले जाने की व्यवस्था करनी होगी। इसका मकसद लैंडफिल साइटों प र कूड़े के पहाड़ कोा समयबद्ध तरीके से खत्म करना है। दिल्ली नगर निगम के अनुसार, तीनों लैंडफिल साइटों पर ट्रॉमल मशीनों की सहायता से बायोमाइनिंग की जा रही है। बायोमाइनिंग के बाद निकलने वाली इनर्ट मिट्टी को उठाने के लिए निगम ने निर्णय लिया है। इनर्ट मिट्टी पारंपरिक मिट्टी का विकल्प है तथा इसका इस्तेमाल मिट्टी की जगह सड़क के तल से नीचे कि जगह को सुधारने के लिए किया जा सकता है। कि यह इनर्ट मिट्टी नागरिकों, भूमि स्वामित्व एजेंसियों, ठेकेदारों को मुफ्त में उपलब्ध कराई जाए। लैंडफिल साइट से निकलने वाली मिट्टी को उठाने के लिए प्रबंध नागरिकों, एजेंसियों को अपने स्तर पर करने होंगे।

## यमुना नदी में डूबे एक और लड़के का मिला शव

**नई दिल्ली।** बुराड़ी में यमुना नदी में डूबे एक और किशोर का शव शनिवार को बाहर निकाला गया। मरने वाले लड़के की पहचान गाजियाबाद के लोनी निवासी समीर के रूप में हुई है। समीर उन चार लड़कों के समूह में शामिल था, जो बृहस्पतिवार को यमुना नदी में नहाने के लिए दिल्ली आए थे। जल स्तर बढ़ने के कारण समीर और उसके तीन दोस्त कथित तौर पर नदी में डूब गए थे।

पुलिस उपायुक्त ने कहा, खोज और बचाव अभियान के दौरान शनिवार को चौथे लापता किशोर समीर का शव भी बरामद किया गया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा रहा है। समीर, वसीम, कमल और इलियास उत्तर प्रदेश के लोनी से सोनिया पुश्ता में नदी में नहाने आए थे। इलियास के चाचा मोहम्मद नासिर ने कहा कि उन्हें पता चला है कि उनका भतीजा और अन्य डूब गए, क्योंकि जब वे नदी में नहा रहे थे तभी नदी में पानी का स्तर बढ़ गया था।

# सभी विभाग प्रमुख करेंगे लोगों की शिकायतों का समाधान

**● सरकार ने लंबित जन शिकायतों का समयबद्ध तरीके से हल करने के दिया निर्देश**



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केजरीवाल सरकार ने सुशासन की नीति को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से सभी विभागों के प्रमुखों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि लंबित जन शिकायतों का समयबद्ध तरीके से समाधान कर ऐसी शिकायतों को कम करें।

अधिकारियों के मुताबिक हाल ही में दिल्ली के मुख्य सचिव सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में लंबित जन शिकायतों के निवारण तंत्र की साप्ताहिक समीक्षा की आवश्यकता को रेखांकित किया गया था। दिल्ली सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, नियमित अवधि पर की जाने वाली यह समीक्षा सुनिश्चित करेगी कि केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस) तथा लोक शिकायत निगरानी प्रणाली (पीजीएमएस) के माध्यम से लंबित शिकायतों का समयबद्ध तरीके से समाधान किया जाए। प्रशासनिक सुधार विभाग को पीजीएमएस और सीपीजी आरएएमएस प्लेटफॉर्म पर अलग-अलग विभागों में लंबित शिकायतों की जानकारी संकलित करने का दायित्व दिया गया है।

प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा जारी एक परिपत्र में कहा गया है कि यह जानकारी हर पखवाड़े ई-समीक्षा पोर्टल पर मुख्य सचिव के कार्यालय को अवलोकन और आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रदान की जानी है।

# एमसीडी चुनाव से भाजपा का भागने का नया तरीका: आप

**● परिसीमन समिति को नहीं बताया कि कितने वार्ड बनाने हैं : केजरीवाल**



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भाजपा ने एमसीडी चुनाव से भागने का एक और नया तरीका अपनाया है। परिसीमन समिति को नहीं बताया कि कितने वार्ड बनाने हैं।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उन्हें खुशी है कि केंद्र सरकार ने एमसीडी के वार्ड परिसीमन के लिए कमिटी का गठन कर दिया, लेकिन कितने वार्ड होंगे, इसका कोई आदेश नहीं किया तो फिर ये कमिटी काम कैसे करेगी। आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केंद्र सरकार ने 3 सदस्यीय परिसीमन कमेटी बनाई है लेकिन परसीमन का आदेश सौ फीसदी खोखला है क्योंकि परिसीमन समिति इस निर्णय के बिना कि कितने वार्ड बनाने हैं अपना काम खत्म करना तो बहुत दूर की बात है, अपना काम शुरू भी नहीं कर सकती है। क्योंकि दिल्ली नगर निगम एक्ट के सेक्शन 5 सबसेक्शन 6 में स्पष्ट अक्षरों में कहता है कितने वार्ड बनने हैं, कितनी सीटों में परिसीमन होना है, इस पर निर्णय केंद्र सरकार लेगी। जब इस निर्णय के बिना यह परिसीमन समिति बना दी जाती है तो यह समझ में आता है कि यह एक खोखला आदेश है।

## बीजेपी ने परिसीमन का किया स्वागत



**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के चुनावों को लेकर केन्द्र सरकार ने बड़ी पहल की है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने शनिवार को अधिसूचना जारी कर निगम के एकीकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए निगम वार्डों के परिसीमन के लिए कमिटी गठित किया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने गृह मंत्रालय के इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि निगम को सशक्त और बेहतरी के लिए केंद्र सरकार द्वारा लिए गए इस फैसले के बाद जब निगम एक होगा तो इसका फायदा दिल्ली वालों को होगा और एक बेहतर दिल्ली मिलेगी। साथ ही एकीकरण के बाद निगम और मजबूती के साथ अपने कामों को करेगा।

# यमुना खादर इलाके में पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश ढेर



**● मृतक की पहचान करतार नगर निवासी आकाश उर्फ इल्लू के रूप में हुई**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उत्तर पूर्वी दिल्ली के यमुना खादर इलाके में पुलिस के साथ मुठभेड़ में 23 वर्षीय एक युवक मारा गया और उसके तीन साथियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान आकाश उर्फ इल्लू के रूप में की गई है, जो करतार नगर का निवासी था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि, शुक्रवार को रात साढ़े आठ बजे, पुलिस ने एक घायल व्यक्ति को देखा जो खादर क्षेत्र से आ रहा था। बाद में उस व्यक्ति की पहचान तुषार के रूप में की गई। उसने पुलिस को बताया कि पांच से छह लोगों ने उस पर हमला किया और उसका मोबाइल फोन छीन लिया। पुलिस ने कहा कि व्यक्ति गंभीर रूप से घायल था इसलिए उसे अस्पताल भेज दिया गया।

अधिकारी ने कहा कि पुलिस संदिग्धों की तलाश में उस इलाके में गई और घने जंगल में पहुंच गई। सात से आठ संदिग्ध लोगों को देखकर पुलिस ने उनसे बाहर आने को कहा, लेकिन उन लोगों ने पुलिस पर गोलीबारी शुरू कर दी। अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने उनसे फिर समर्पण करने को कहा, लेकिन उन्होंने पुनः गोली चलाई। पुलिस उपायुक्त (उत्तर पूर्व) संजय कुमार सैन ने बताया कि जवाबी फायरिंग में एक संदिग्ध को गोली लगी और वह गिर पड़ा तथा अन्य लोग भाग गए। घायल की पहचान आकाश के रूप में की गई, जिसे बाद में लोक नायक जयप्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल में रेफर कर दिया गया।

सैन ने कहा कि उपचार के दौरान आकाश की मौत हो गई। डीसीपी ने कहा कि मौके पर से एक पिस्तौल, दो खोखे बरामद किए गए हैं। आकाश लूटपाट समेत सात आपराधिक मामलों में शामिल था। अधिकारी ने कहा कि उसे न्यू उस्मानपुर पुलिस थाने के एक मामले में छह जून को जमानत मिली थी।

पुलिस ने बाद में बताया कि आकाश के तीन साथियों को भी यमुना खादर इलाके से पकड़ा गया, जिनकी पहचान विशाल, मोनू और निखिल के रूप में की गई है। आरोपियों के पास से आठ मोबाइल फोन, एक देसी पिस्तौल, दो कारतूस और एक चाकू बरामद किया गया है।

# ईद उल अज़हा आज, देर रात तक लगी बकरों की मंडी

**● अल्लाह व मोहम्मद लिखे तीन बकरों की कीमत लाखों में**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मीना बाजार में बकरीद से पहले बिक्री के लिए लाए गए सैकड़ों बकरों में से तीन बकरे ऐसे हैं, जिन पर सभी का ध्यान गया। इन तीन बकरों पर बाकायदा कीमत का टैग लगा है और इनकी कीमत लाखों रुपए है।

अनोखे बकरों के मालिकों ने दावा किया कि इन पर पाक शब्द अल्लाह और मोहम्मद की इबारत है।



मीना बाजार में लगी बकरों की मंडी। फोटो: रंजन डिमरी

फूलों की माला पहने और महंगे कपड़ों से सजे-धजे इन बकरों ने बाजार में आते ही सभी का ध्यान आकर्षित किया है। दो बकरों की उम्र एक-एक साल है जबकि तीसरा बकरा दो साल का है। दो साल की उम्र वाले बकरे के मालिक गुड्डू खान ने इसकी कीमत 30 लाख रुपए तय की है। बहरहाल, उनका दावा है कि यह बकरा अनमोल है।

बुलंदशहर से आए गुड्डू ने कहा, ये अनोखे बकरे हैं, जो और कहीं नजर नहीं आएंगे। वे अनमोल हैं। इन बकरों पर पाक शब्द अल्लाह और मोहम्मद की इबारत है। अन्य दो बकरे गुड्डू के भाई और भतीजे के हैं, जिन्होंने प्रत्येक की कीमत 15 लाख रुपए तय की है। गुड्डू के भतीजे अकिल खान ने कहा, उन्होंने उसे एक साल से अधिक समय तक पाला। उन्हें यकीन है कि इसके लिए 15 लाख रुपए मिल जाएंगे। उन्हें अच्छी तरह से खिलाया-पिलाया।

वे विशेष हैं, क्योंकि उन पर अल्लाह का नाम लिखा है। तीनों व्यापारियों ने कहा कि बकरों की बिक्री होने की उम्मीद है। अकिल ने बताया कि पिछले साल भी उसने 12 लाख में एक बकरा बेचा था मैं इन्हें शाम तक बेच दूंगा। कल भी यहां एक बकरा 35 लाख में बिका था।

## एबीवीपी ने राष्ट्रीय छात्र दिवस मनाया

**नई दिल्ली।** विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दिल्ली ने शनिवार को 74वाँ स्थापना दिवस के साथ राष्ट्रीय छात्र दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर पूरे प्रांत के विभिन्न इकाईयों ने अलग अलग स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण किया गया। इसके अलावा दिल्ली के यमुना विहार के श्याम लाल कॉलेज में साइकिल रैली में उत्तर क्षेत्र के क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री आनंद श्रीवास्तव मौजूद रहे। खालसा कॉलेज में पेंटिंग प्रतियोगिता, जेएनयू में सफाई अभियान, बैडमिन्टन कम्पटीशन व संगोष्ठी जैसे कार्यक्रम आयोजित किये गए।

# हिंदू संगठनों ने जंतर-मंतर पर निकाला संकल्प मार्च

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



हिंदू संगठनों ने समुदाय पर हो रहे हमलों के खिलाफ शनिवार को संकल्प मार्च निकाला, जिसमें शामिल लोगों ने तिरंगा लहराते हुए जय श्री राम के नारे लगाए। संकल्प मार्च मंडी हाउस इलाके से शुरू होकर जंतर-मंतर पर खत्म हुआ। इस मार्च में भारतीय जनता पार्टी के नेता तजिंदर पाल सिंह बग्गा और कपिल मिश्रा ने भी हिस्सा लिया।

उत्तरी दिल्ली के पूर्व महापौर अवतार सिंह ने कहा, इस संकल्प मार्च के लिए आज कई हिंदू समूह सड़कों पर हैं। हम यहां हिंदुओं पर हमलों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए एकत्रित हुए हैं। उन्हें इस तरह से निशाना नहीं बनाया जा सकता। हमें निशाना बनाने वालों को हम छोड़ेंगे नहीं। मार्च के कारण मध्य दिल्ली में कई सड़कों को अस्थाई रूप से बंद कर दिया गया।

यातायात पुलिस ने ट्विटर पर लोगों को सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे के बीच सिकंदरा रोड, बाराखंभा रोड, कॉपरनिकस मार्ग, फिरोज शाह रोड, भगवान दास रोड, कस्तूरबा गांधी मार्ग, टॉलस्टॉय मार्ग, संसद मार्ग, कनॉट प्लेस, पटेल चौक और जनपथ की तरफ जाने से बचने की सलाह दी।

## संक्षिप्त समाचार



शिविर में शिकायत का निवारण करते कर्मचारी।

### एनडीसीसी शिकायत निवारण शिविर का आयोजन

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद ने शनिवार को अपने क्षेत्र के निवासियों और सेवा उपयोगकर्ताओं को सूचना, सुविधा और शिकायत निवारण प्रदान करने के लिए एनडीसीसी कन्वेन्शन सेंटर, नई दिल्ली में एक सुविधा शिविर का आयोजन किया। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के संबंधित अधिकारियों ने शिविर में जनता से 72 शिकायतें प्राप्त की। निवासियों की अधिकांश शिकायतें कार्मिक, सिविल इंजीनियरिंग, बागवानी, सार्वजनिक स्वास्थ्य, प्रवर्तन, वाणिज्यिक, कर और संपदा विभागों से संबंधित हैं। इसके अलावा सैकड़ों स्थानीय निवासियों और सेवा उपयोगकर्ताओं ने नागरिक सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए सुविधा शिविर का दौरा किया। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद हर महीने के दूसरे शनिवार को एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर, जय सिंह रोड पर और हर महीने के चौथे शनिवार को किसी एक आरडब्ल्यूए केंद्रों पर जनता की शिकायतों के त्वरित निवारण के लिए सुविधा शिविर का आयोजन लगातार कर रही है।

### कोविड-19 के 544 नए मामले सामने आए

**नई दिल्ली।** पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के 544 नए मामले आए और संक्रमण से दो और मरीजों की मौत हो गई। वहीं, महाराष्ट्र में एक दिन में कोविड-19 के 2760 नए मामले आए और पांच लोगों की मौत हो गई। दोनों राज्यों के स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोरोना संक्रमण को लेकर जानकारी दी गई। दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग के अनुसार लगातार तीसरे दिन दिल्ली में 500 से 600 के बीच संक्रमण के मामले आए हैं। राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को 531 मामले आए थे और तीन लोगों की मौत हुई थी। स्वास्थ्य विभाग के बुलेटिन के मुताबिक नए मामलों के साथ संक्रमितों की संख्या 19,40,302 और मृतकों की संख्या 26,282 हो गई है। पिछले दिन 16,158 नमूनों की जांच की गई।

# 'प्रेमिका इंतजार कर रही है, कुत्ता लाइसेंस खा गया'

## दिल्ली यातायात पुलिस के जुर्माने से बचने के लिए चालक बनाते हैं अनूठे बहाने

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी में यातायात संबंधी नियमों का उल्लंघन करने वाले लोग जुर्माने और अन्य दंडात्मक कार्रवाई से बचने के लिए कुछ अनूठे बहाने बनाते हैं जैसे कि कुत्ते ने मेरा ड्राइविंग लाइसेंस खा लिया , गर्भवती होने के कारण मैं सीट बेल्ट नहीं लगा सकती और प्रेमिका इंतजार कर रही है आदि।

दिल्ली पुलिस के एक ट्वीट के जवाब में लोगों की यह राय सामने आई है। सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने वाले कई लोगों का मानना है कि यातायात पुलिस को यह बताना कि उन्होंने पहली बार यह अपराध किया है, इससे वे जुर्माने से बच जाते हैं। दरअसल, दिल्ली पुलिस ने एक ट्वीट कर लोगों से पूछा था कि वे यातायात संबंधी नियमों का उल्लंघन करने पर किस तरह के बहाने बनाकर जुर्माने से बचने की कोशिश करते हैं। दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को ट्वीट किया, नियमों का उल्लंघन करने के बाद आपने जुर्माने से बचने के लिए यातायात पुलिस के सामने सबसे अनूठे बहाने क्या दिए हैं। इस ट्वीट के जवाब में सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने प्रफुल्लित करने वाले, मजाकिया, कल्पनाशील से लेकर सांसारिक बहानों के बारे में बताया। एक व्यक्ति ने लिखा, सर, मेरी प्रेमिका इंतजार कर रही है। जाने दीजिए वरना ब्रेकअप हो जाएगा और यह तरीका हर बार कामयाब हो जाता है। एक अन्य व्यक्ति ने ट्विटर पर लिखा, सर। पहली बार है...छोड़ दो...पक्का अगली बार ऐसा नहीं होगा। सौरभ श्यामल नामक एक अन्य व्यक्ति ने लिखा, एक दिन हेलमेट न पहनने पर पकड़े जाने पर मैंने कहा सर, हम छात्र हैं और हमारे पास पैसे नहीं हैं। एक महिला ने लिखा, गर्भवती हूं सीट बेल्ट नहीं पहन सकती।

एक सोशल मीडिया उपयोगकर्ता ने लिखा, अपने दोस्त का बहाना बता रहा हूं। सर बीवी का अफेयर चल रहा है किसी के साथ, हौज खास में बैठी है अभी उसी के साथ। इस तरह लोगों ने अलग-अलग बहानों के बारे में बताया। यातायात पुलिस के एक अधिकारी से जब इन बहानों के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि नियमों का उल्लंघन करते हुए पकड़े जाने पर आम तौर पर लोग परिवार से संबंधित बहाने बनाते हैं।

# 150 बिस्तरों वाला कैलाश दीपक अस्पताल शुरू

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



शनिवार को पूर्वी दिल्ली कड़कड़डूमा क्षेत्र में कैलाश दीपक अस्पताल का शुभारंभ किया गया। दीपक मेमोरियल फाउंडेशन व कैलाश अस्पताल समूह द्वारा संचालित इस अस्पताल के उद्घाटन समारोह के अवसर पर भाजपा के पूर्व केंद्रीय मंत्री और गौतमबुद्ध नगर संसद डॉ. महेश शर्मा सहित भाजपा के तमाम कद्दावर नेता पहुंचे। इस मौके पर कैलाश अस्पताल समूह के संस्थापक डॉ महेश शर्मा ने कहा कि वे अपनी विशेषताओं के साथ पूर्ण क्षमताओं से कंधे से कंधा मिलाकर इस अस्पताल को दिल्ली का सर्वश्रेष्ठ अस्पताल बनाने की कोशिश करेंगे।

डॉ शर्मा ने दीपक मेमोरियल फाउंडेशन के अध्यक्ष एसएस गर्ग आभार जताते हुए कहा कि हम कृतज्ञ है कि उन्होंने अपना नाम हमारे नाम से जोड़ने की अनुमति देकर इस सहभागिता की प्रमाणिकता को साकार रूप प्रदान किया है। वहीं दीपक मेमोरियल फाउंडेशन के अध्यक्ष एसएस गर्ग द्वारा जानकारी दी गई कि फाउंडेशन एक नवीनतम एवं अत्याधुनिक स्वरूप के साथ विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित सुपर मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल ईस्ट दिल्ली को विनम्रता पूर्वक समर्पित करता है। प्रथम चरण में 150 बिस्तर से प्रारंभ कर भविष्य में आवश्यकता अनुसार 520 करोड़ तक विस्तार किया जा सकता है।

मौके पर डॉक्टर कार्तिक ने बताया कि अस्पताल में अत्याधुनिक उपकरण जैसे एम आर आई, सिटी स्कैन आदि तमाम अत्याधुनिक सुविधाओं सहित 40 बिस्तर की आईसीयू 8 मॉड्यूलर ओटी एवं लैबोरेट्री के साथ साथ होम सैंपल कलेक्शन दवाइयों की होम डिलिवरी एवं मेडिकल सुविधाओं की घर पर ही उपलब्धता भी इस अस्पताल द्वारा कराई जाएगी। अस्पताल में रोबोटिक सर्जरी, ऑर्गन ट्रांसप्लांट एवं ऑंकोलॉजी कैंसर का इलाज जैसी स्पेशलिटी भी शीघ्र ही प्रारंभ की जाएगी।

# भाजयुमो ने सदर बाजार में ग्राहकों को बांटे कपड़े के थैले


सदर बाजार में कपड़े के थैले बांटते भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल।

## प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल ने लोगों को थैले बांटकर सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रति किया जागरुक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सिंगल** यूज प्लास्टिक मुक्त गुरुग्राम की मुहिम को लेकर शनिवार को यहां सदर बाजार में अनोखा का देखने को मिला। भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल ने बाजार के व्यापारियों के साथ मिलकर यहां ना केवल जागरुकता अभियान चलाया, बल्कि लोगों को कपड़े के 1150 थैले भी वितरित किए। जो महिलाएं या अन्य ग्राहक प्लास्टिक के थैलों में सामान डाले हुए थे, उनके सामान कपड़े के थैलों में डालकर दिया और प्लास्टिक का सामान उन्हें उपयोग ना करने की सलाह दी।

शनिवार को काफी समय तक यहां गगन गोयल बाजार के व्यापारियों, दुकानदारों के साथ बाजार में घूमते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक, प्लास्टिक के थैलों, थैलियों का उपयोग ना करने के प्रति लोगों को जागरुक करते रहे। उन्होंने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक ना केवल हमारी नालियों, सीवरेज को जाम करता है, बल्कि इसे जलाने पर पर्यावरण खराब होता है। कैंसर जैसी बीमारियां इस प्लास्टिक के माध्यम से इंसान में आ रही हैं। इन सब समस्याओं से बचने के लिए और अपना पर्यावरण साफ रखने के लिए हमें कपड़े के ही थैले उपयोग करने हैं। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति एक-दूसरे को भी इस बारे में जागरुक कर सकता है। अपनी कालोनियों, आस-पड़ोस के लोगों को हम सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने से आग्रहपूर्वक मना सकते हैं।

समाज के अग्रणी लोगों को सरकार के इस अभियान को कामयाब बनाना है। गगन गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह अच्छा कदम है। हरियाणा में इसे अच्छे परिणाम आएंगे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण में सुधार के लिए पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल भी लगातार काम कर रहे हैं। इस अवसर पर मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमैन रोशन लाल मंगला, डोना पत्तल एसोसिएशन से धीरज कुमार प्रधान, सतीश सलूजा उप-प्रधान, महासचिव ललित कथूरिया, अरुण सिंगला, ओमप्रकाश, मुकेश कुमार सक्सेना, प्रमोद डुडेजा, निखिल भूटानी आदि मौजूद रहे।

# पर्यावरण स्वच्छता: नवीन ने जागरुकता को धनखड़ से ब्रोशर लान्च कराया

## गुरुग्राम को टॉप-10 शहरों में लाने के लिए जमीनी स्तर पर उनके प्रयास हैं सराहनीय

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


पर्यावरण स्वच्छता के प्रति जागरुकता को लेकर ब्रोशर जारी करते बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ व नवीन गोयल।

**संकल्प** हमारा-बेहतर गुरुग्राम। इसी उद्देश्य को लेकर काम कर रहे हैं, पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल। स्वच्छता के मामले में गुरुग्राम को टॉप-10 शहरों में लाने के लिए जमीनी स्तर पर उनके प्रयास सराहनीय हैं। लोगों को स्वच्छता के प्रति अधिक जागरुक करने के लिए उन्होंने भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ से एक ब्रोशर लॉन्च करवाया। पौधे उपलब्ध कराने को 9587878987 व 9355092809 दो नंबर भी जारी किए।

प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ द्वारा पर्यावरण में सुधार और स्वच्छता के प्रति किए जा रहे कार्यों पर संतुष्टि जाहिर की गई। श्रीधनखड़ ने ब्रोशर लॉन्च करते हुए कहा कि पर्यावरण और स्वच्छता विषय पर नवीन गोयल पूरी जिम्मेदारी के साथ काम कर रहे हैं। पूरे हरियाणा में उनके द्वारा किए जा रहे कार्य नजर भी आ रहे हैं। इस अवसर पर नवीन गोयल ने कहा कि गुरुग्राम को स्वच्छता के मामले में देश के टॉप-10 शहरों में लाने का संकल्प लिया है। इस संकल्प को जल्द ही पूरा करने के लिए वे पूरी टीम के साथ जुटे हुए हैं। श्रीगोयल ने सभी गुरुग्रामवासियों से भी अपील है कि सभी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक बनें। सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त गुरुग्राम के लिए सभी अपना योगदान दें।

आवागमन के लिए इलेक्ट्रिक वाहन और शेयरिंग के विकल्पों का उपयोग करें। अपने आस-पास स्वच्छता बनाएं और ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाकर अपनी प्रकृति की रक्षा करें। जब हम अपना पर्यावरण स्वच्छ बनाएंगे तो ही हम इस धरती पर स्वर्ग का आभास कर सकेंगे। इंसान के द्वारा ही पर्यावरण संबंधी समस्याएं पैदा की गई हैं। इंसान को ही इन्हें ठीक भी करना होगा। उन्होंने पूरे प्रदेश के लोगों से अपील की है कि मानसून के इस समय में अधिक से अधिक पेड़ लगाएं। आज उनके द्वारा लगाए गए पेड़ भविष्य में जीवनरक्षक बनेंगे। पर्यावरण संरक्षण करना हम सबकी जिम्मेदारी है। हम सबको मिलकर अपना गुरुग्राम, अपना हरियाणा संवारना है।

# पार्सल क्लॉजर की आड़ में प्रबंधन तुला है श्रमिकों को नौकरी से निकालने पर

## श्रमिकों ने बैठक कर सरकार से पार्सल क्लाजर से बचाने की लगाई गुहार

**गुरुग्राम।** जिले के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों स्थित कुछ प्रतिष्ठानों में श्रमिक विवाद काफी लंबे समय से चले आ रहे हैं, जिनका समाधान नहीं हो पा रहा है। इस सबको लेकर श्रमिकों में रोष व्याप्त होता जा रहा है। श्रमिक संगठन संबंधित प्रतिष्ठानों के संचालकों पर आरोप लगाते रहे हैं कि वे जान-बूझकर श्रमिकों की समस्याओं का समाधान नहीं कराना चाहते।

श्रमिक यूनियनों का प्रतिनिधित्व करने वाले श्रमिक संगठन एटक के जिला महासचिव कामरेड अनिल पंवार का कहना है कि मुंजाल शोवा प्रतिष्ठान में जबरदस्त श्रमिक अशांति व्याप्त होती जा रही है। इसके लिए उन्होंने कंपनी प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि प्रदेश के श्रम विभाग ने प्रबंधन को पार्सल क्लॉजर की अनुमति दे दी थी और इसी का सहारा लेकर प्रबंधन ने 57 श्रमिकों को नौकरी से भी निकाल दिया है। पार्सल क्लॉजर लेने की प्रक्रिया भी प्रबंधन ने एक साजिश के तहत की है। मुंजाल शोवा के श्रमिक प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रबंधन की यह साजिश कामयाब नहीं होने दी जाएगी। एटक का एक प्रतिनिधिमंडल पहले भी प्रदेश के श्रममंत्री से मिल चुका है और उन्होंने आश्वस्त किया था कि श्रमिकों के साथ न्याय किया जाएगा लेकिन ऐसा होता दिखाई नहीं दे रहा है। प्रतिनिधिमंडल पुनः श्रम मंत्री से मिलेगा और उनसे गुहार लगाएगा कि श्रमिकों को न्याय दिलाया जाए, ताकि औद्योगिक क्षेत्रों को श्रमिक अशांति से बचाया जा सके। पार्सल क्लॉजर का सहारा लेकर कंपनी प्रबंधन श्रमिकों को नौकरी से निकाले पर तुली हुई है। उन्होंने कहा कि यदि प्रबंधन अपनी साजिश से बाज नहीं आती है तो अन्य संगठनों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन शुरु किया जाएगा।

# मुलायम यादव की दूसरी पत्नी साधना का निधन

## तीन दिन पहले मेदांता मेडिसिटी अस्पताल में कराया गया था भर्ती


साधना गुप्ता। फाइल फोटो।

**गुरुग्राम।** उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की दूसरी पत्नी साधना गुप्ता का शनिवार दोपहर को गुरुग्राम में निधन हो गया। उनकी तबियत ज्यादा खराब होने पर तीन दिन पहले ही मेदांता मेडिसिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। फेफड़ों में संक्रमण के कारण उनकी स्थिति बिगड़ती चली गई और उनका निधन हो गया।

साधना गुप्ता मुलायम सिंह यादव की दूसरी पत्नी थीं। जिनसे उन्हें प्रतीक यादव बेटा है। प्रतीक यादव की पत्नी अपर्णा यादव ने यूपी चुनाव से ठीक पहले भाजपा का दामन थामा था। पत्नी के निधन की सूचना मिलने के बाद मुलायम सिंह यादव व परिवार के अन्य सदस्य भी मेदांता मेडिसिटी अस्पताल पहुंचे। साधना गुप्ता मूलरूप से इटावा जिले के बिधूना तहसील की रहने वाली थीं।

साधना गुप्ता की भी मुलायम सिंह यादव से दूसरी शादी थी। वे समाजवादी पार्टी में बतौर कार्यकर्ता काम करती थीं। इसके बाद साधना गुप्ता तत्कालीन समाजवादी पार्टी प्रमुख की नजदीकियां मुलायम सिंह यादव से बढ़ीं। पार्टी में उन्हें काफी अहमियत दी जाती थी। मुलायम की मां मूर्ति देवी की बीमार हालत में साधना गुप्ता लखनऊ के अस्पताल में और सैफई के मेडिकल कालेज में उनकी देखरेख करती थी। इससे मुलायम और साधना गुप्ता और भी करीब आ गए थे। मुलायम की पहली पत्नी मालती देवी के निधन के बाद मुलायम सिंह यादव ने 23 मई 2003 को साधना गुप्ता को पत्नी बनाया।

**साधना गुप्ता थीं प्रतीक यादव की मां :** मुलायम सिंह यादव की दूसरी पत्नी बनीं साधना गुप्ता ने उनसे एक बेटे को जन्म दिया। जिनका नाम प्रतीक यादव रखा गया। मां साधना गुप्ता के लाख प्रयासों के बाद भी प्रतीक यादव को राजनीति में स्थापित नहीं किया जा सका। वे बॉडी बिल्डर हैं और अपना जिम भी संचालित करते हैं। हालांकि सवाल यह भी उठते रहे हैं कि मुलायम सिंह यादव प्रतीक यादव की बजाय अपनी पहली पत्नी से पैदा हुए बेटे अखिलेश यादव को ही अपना राजनीतिक वारिस बनाना चाहते थे और उन्होंने ऐसा किया भी।

# वाटिका बिल्डर के खिलाफ निवासियों ने किया प्रदर्शन

## सरपंच सुंदर लाल ने मौके पर सेक्टर-83 पहुंचकर दिया समर्थन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


सेक्टर-83 स्थित वाटिका बिल्डर के खिलाफ सड़क पर उतरे वहां के निवासी।

**पिछले** काफी समय से रोजाना 10 से 12 घंटे तक गुल हो रही बिजली को लेकर सेक्टर-83 में वाटिका बिल्डर के खिलाफ सोसायटी के लोगों का गुस्सा फूट पड़ा।

बिल्डर के खिलाफ लोगों ने जमकर नारेबाजी की। सोसायटी के लोगों का समर्थन करने सरपंच सुंदर लाल यादव भी पहुंचे। सोसायटी के लोगों ने सरपंच सुंदर लाल यादव के समक्ष बताया कि बिल्डर द्वारा दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) को एक बड़ी रकम जमा करानी है। जिसकी वजह से वाटिका के ब्लॉक-जी21 लाइफ स्टाइल सिटी होम सहित पूरे सेक्टर-82/83 में लाइट नहीं मिल रही। बिजली की किल्लत के चलते यहां गर्मी में लोगों का बुरा हाल है। मौके पर पहुंचे सरपंच सुन्दर लाल ने कहा कि बहुत जल्द बिल्डर के खिलाफ विधायक पटौदी सतप्रकाश जरावता के साथ नये गुरुग्राम का एक प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात कराई जाएगी।

उन्होंने आश्वस्त किया कि उनकी शिकायत पर तत्परता से विधायक संज्ञान लेकर समस्या का समाधान कराएंगे। इस विरोध प्रदर्शन में नखड़ोला के सरपंच लक्ष्मण यादव, धर्मबीर यादव, मैयसको कैसा बेला के प्रधान, लाइफ स्टाइल सोसायटी के प्रधान अमरेश के ब्लाक से प्रधान ओमबीर सिंह, शालिनी सेठी, दिनेश मित्तल, राहुल सोनी, पंकज शर्मा, सहित सोसायटी के अनेक गणमान्य लोग ने बिल्डर के खिलाफ अपना रोष जताया।

# बादशाहपुर-सोहना वासियों के लिए टोल पर सर्विस रोड रहे फ्री : संघर्ष समिति

## बैठक में वक्ताओं ने कहा, टोल संघर्ष समिति केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गड़करी से करेगी मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**टोल** संघर्ष समिति केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गड़करी से बादशाहपुर और सोहना शहरी को एलिवेटेड मार्ग पर घामडौज में बना टोल पर सर्विस मार्ग फ्री कराने के उद्देश्य से जल्द ही मुलाकात करेगी। इससे पहले रविवार को गुरुग्राम में मनीष यादव के निवासी पर समिति सदस्यों की बैठक में मिलने का समय निर्धारित किया जाएगा।

शनिवार को अनाज मंडी में स्थित अग्रवाल धर्मशाला में टोल संघर्ष समिति सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में महाराज सिंह, सतबीर पहलवान, सतीश घामडौज, मनोज सहजावास, हरबीर अधाना, मनोज राघव आदि सदस्य मौजूद थे। बैठक करीब एक घंटा तक चली। जिसमें बादशाहपुर और सोहना शहर के निवासियों को एलिवेटेड मार्ग के टोल पर सर्विस रोड फ्री किए जाने की मांग पर विचार किया।

बैठक में सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखें तथा सर्वसम्मति से फैसल लिया। जिसमें केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गड़करी से एक बार फिर टोल संघर्ष समिति के मुलाकात करने का निर्णय लिया। केन्द्रीय मंत्री से मांग करेंगे कि इन दोनों शहर में रहने वाले नागरिकों टोल के सर्विस मार्ग पर फ्री पास की सुविधा दी जानी चाहिए। बैठक के बाद सतबीर पहलवान ने बताया कि रविवार को मनीष यादव के कार्यालय पर सुबह 11 बजे बैठक होगी। इस बैठक में केन्द्रीय मंत्री से मुलाकात का समय लिया जाएगा। इसके साथ टोल को बोम्बे राष्ट्रीय मार्ग पर लेकर जाने की मांग रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि उपायुक्त ने टोल एजेंसी को आस-पास लगते 25 गांवों के निवासियों को फ्री करने के आदेश दे दिए हैं। जिनसे टोल की वसूली नहीं की जाएगी। इसी प्रकार बादशाहपुर और सोहना शहर के निवासियों को भी यह सुविधा मिलनी चाहिए क्योंकि ये शहर टोल से 7 और 9 किलोमीटर के दायरे में आते हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## गुरुग्राम के स्कूलों में लागू होगा मॉडल संयुक्त राष्ट्र


एमओयू हस्ताक्षर के दौरान उपायुक्त निशांत कुमार यादव व अन्य।

**गुरुग्राम।** छात्रों में वैश्विक और राष्ट्रीय संस्थाओं के कार्य एवं उनको करने के तरीकों के बारे में बताने के लिए मॉडल प्रेजेंटेशन द्वारा एक समझ विकसित की जाती है। इसी को ध्यान एन रखते हुए एमउएम फाउंडेशन ने गुरुग्राम में मॉडल यूएन कार्यक्रम के कार्यान्वयन को सपोर्ट करने के लिए जिला प्रशासन और डीएआईएस (डायवर्सिटी अवेयरनेस इनिशिएटिव फॉर स्टूडेंट्स) के साथ त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस अवसर पर उपायुक्त निशांत यादव, अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, एमउएम फाउंडेशन की ट्रस्टी डॉ. पायल कनोडिया ट्रस्टी, एमउएम फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. ऐश्वर्य महाजन और केशव इस एमओयू पर हस्ताक्षर के दौरान मौजूद रहे। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने कहा कि इस सहयोग से जिले के सरकारी स्कूलों में पहली बार मॉडल संयुक्त राष्ट्र (एमयूएन) का आयोजन किया जाएगा। यह छात्रों (प्रतिभागियों) में वाक कौशल, आत्मविश्वास और नेतृत्व को विकसित करने के साथ-साथ वैश्विक मामलों और संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों के बारे में उनके प्रदर्शन में सुधार करने में भी मदद करेगा।

## आज होगा महाराजा दक्ष प्रजापति चौक का अनावरण

**गुरुग्राम।** प्रजापति सुधार समिति व प्रजापति समाज के लोग रविवार को महाराजा दक्ष प्रजापति चौक का अनावरण स्थानीय विधायक सुधीर सिंगला व अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में होगा। प्रजापति समाज के इंद्र सिंह आर्य व धर्मवीर बाघोरिया ने बताया कि मनोहर नगर क्षेत्र के देवराज पुत्र महावीर का एक दुर्घटना में दुखद निधन हो गया है और क्षेत्र के ही सावंत सैनी का भी निधन बीमारी के चलते हो गया। शनिवार को समिति की एक बैठक का आयोजन क्षेत्र के निगम पार्षद धर्मवीर की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी गई है और समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आज रविवार को होने वाले कार्यक्रम का आयोजन बड़ी ही सादगी के साथ किया जाएगा। किसी प्रकार का कोई ढोल-नगाड़ा व आतिशबाजी का आयोजन नहीं होगा। समाज के सदस्यों ने समिति के इस निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि कार्यक्रम से पहले समाज में समरसता बनाए रखना बहुत जरुरी है। समाज के सभी लोगों को साथ लेकर चलना चाहिए, यही समिति व समाज की सदैव सोच रही है। बैठक में संस्था के अशोक कुमार, सुरेश कुमार, महावीर परमार, उम्मेद सिंह, महेंद्र सिंह, महावीर, रमेश कुमार, सतपाल, टेकराज, दलीप कुमार, बलवंत, विकास, बलजीत, कर्ण सिंह आदि मौजूद रहे।

## तीन बदमाशों ने गन प्वाइंट पर चालक को टैक्सी लूटी

**सोहना।** तीन बदमाश चालक को हथियार के बल पर बंधक बना टैक्सी लूट कर ले गए। बदमाशों ने टैक्सी को मात्र 500 रुपये में गुरुग्राम के राजीव चौक से सोहना सिटी थान के आखिरी गांव रायपुर के लिए करके लाए थे। पुलिस ने टैक्सी चालक की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ हथियार दिखाकर लूट करने का मामला दर्ज कर लिया है। उत्तर प्रदेश निवासी शिव शंकर ने शहर थाना पुलिस को बताया कि रात करीब डेढ़ बजे उसकी टैक्सी को तीन अज्ञात युवकों ने सोहना के गांव रायपुर आने के लिए 500 रुपये किराए पर किया था। वह तीनों युवकों को लेकर गुरुग्राम से सोहना आ रहा था। रायपुर से पहले तीनों बदमाशों ने पहले उसकी टैक्सी को सड़क किनारे रुकवाया। एक बदमाश ने उसकी कनपटी पर हथियार लगाते हुए चालक सीट से नीचे उतार पिछली सीट पर बैठा लिया। उसे जान से मार देने की धमकी दी और अपनी जुबान को बंद रखने के लिए मजबूर कर दिया। बदमाश उसे जिला नूंह के गांव उटावड़ के पास ले जाकर सुनशान जगह पर टैक्सी से नीचे उतार कर भाग गए। बदमाशों ने उसका पर्स, गाड़ी के कागजात तथा मोबाइल फोन को लूटकर ले गए। सिटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश कुमार ने बताया कि टैक्सी चालक से की गई पूछताछ के बाद अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस की गठित की गई टीम सीसीटीवी कैमरों की मदद से बदमाशों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। इसके अलावा पीड़ित टैक्सी चालक से बदमाशों का बताया जा रही शक्ल सूरत के अनुसार पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

## जल शक्ति अभियान दो के बारे किया जा रहा जागरुक

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने कहा जल संरक्षण जरूरी है। उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने जिला वासियों से आह्वान करते हुए कहा कि स्वयं भी जलशक्ति अभियान टू के साथ जुड़कर जल संरक्षण बारे जागरुक हो कर अन्य लोगों में भी जागरूकता लाएं। आपको बता दें जिला में उपायुक्त जितेन्द्र यादव के कुशल मार्गदर्शन में सीईओ जिला परिषद सतेन्द्र दुहन को जलशक्ति अभियान टू के बेहतर क्रियान्वयन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला में उन्हीं के दिशा निर्देश पर सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में ग्रामीणों को जलशक्ति अभियान टू के तहत जागरूक किया जा रहा है। सीईओ जिला परिषद एवं जलशक्ति अभियान टू के जिला नोडल अधिकारी सतेन्द्र दुहन के मार्ग दर्शन में आज शनिवार को गाँव डीग छायसा में जनचौपाल का आयोजन किया गया। जन चौपाल में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में जिला फरीदाबाद में जल शक्ति अभियान-2 का अधिकारी बेहतर क्रियान्वयन करने के लिए जनभागीदारी जरूरी है। जनसहभागिता के बिना सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं बेहतर क्रियान्वयन सम्भव नहीं है। जलशक्ति अभियान जलशक्ति अभियान टू के कार्यों को धरातल पर मूर्त रूप देने के लिए वचनबद्धता से कार्य करें।

# हरियाली तीज मेला : कोविड काल के दो वर्ष बाद लोग ले सकेंगे आनंद

## हरियाली तीज का मेला समिति ने प्रवीण गोदारा के नाम साढ़े 6 लाख में छोड़ा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


सोहना के देवीलाल खेल स्टेडियम में शुक्रवार को हरियाली तीज का मेला छोड़ने के दौरान समिति सदस्य एसडीएम जितेन्द्र गर्ग के साथ।

**शहर** में लगने वाला हरियाली तीज के अवसर पर मेला इस वर्ष देवीलाल खेल स्टेडियम समिति ने 60 लाख 50 हजार रुपये में प्रवीण गोदारा के नाम छोड़ा है। ठेकदार को 12 जुलाई से 12 अगस्त तक मेला लगाने और और सामान उठाने तक का समय दिया है। क्षेत्रवासी कोविड काल के बीते दो वर्ष के बाद हरियाली तीज के अवसर पर लगने वाला मेले का इस बार आनंद ले सकेंगे।

देवीलाल खेल स्टेडियम समिति ने शुक्रवार को तीज मेला की खुली बोली लगाई। जिसमें हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और पंजाब से आए 26 बोलीदाताओं ने भाग लिया। मेला ठेका बोलने वाले ठेकेदार से समिति ने अग्रिम राशि के रूप में डेढ़ लाख रुपये की राशि जमा कराई गई।

इस अवसर पर मौजूद समिति के प्रधान एसडीएम जितेन्द्र गर्ग, तहसीलदार शिखा गर्ग, समिति सदस्यों नप पार्षद हरीश नन्दा, सतबीर पहलवान, अनिल सैनी, राकेश आदि की मौजूदगी में मेला का ठेका छोड़ा गया। ठेकेदार को 12 अगस्त तक स्टेडियम परिसर पूर्ण रूप से खाली करते हुए यथा स्थिति बनाकर समिति को देनी होगी।

**स्टेडियम से बाहर नहीं लगेंगी दुकानें :** मेला ठेका बोली में हिस्सा लेने पहुंचे ठेकेदारों ने समिति के समक्ष स्टेडियम से बाहर सर्विस मार्ग किसी भी प्रकार की दुकान नहीं लगने देने की शर्त रखी। जिस पर समिति ने ठेकेदारों को यह आश्वासन दिया।

**25 फीसदी ठेका बोली जमा कराई :** समिति ने प्रवीण गोदारा से ठेका बोली समाप्त के तुरन्त बाद ही समिति के नियमानुसार मेला की छोड़ी गई कुल ठेका बोली में से 25 फीसदी को तुरन्त मौके पर ही जमा करा लिया। वर्ष 2019 में मेला करीब 29 लाख रुपये में छोड़ा गया था।

# सोहना में पॉलीथिन की जमकर हो रही है कालाबाजारी

## पॉलीथिन का कारोबार करने वाले बड़े व्यापारियों के पास अभी भी भरे हुए हैं गोदाम

**सोहना।** शहर में पॉलीथिन पर प्रतिबंध के बाद कालाबाजारी का खेल शुरू हो गया है। पॉलीथिन विक्रेता चोरी छुपे इसकी बिक्री कर रहे हैं। जिन्होंने एक किलोग्राम पर 20 से 40 रुपये बढ़ा दिए है।

राज्य सरकार ने एक जुलाई से प्रदेश में 75 माइक्रोन मोटाई की पॉलीथिन पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके बावजूद शहर में पॉलीथिन बेचने वालों ने कालाबाजारी शुरू कर दी है। पॉलीथिन न होने के बहाने कालाबाजारी की जा रही है। केवल उस ग्राहक को पॉलीथिन दी जा रही है। जो ग्राहक बिना किसी को बिना बताए माल लेकर जा रहा है। फल की रेहड़ी लगाने वाले राकेश का कहना है कि पॉलीथिन का कारोबार करने वाले बड़े व्यापारियों के पास अभी भी गोदाम भरे हुए है। लेकिन बड़ा व्यापारी 20 से लेकर 40 रुपये पहले से अधिक कीमत पर बेच रहा है। दुकानदार से लेकर रेहड़ी दुकानदार और सब्जी विक्रेता ग्राहक को खुश करने के उद्देश्य से पॉलीथिन में सामान रखकर बेच रहे हैं।

### नगर परिषद का अभियान टॉय-टॉय फिस्स

**राज्य** सरकार ने प्रतिबंध के साथ ही प्रदेश में सभी पालिका, नगर परिषद और नगर निगमों को पॉलीथिन बेचने वालों पर पूर्णरुप से रोक लगाने की जिम्मेदारी दी थी। साथ ही पॉलीथिन बेचने वालों से लेकर ग्राहक को सामान रखकर देने वालों के चालान काटने को कहा गया था, लेकिन नगर परिषद की तरफ से दो दिन में करीब 20 केवल रेहड़ी दुकानदारों पर 300-300 रुपये का जुर्माना लगाते हुए खानापूर्ति कर दी।

# फैशन के साथ सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए गूंज के साथ पार्टनर बना लाइफ स्टाइल

## लाइफस्टाइल ने गूंज के कोलेबोरेशन में देश भर में 6 लाइफ स्टाइल स्टोर्स में डोनेशन बॉक्स लगाए

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



**प्रमुख** फैशन डेस्टिनेशन, लाइफस्टाइल ने सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए सीएसआर प्रोग्राम के लिए, समूचे भारत में कार्यरत एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित, नॉन-प्रॉफिट ऑर्गेनाइजेशन, गूंज के साथ कोलेबरेट किया है। इस पहल के रूप में, देश भर में 60 लाइफ स्टाइल स्टोर्स में डोनेशन बॉक्स लगाए गए हैं, ताकि कम इस्तेमाल किए गए गारमेंट्स के रिसायकल को सक्षम बनाया जा सके। इसे वंचितों के विकास की दिशा में आगे बढ़ाया जा सके। कार्यक्रम का शुभारंभ 4 जुलाई को बेंगलुरु के लाइफ स्टाइल ओएसिस मॉल स्टोर में गूंज और लाइफ स्टाइल के प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों द्वारा डोनेशन बॉक्स के अनावरण के साथ किया गया।

इस अवसर पर रोहिणी हल्दिया, असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट, मार्केटिंग, लाइफस्टाइल ने कहा, हमें गूंज के साथ अपने एसोसिएशन की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है, जो पूरे भारत में वंचितों की गरिमा को बढ़ाने की दिशा में सार्थक प्रयास कर रहा है। लाइफ स्टाइल का मानना है कि समाज की प्रगति एक सामूहिक जिम्मेदारी है और इसका उद्देश्य कम इस्तेमाल किए गए फैशन के रिसाइक्लिंग को सुविधाजनक बनाना है। इस पहल के साथ, लाइफ स्टाइल का उद्देश्य लोगों के व्यवहार में बदलाव को प्रेरित करना और फैशन को लोगों तथा पर्यावरण दोनों की बेहतरी के लिए एक शक्ति के रूप में स्थापित करना है। इस पहल के दौरान एकत्रित किए गए कपड़ों का या तो गूंज द्वारा अपसायकल किया जाएगा या रोजमर्रा की जरूरी वस्तुओं में तब्दील किया जाएगा, जिससे लैंडफिल में जाने वाले फैशन की मात्रा कम हो जाएगी और इस तरह सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा मिल सकेगा। अंशु गुप्ता, मैगसेसे अवॉर्डी, फाउंडर, गूंज ने इस पहल के बारे में कहा, लाइफ स्टाइल के साथ यह अभियान कई कारणों से महत्वपूर्ण है। एक ओर, यह पूरे रिटेल सेक्टर के लिए एक बेमिसाल उदाहरण प्रस्तुत करता है कि कैसे प्रत्येक ऑर्गेनाइजेशन अपना काम बेहतरी से कर सकता है, दूसरी महत्वपूर्ण बात, जो इसे और भी विशेष बनाती है, वह यह है कि यह प्रत्येक ग्राहक को दूसरों के लिए कुछ करने का मौका देता है।

# गर्भावस्था जांच में पूरा परिवार मिला एचआईवी पॉजिटिव

कविता। फरीदाबाद

**जिले** में जहां एक तरफ एचआईवी जैसी भयानक बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है, लेकिन लोग आज भी इसके प्रति गंभीर नहीं हो रहे हैं। ऐसा ही जिले में एक परिवार के सामने आया है। महिला की गर्भावस्था के दौरान पूरा परिवार सही था। लेकिन सात साल बाद दोबारा गर्भवती होने पर महिला की जांच की गई तो मालूम चला कि वह एचआईवी पॉजिटिव है। जांच में उसका सात वर्षीय बेटा और पति एचआईवी ग्रस्त पाये गए। ऐसे में उनका आनन फानन में इलाज शुरू किया गया है। वहीं जिले में जून माह में 43 मरीज पॉजिटिव पाए गए है। जिसमें चार दम्पति भी शामिल है।

### बीते जून माह में 43 पॉजिटिव, जिसमें चार दत्पति भी पॉजिटिव

लापरवाही से शहर के अनेक एचआईवी जैसी भयानक बीमारी की चपेट में आ रहे है। इस बीमारी से अब बच्चे भी अछुते नही है। बीते माह आई जांच रिर्पोट में एक मासूम बच्चा भी एचआईवी ग्रस्त पाया गया है। उनकी मां को एचआईवी पॉजिटिव पाए जाने पर उसका और उनके पिता की भी जांच की गई थी। जिसमें परिवार के तीनो सदस्य एचआईवी पॉजिटिव पाए गए। फिलहाल सभी का इलाज जांच केन्द्र से चल रहा है।

**ऐसे चला पता :** राम नामक व्यक्ति अपने परिवार के साथ एनआईटी इलाके में रहता है। पिछले कुछ समय से उसकी पत्नी अंजू (सभी नाम बदले हुए) गर्भवती थी, जो सिविल अस्पताल में जांच को पहुंची। जहां उसे एचआईवी जांच करवाने के लिए कहा गया। उसने एचआईवी जांच करवाई तो मालूम हुआ कि अंजू पॉजिटिव है। जिसको देखते एचआईवी जांच केन्द्र में तैनात काउंसलरों ने परिवार के सदस्यों की जांच करवाने की सलाह दी। जांच करने पर मासूम बच्चे समेत पति भी एचआईवी पॉजिटिव पाया गया। फिलहाल परिवार का इलाज यहां अस्पताल में मौजूद जांच केन्द्र से चल रहा है।





डॉ. शीला भगत

**मुफ्त है जांच :** हर साल करोड़ों रुपये पानी की तरह एचआईवी के प्रति जागरुक करने के लिए बहाए जाते हैं। लेकिन इसके बावजूद भी लोग एचआईवी/एड्स जैसी बीमारियों की चपेट में आ रहे है। इस बारे में जब डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. शीला भगत से बात की गई तो उन्होंने कहा कि लोगों को एचआईवी से बचाव के उपाय अपनाने चाहिए। ताकि इस बीमारी से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि एचआईवी की जांच बिल्कुल मुफ्त होती है और इस जांच में पोजिटिव पाए जाने वाले लोगों की रिपोर्ट भी गुप्त रखी जाती है। जून में कुल 1547 ने जांच करवाई थी। जिसमें 43 पॉजिटिव आए है। जिसमें 37 पुरूष, चार महिलाएं और दो गर्भवती महिलाएं शामिल है। जिसमें चार दम्पति है।

# कांवड यात्रा शुरू होने में तीन दिन शेष, पर रूट तय नहीं हुआ


ट्रैफिक पुलिस और रोड सेफ्टी के सदस्य बैठक करते हुए।



बाईपास रोड पर निर्माण कार्यों के कारण बंद सड़क।

कविता। फरीदाबाद

**कोरोना** काल के कारण दो साल बाद कावड़ यात्रा के लिए श्रद्धालु निकल पड़े है। लेकिन कांवड़िए इस बार कौन से रास्ते से कावड़ लेकर आएंगे, यह तय नहीं है, क्योंकि सड़कों को विकास के नाम पर खोद रखा है, वहीं बाईपास रोड पर हो रहे निर्माण कार्य के कारण नहर किनारे वाले रास्ते पर जाम लगा रहता है। यदि कावड़ियों को हाइवे की सर्विस रोड से निकालते हैं तो वहां सीवरेज और बरसाती पानी भरने के कारण परेशानियां होती है। ऐसे में 14 जुलाई से शुरू होने वाली कावड़ यात्रा के लिए किसी तरह का कोई रूट प्लान तैयार नहीं है। जिस पर अधिकारी बातचीत कर रहे है। हालांकि शहर में कांवड़ियों के लिए पुलिस, मेडिकल हेल्प और सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### कावड़ यात्रा को लेकर तैयारियों में जुटी पुलिस, लेकिन नहीं हो पाया रास्ते का चयन

**फिलहाल की स्थिति :** ट्रैफिक में कोई दिक्कत न हो इसके लिए सभी थानो की पुलिस तैनात रहेगी। 15 दिन तक डे नाईट ढाई सौ के करीब पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे। कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस ने सात प्रमुख मार्ग तैयार किए हैं, जिसमें आउटर बाईपास पर दिल्ली-मुंबई कोरिडोर का काम होने के चलते यात्रा मार्ग निकलने के लिए फरीदाबाद पुलिस अधिकारी संबंधित अधिकारियों से मीटिंग कर रहे हैं।

**काफी संख्या में :** 26 जुलाई को शिव चतुर्दशी होने के चलते जल अभिषेक होगा और इसी के चलते कावड़िये गंगाजल लाने के लिए 14 जुलाई से अपनी यात्राएं शुरू करेंगे। फरीदाबाद समेत पलवल, होडल, हथीन में भी गंगा से जल लाने वाले और फरीदाबाद से गुजरने वाले कांवड़ियों की काफी संख्या रहती है।

**चल रहा काम :** पुलिस ने कावड़ियों के लिए रूट तय करने के लिए नेशनल हाईवे के अधिकारी एवं जो फरीदाबाद का बाईपास रोड है उस पर दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस हाईवे का काम चल रहा है, उनके अधिकारी से भी बातचीत होगी कि किस तरह कावड़ियों के लिए एक सेफ स्थान दिया जा सके।


सूबे सिंह

**पीआरओ का कथन :** पुलिस पीआरओ ने बताया कि 14 जुलाई से शुरू होने वाली इस कांवड़ यात्रा के लिए करीब 2500 पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इन सभी कर्मचारियों की डे-नाइट ड्यूटी लगाई जाएगी। साथ ही उनकी मेडिकल सुविधाओं की देखरेख भी की जाएगी।

फरीदाबाद पुलिस सभी शिवभक्तों के 15 दिन तक उनकी यात्रा में मुस्तैद रहेगीं। जिन भक्तों की तबियत खराब हो जाएगी या पैरो में छालें पद जायेगे उनके लिए भी मेडिकल टीम 24 घंटे तैयार रहेगी।

# बिजली कटों से परेशान लोगों ने किया जोरदार प्रदर्शन

**फरीदाबाद।** बढ़ती गर्मी में लगातार हो रहे घंटो के बिजली कट से परेशान लोगों में एक बार फिर हाहाकार शुरू हो गया है। नहरपार के इलाके में बिजली न आने के कारण लोगों ने विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शन किया। जिसमें पहला प्रदर्शन तीन दिन से बिजली आपूर्ति होने की समस्या से परेशान सेक्टर-76 वासियों ने बीपीटीपी बिल्डर कार्यालय पर उसके खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। वहीं दूसरी तरफ खेड़ीकला स्थित धीरज नगर क्षेत्र में सात दिन से बिजली आपूर्ति ठप होने से गुस्साएं लोगों ने सेक्टर-31 सबस्टेशन का घेराव किया। सरकार और बिजली अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाबुझा कर शांत कराया।

**बिल्डर के खिलाफ :** ग्रेफ के सेक्टर-76 के आरडब्ल्यूए प्रधान सूरजपाल ने बताया कि क्षेत्र में तीन दिन से बिजली आपूर्ति पूरी ठप है। जनरेटर की भी सोसायटी में कोई खास व्यवस्था नहीं है। ऊपर से लोग भीषण गर्मी के सितम से जूझ रहे हैं। बिजली न होने के कारण लोगों का बुरा हाल है। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उप प्रधान विनोद और महासचिव मूंद राज रावत ने बिजली की समस्या को लेकर पिछले कई दिनों से बिल्डर को शिकायत कर रहे हैं। हर बार आश्वासन देकर लोगों को लौटा दिया जाता है कार्रवाई कोई होती है। शनिवार को गुस्साए लोगों ने बिल्डर के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। बीपीटीपी अधिकारी संजय सिंह ने आश्वासन दिया कि जल्द समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

**जमकर की नारेबाजी :** खेड़ीकला स्थित धीरज नगर क्षेत्र में पांच हजार परिवार पर बिजली निगम की ओर से केवल एक ट्रांसफार्मर लगाया गया है जो ओवरलोड हो रहा है। इस कारण इसमें आए दिन फाल्ट की समस्या रहती है, कभी फ्यूज उड़ जाता है।


बिजली की समस्या को लेकर प्रदर्शन करते ग्रेटर फरीदाबाद के लोग।

# विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल में वन महोत्सव शुरू



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**विद्यासागर** इंटरनेशनल स्कूल एवं रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद इंडस्ट्रियल टाउन के संयुक्त प्रयास से आज स्कूल के तिगांव स्थित कैंपस से वन महोत्सव की शुरुआत की गई। महोत्सव की शुरुआत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित फरीदाबाद के जिला उपायुक्त जितेंद्र यादव ने वृक्षारोपण करके की।

जिला उपायुक्त जितेंद्र यादव का स्वागत स्कूल के डायरेक्टर दीपक यादव ने बुक्के भेंट करके किया। इस अवसर पर जितेंदर यादव ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि पेड़ों की कीमत अमूल्य है। पर्यावरण संरक्षण के लिए विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल दवारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें खुशी होती है कि स्कूल शिक्षा के प्रसार के साथ साथ अपनी नैतिक जिम्मेदारी भी निभा रहा है। स्कूल के डायरेक्टर एवं रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद इंडस्ट्रियल टाउन के प्रेजिडेंट दीपक यादव ने बताया कि आज से हम वन महोत्सव की शुरुवात कर रहे हैं जिसके तहत स्कूल के स्टाफ और छात्रों ने अपने आस पास 1001 फलदार और छायादार पेड़ लगाने का संकल्प लिया है और इस संकल्प को जल्दी से जल्दी पूरा किया जायेगा. दीपक यादव ने कहा कि अगर वृक्ष नहीं रहेंगे तो हम भी नहीं बचेंगे।

## जलभराव वाले क्षेत्रों में में कारगर मत्स्य संपदा योजना

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि जलभराव वाले क्षेत्रों में मत्स्य पालन आमदनी में बढ़ोतरी के लिए बेहतर विकल्प है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत मत्स्य पालन अपनाने वालों को 40 से 60 फीसदी तक अनुदान का भी प्रावधान किया गया है। योजना की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना देशभर में लागू की गई है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना मत्स्य पालन व्यवसाय से जुड़े मत्स्य पालकों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में वरदान सिद्ध हो रही है। योजना के तहत 40 से 60 प्रतिशत वित्तीय सहायता का प्रावधान किया गया है। उपमंडल के उन गांवों के लोगों को मत्स्य पालन के प्रति प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिन गांवों में बरसात के पानी के ठहराव की संभावना अधिक है।

# अभाविप ने मनाया 74 वां स्थापना दिवस



**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 74वें स्थान दिवस पर किया कार्यक्रम का आयोजन जिला फरीदाबाद इकाई ने एनआईटी नगर के राजकीय आदर्श संस्कृति वशिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सेक्टर-55 में ड्राइंग पेंटिंग एवं जनरल नॉलेज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

अभाविप जिला मीडिया संयोजक रवि पाण्डेय ने बताया अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद फरीदाबाद द्वारा राष्ट्रीय युवा अभाविप के 74 में स्थापना दिवस के उपलक्ष में शहर में अलग-अलग स्थानों ड्राइंग पेंटिंग कंपटीशन जनरल नॉलेज प्रतियोगिताएं, वृक्ष मित्र अभियान के तहत सैक्टर 25 खेड़ा गांव में 350 पौधारोपण, नोटबुक बैंक के तहत जिला एसएफएस द्वारा बल्लभगढ़, ओल्ड फरीदाबाद एवं एनआईटी नगर में में विभिन्न सेवा वस्ती में बस्ती की पाठशाला के तहत नोटबुक वितरण, कार्यक्रम का आयोजन किया गया रहा है। राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के उपलक्ष में सेक्टर 55 आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में ड्राइंग पेंटिंग एवं जनरल नॉलेज क्विज कंपटीशन कराया।

## पौधे लगाकर आने वाली पीढ़ी के लिए करें बेहतर पर्यावरण

**फरीदाबाद।** पौधे लगाकर हम आने वाली पीढ़ी के लिए बेहतर पर्यावरण का निर्माण कर रहे हैं। हर किसी को इसके लिए प्रेरित होना चाहिए और अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण करना चाहिए।

सी.दास ग्रुप ने शनिवार को एनआईटी-5 में पौधरोपण कर शहर को हरा भरा बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने का प्रण लिया है। ग्रुप के निदेशक आरके भाटिया ने कहा कि केवल पौधे लगाने ही नहीं उन्हें पेड़ बनने तक उनकी देखभाल भी की जाएगी ताकि ये पौधे एक विशाल पेड़ बनकर प्रदूषण से जंग में कारगर हथियार साबित हो सके।

ग्रुप के निदेशक आरके भाटिया ने कहा कि पौधरोपण करने से पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी जिम्मेदारी पूर्ण नहीं होती है। पौधरोपण कर उनका संरक्षण करना भी बहुत अनिवार्य है। ऐसे में पौधे का पेड़ बनने तक उसका संरक्षण करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।

# बकरीद को लेकर पुलिस अलर्ट, पुलिस बल तैनात

### ईद की पूर्व संध्या पर हुई बकरों व कपड़ों की खरीददारी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**देशभर** में ईद का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। वहीं इस बार ईद के त्योहार को देखते हुए पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोडा ने सभी सहायक पुलिस आयुक्त तथा थाना व चौकी प्रभारियों को अपने अपने ऐरिया में पेट्रोलिंग कर शहर में शांति कायम रखने तथा असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए है। सुरक्षा की दृष्टि से उन्होंने दो पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई है।

जानकारी के मुताबिक बकरी ईद का चांद दस दिन पहले दिखता है, जिसे देखते हुए आज ईद का त्यौहार मनाया जाएगा। त्योहार से एक दिन पहले बाजारों में रौनक देखी गई। बाजारों में जहां एक ओर बकरों की खरीददारी हो रही थी तो वहीं दूसरी तरफ बाजारों में खजला, फेनी, सेवईयां, टोपी आदी की दुकानें भी सजी थी, साथ ही कपड़ों की दुकानें भी महिलाओं व बच्चों से भरी हुई देखी गई। ईद की खरीददारी को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। नए कपड़ों व टोपी के प्रति ललक बाजारों में खरीददारी कर रहे लोगों की भीड़ को देखकर लगाई जा सकती है।


बकरा ईद के अवसर पर ओल्ड फरीदाबाद में लगी हट।

**ईद पर बकरे :** शहर में ईद के बाजार चारों तरफ सजे हुए देखे गए। जहां बाजारों में कपड़ों की दुकानों पर भीड़ देखी गई। वहीं बाजारों में बकरों की कई किस्में बिकती हुई नजर आई। जिसमें दस हजार से डेढ़ लाख रुपये तक के बकरे बिकते नजर आए। बाजारों में बकरों की बिक्री कर रहे रहीस बाबू, जान मोहम्मद, कयुम ने बताया कि उनके यहां ब्राइट नस्ल की तोता परी की जोड़ी 2 से 1.50 लाख रुपये व सिंगल 80 हजार रुपये, अजमेरी की जोड़ी 80 हजार और सिंगल 40 हजार, पहाड़ी नस्ल की जोड़ी एक लाख और सिंगल 50 हजार, बरबरे की कीमत 80 हजार और सिंगल की कीमत 40 हजार रुपये है। इसके अलावा नागफनी नस्ल के बकरों की कीमत एक लाख जोड़ी और सिंगल 50 हजार रुपये का है।

**पुलिस की तैयारी :** ईद के त्योहार को देखते हुए पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोडा ने सभी सहायक पुलिस आयुक्त तथा थाना व चौकी प्रभारियों को अपने अपने एरिया पेट्रोलिंग करके शहर में शांति व्यवस्था कायम रखने तथा असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस आयुक्त ने निर्देश देते हुए कहां है ईद के अवसर पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त सतर्क रहें। सभी थाना व चौकी प्रभारी अपने-अपने एरिया में अलर्ट रहेंगे। ईद के नाम पर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा हुड़दंग बाजी कर कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश की जाती है ऐसे उपद्रवियों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा।

# अब तक लगाई गई 4101644 डोज, 123296 को लगीं बूस्टर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**उपायुक्त** जितेन्द्र यादव के कुशल मार्गदर्शन में आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वावधान में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोविड बचाव के लिए टीकाकरण अभियान जोर शोर से चलाया जा रहा है। वैक्सीनेशन अभियान के तहत समाचार लिखे जाने तक जिला में 49 सरकारी और 9 प्राइवेट अस्पतालों सहित 58 स्थानों पर आयोजित वैक्सीनेशन कैम्पों में अब तक कुल 123296 लोगों को बूस्टर डोज वैक्सीन भी लगाई गई है।

स्वास्थ्य विभाग के आज के आंकड़ों को मिलाकर जिला में वैक्सीन की कुल पहली व दूसरी डोज सहित कुल 4101644 लोगों को वैक्सीन लगाई गई है। कमान संभाल रहे एसएमओ डॉ. मान सिंह ने बताया कि आज शनिवार को टीकाकरण कार्यक्रम के तहत जिला के वैक्सीनेशन केन्द्रों पर 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के 1365757 लोगों को पहली और 1120481 लोगों को दूसरी और 32738 लोगों को बुस्टर डोज़ दी गई और आज 45 से 59 आयु के लोगों को 375104 को प्रथम, 345870 को दूसरी और 32254 लोगों को बुस्टर डोज लगाई गई। इसी क्रम में 60 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के लोगों को 204886 को प्रथम, 189128 को दूसरी और 46303 लोगों को बूस्टर डोज सहित कोरोना रोधी वैक्सीन के टीके लगाए गए हैं।



स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी लोगों को वैक्सीन लगाते हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### सरकारी स्कूल के छात्रों ने किया पौधारोपण


तिकोना पार्क स्थित राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में पौधारोपण करते छात्र व अध्यापिकागण।

**फरीदाबाद।** राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तिकोना पार्क एनआईटी परिसर में आज स्कूल के अध्यापक - अध्यापिकाओं व छात्रों द्वारा एक पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अध्यापिका कैलो देवी, लक्ष्मी सहित छात्र श्याम सुंदर, असलम, करीम, अनिल, बिरजू ने करीबन 25 फलदार व छायादार पौधे लगाए गए। छात्रों को सम्बोधित करते हुए अध्यापिका कैलो देवी, लक्ष्मी ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित व संरक्षित रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को हर वर्ष कम से कम पांच पौधे अवश्य लगाने चाहिए। पौधों का अपने बच्चों की तरह कम से कम छह माह तक लालन-पालन करना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जन्मदिवस व परिजनों के जन्मदिवस व शुभ कार्यों को यादगार बनाने के लिए पौधे अवश्य लगाने चाहिए।

### एमबीएल स्कूल में किया गया पौधरोपण



**फरीदाबाद।** जनहित सेवा संस्था के सौजन्य से गांव अटाली के एमबीएल स्कूल के प्रांगण में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसएचओ थाना छायंसा सुरेंद्र यादव का पौधा भेंटकर व शॉल ओढ़ाकर विद्यालय के निदेशक मास्टर मुकेश एवं जनहित सेवा संस्था की टीम ने स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनहित सेवा संस्था के अध्यक्ष संत सिंह हुड्डा ने कहां की विकास से ज्यादा सांसें कीमती हैं। हमें पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल करना भी बहुत जरूरी है। संस्था ने पर्यावरण दिवस से ही हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पौधरोपण अभियान चलाया हुआ है। मुख्य अतिथि थाना छायंसा सुरेंद्र यादव ने कहा कि हमें अपने जन्मदिवस पर एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। उसकी देखभाल करनी चाहिए। विद्यालय के निदेशक मास्टर मुकेश ने कहा कि वृक्ष बड़े ही परोपकारी होते हैं। हमें इन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर कदम, पीपल, बरगद, नीम ,जामुन व चंपा के पौधे रोपित किए। लगभग 100 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर स्कूल की छात्रा निशा भाटी को एसएचओ व जनहित सेवा संस्था की टीम ने सम्मानित किया। निशा भाटी ने हरियाणा शिक्षा बोर्ड की कक्षा 12वीं में जिला टॉप किया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था के अध्यक्ष संत सिंह हुड्डा, महासचिव सुभाष गहलोत, सचिव सुन्दर तेवतिया, देवेश हुड्डा, विद्यालय के चेयरमैन सुभाष चौधरी, विद्यालय के निदेशक मास्टर मुकेश, विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश बंसल ,दयाराम अधिवक्ता, बृगभान सूबेदार, मास्टर नरेश वैष्णव, मास्टर सुरेंद्र भाटी, मास्टर राजेश, मास्टर जगदीश, सुरेंद्र बांकुरा, डॉक्टर प्रवेश लांबा, देवी चरण वैष्णव, लोकेश शास्त्री, ओम दत्त शास्त्री, पंकज कौशिक एवं गांव के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### नगर निगम की लापरवाही से नाले में गिरा बछड़ा



**फरीदाबाद।** सेक्टर -23 स्थित संजय कालोनी में देर रात नगर निगम की लापरवाही के चलते गौंछी ड्रेन में एक गाय का बछड़ा गिर गया। नगर निगम ने नाले के ऊपर लगी जाली को सफाई के दौरान हटा दिया था। जिसके कारण बछड़ा नाले में गिर गया। हालांकि गोरक्षकों ने मौके पर पहुंच कर बछड़े को बाहर निकाल लिया। जानकारी के मुताबिक संजय कालोनी, पर्वतीया, जवाहर कालोनी के बीच में गौंछी ड्रेन है। जिसके ऊपर जाल लगे हुए थे। लेकिन बरसात को देखते हुए पिछले कुछ दिनों से नगर निगम के द्वारा नाले पर लगे जाल हटा दिए गए और नाले की सफाई के बाद भी वह नहीं लगाए। जिसके कारण यहां नाले में बीती रात एक बछड़ा गिर गया। बछड़े को गिरा देख मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने बहुत प्रयास किए, लेकिन बचाव न हो सका। लोगों ने गोरक्षकों को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही गौरक्षक मौके पर पहुंचे और उन्होंने गाय के बछड़े को बचाने का दोबारा प्रयास किया गया। लोगों का आरोप है कि नाले की सफाई के बाद यहां से न तो नगर निगम ने मलवा उठाया है और ना ही दोबारा नाले के ऊपर लगी जाली को लगाया है। जिसके कारण यहां नाले से निकली गंदगी के ढ़ेर पर आवारा पशुओं को मंडराते हुए साफ देखा जा सकता है। ऐसे में यहां आवारा पशु नाले में गिर रहे है। वहीं दूसरी तरफ देखा जाए, तो नाला खुला होने के कारण यहां कोई भी कभी भी गिर सकता है। लेकिन नगर निगम इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। लोगों का कहना है कि निगम को किसी बड़े हादसे का इंतजार है।

### बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार को ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने आजादी अमृत महोत्सव के तहत आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थानों को वर्ष 2023 के सुभाषचन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार प्रदान करने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं, जिसकी अंतिम तिथि 31 अगस्त 2022 है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के चैयरमेन एवं डीसी जितेंद्र यादव ने इस बारे में बताया कि आपदा प्रबंधन पुरस्कार हर वर्ष 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर घोषित किया जाता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 के लिए सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए पात्र व्यक्ति एवं संस्थान 31 अगस्त, 2022 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इससे संबंधित विस्तृत जानकारी और ऑनलाइन आवेदन फार्म www.awards.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। कोविड महामारी, बाढ़, भूकंप, अग्निकांड जैसी विपदा के समय पीड़ितों के पुनर्वास व सहायता के लिए जो संस्थाएं या सामाजिक कार्यकर्ता सेवा करते हैं, उनको इस आवेदन के योग्य माना गया है। डीसी ने कि इन पुरस्कारों के तहत आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्थान को 51 लाख रुपये और व्यक्तिगत स्तर पर पांच लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाता है। आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में व्यक्तिगत स्तर पर व संगठनों द्वारा किए जा रहे अमूल्य योगदान और नि:स्वार्थ सेवा को पहचान देने और उनको सम्मानित करने के उद्देश्य से इस पुरस्कार को शुरू किया गया है।

### शातिर बदमाश की गिरफ्तारी से छह वारदातों का खुलासा



**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान के द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा-निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेंट्रल प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह की टीम ने आरोपी विकास को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी विकास उत्तर प्रदेश, बुलंदशहर के गांव बेगमपुर का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना बीपीटीपी के एरिया से देसी पिस्टल सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ थाना बीपीटीपी में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। आरोपी से पूछताछ के दौरान चोरी के 6 मामलों का खुलासा हुआ है। आरोपी से चोरी के 10 मोबाईल फोन व 5 लाख 60 हजार रुपये नगद बरामद किए गए हैं। आरोपी ने पिछले 15/ 20 दिन में सेक्टर 76/77 में फ्लेटो में रात के समय नगद पैसे, पिस्टल वा मोबाईल फोनो की चोरी करने की 6 वारदातों को अंजाम दिया है।

# द्रौपदी मुर्मू के बुलावे पर मिलने गया था उनसे



## समर्थन देने का फैसला चार दिन में करेंगे: राजभर

भाषा। बलिया

**सुहेलदेव** भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने शनिवार को कहा कि वह राष्ट्रपति पद के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के बुलावे पर उनसे मिलने गए थे। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मुर्मू को समर्थन देने के मसले पर वह पार्टी नेताओं और विधायकों से बातचीत कर चार दिन में फैसला करेंगे। उन्होंने कहा कि वह समाजवादी पार्टी (सपा) का साथ नहीं छोड़ेंगे लेकिन अखिलेश यादव गठबंधन तोड़ेंगे तो इसके बाद वह निर्णय करेंगे। राजभर ने जिले के रसड़ा में पार्टी के प्रधान कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में द्रौपदी मुर्मू की बैठक में शामिल होने को लेकर अपनी स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा, वह मुर्मू के बुलावे पर उनसे मिलने गए थे। उन्होंने बताया कि वह शुक्रवार को मऊ में दल के एक कार्यक्रम में थे और तभी मुर्मू ने उन्हें आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि इसके बाद उनके अनुरोध का सम्मान करते हुए उन्होंने उनसे मुलाकात की। राजभर ने कहा कि मुर्मू ने उनसे उनका समर्थन करने का अनुरोध किया है। उन्होंने पार्टी नेताओं और विधायकों से बातचीत कर चार दिन में समर्थन के मसले पर निर्णय कर फैसले की जानकारी देने को कहा है।मुर्मू ने शुक्रवार को यहां राजग के सांसदों और विधायकों से अपने लिए समर्थन मांगा था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने पांच कालिदास मार्ग स्थित सरकारी आवास पर मुर्मू के सम्मान में रात्रिभोज आयोजित किया था। इस रात्रिभोज में भाजपा के सहयोगी दलों के नेताओं के अलावा सपा के गठबंधन में शामिल सुभासपा के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर, प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) के अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव भी शामिल हुए थे। शिवपाल सिंह यादव ने शनिवार को यह घोषणा कर दी है कि वह द्रौपदी मुर्मू को ही अपना वोट देंगे।राजभर ने सपा से गठबंधन में दरार को लेकर पूछे जाने पर कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के संयुक्त उम्मीदवार यशवंत सिन्हा के संवाददाता सम्मेलन में राष्ट्रीय लोकदल नेताा क जयंत चौधरी के उपस्थित रहने और उन्हें नहीं बुलाने को लेकर लोग तर्क-वितर्क कर रहे हैं। सुभासपा नेता ने कहा, हमारी तरफ से कोई दरार नहीं है। सब कुछ ठीक है। सुभासपा गठबंधन धर्म के निर्वहन के लिए कटिबद्ध है। हम सपा गठबंधन में हैं और रहेंगे। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव गठबंधन को तोड़ेंगे तथा उन्हें बाहर कर देंगे, तब इसके बाद वह निर्णय करेंगे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, हमारे लिए गठबंधन के विकल्प खुले हुए हैं, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) से भी गठबंधन का विकल्प खुला हुआ है, शिवपाल सिंह यादव से भी हाथ मिला सकते हैं। उन्होंने भाजपा से गठबंधन को लेकर पूछे जाने पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। उन्होंने केवल यह कहा कि अभी ऐसा कोई इरादा नहीं है।



आगरा में ताजमहल परिसर सख्त पहरे में है, इस दौरान दूरबीन से चौकसी करता सुरक्षाकर्मी

# ईद-उल-अजहा पर प्रदेश भर में चाक-चौबंद सुरक्षा

**लखनऊ।** मुस्लिम समुदाय के त्योहार ईद-उल-अजहा के मद्देनजर उत्तर प्रदेश में पुलिस ने सुरक्षा-व्यवस्था के चाक-चौबंद इंतजाम किए हैं और खुले स्थान पर कुर्बानी न किए जाने तथा प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न दिए जाने की स्पष्ट हिदायत दी गई है। अपर पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) प्रशांत कुमार की ओर से शनिवार को जारी एक बयान में कहा गया कि दस जुलाई को मनाई जाने वाली ईद-उल-अजहा को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस ने व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए हैं। बयान में कहा गया है कि राज्य के सभी जिलों में थाना स्तर पर शांति समिति की 3010 बैठकें, प्रदेश के इमामों और धर्मगुरुओं के साथ 3407 बैठकें की गई हैं। इसमें कहा गया है कि इन बैठकों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए खुले में कुर्बानी नहीं देने और प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस के अनुसार, राज्य भर के 1500 थानों में सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील कुल 2167 स्थान चिह्नित किए गए हैं। सुरक्षा-व्यवस्था के लिए कुल 28260 मस्जिदों और ईदगाहों में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है, जहां बकरीद की नमाज अदा की जाएगी। 10 जुलाई से पूरे राज्य में तीन दिन और मऊजिले में चार दिन तक यह त्योहार मनाया जाएगा। बयान के मुताबिक, बेहतर पुलिस प्रबंधन के लिए राज्य को 2422 सेक्टर में विभाजित किया गया है, जिसमें त्वरित कार्वाई के लिए 1539 त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी) तैनात किए गए हैं। प्रत्एक सेक्टर में पर्याप्त पुलिस बल के साथ मजिस्ट्रेट और समकक्ष पुलिस अधिकारी मौजूद रहेंगे। इस उत्सव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए स्थानीय पुलिस के अलावा पीएसी (प्रांतीय सशस्त्र बल) बल की 152 कंपनियों को राज्यभर में भेजा गया है। प्रदेश के 11 अति संवेदनशील जिलों में केंद्रीय पुलिस बल की 11 कंपनियां उपलब्ध कराई गई हैं। इसमें कहा गया है कि सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील स्थानों पर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं और पुलिस पिकेट स्थापित की गई हैं तथा संवेदनशील इलाकों और मार्गों पर यूपी-112 के वाहनों की व्यवस्था की गई है। बयान के अनुसार, उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय और जिला सोशल मीडिया सेल द्वारा विभिन्न सोशल मीडिया मंचों जैसे ट्विटर, व्हाट्सऐप, फेसबुक, इंस्टाग्राम और अन्य पर कड़ी नजर रखी जा रही है ताकि सांप्रदायिक तनाव भड़काने वाले किसी भी पोस्ट की जांच की जा सके।

# मोहम्मद जुबैर को लखीमपुर खीरी पुलिस ने वारंट तामील कराया, 11 जुलाई को किया तलब

**लखीमपुर खीर।** ऑल्ट न्यूज के सह-संस्थापक मोहम्मद जुबैर को सीतापुर में दर्ज एक मामले में उच्चतम न्यायालय से अंतरिम जमानत मिलने के बाद लखीमपुर पुलिस ने एक अन्य मामले में वारंट तामील कराया है। जुबैर के खिलाफ यह वारंट दुश्मनी को बढ़ावा देने के मामले में 2021 में दर्ज प्राथमिकी से संबंधित है। जुबैर को इस मामले में 11 जुलाई को अदालत में पेश होने को कहा गया है। अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पीटीआई-भाषा को बताया कि अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) मोहम्मदी की अदालत ने मोहम्मद जुबैर के खिलाफ वारंट बी जारी किया था, जिसे शुक्रवार को खीरी पुलिस ने तामील करा दिया।वही, मोहम्मदी थाना प्रभारी अंबर सिंह ने कहा,"मोहम्मद जुबैर के खिलाफ एक निजी समाचार चैनल के रिपोर्टर आशीष कटियार ने 25 नवंबर, 2021 को खीरी अदालत के आदेश से मामला दर्ज कराया था।"उन्होंने कहा कि अपनी शिकायत में कटियार ने जुबैर पर चैनल के बारे में ट्वीट कर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया था।अंबर सिंह ने कहा,"शुक्रवार को खीरी पुलिस सीतापुर पहुंची और मोहम्मदी एसीजेएम की अदालत द्वारा जारी वारंट सीतापुर जिला जेल अधिकारियो को सौंप दिया जहां जुबैर बंद है।"

## मऊ क्षेत्र की महिलाओं को गम्भीर केसों में नहीं जाना होगा बाहर

**चित्रकूट।** मऊ तहसील के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पहली बार गर्भवती महिला का सर्जरी से आपरेशन कर डॉक्टरों ने कहा कि जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ्य हैं। अब गम्भीर केसों में महिलाओं को बाहर नहीं जाना पडेगा। शनिवार को मऊ तहसील के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पहली बार सीजेरियन आपरेशन हुआ। महिला ने स्वस्थ्य शिशु को जन्म दिया। जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ्य हैं। एमओआईसी डॉ धर्मराज सरोज ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मऊ में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति एक और कदम बढाया गया है, जो पूरी तरह सफल रहा। यहां आपरेशन की सुविधा की शुरुवात हो गई है। सीजेरियन आपरेशन से गर्भवती महिला ने स्वस्थ्य शिशु को जन्म दिया है। डीजीओ डॉ मोनिका गुप्ता की अगुवाई में ये सर्जरी की गई। डॉ सरोज ने बताया कि अब गर्भवती महिलाओं को गम्भीर मामलों में जिला अस्पताल नहीं जाना पडेगा। इस मौके पर डॉ सत्येन्द्र सिंह, फार्मासिस्ट संतोष कुमार, स्टाफ नर्स सिंधु, वार्ड ब्वाय कामता प्रसाद, राहुल व राज कुमार का सहयोग रहा। मऊ तहसील के लोगों के लिए ये एक अच्छी व्यवस्था है। अब क्षेत्र की महिलाओं को इलाज को बाहर नहीं जाना पडेगा। अभी तक गम्भीर केसों में डिलेवरी को महिलायें प्रयागराज जाती थीं। अब ये सुविधा मऊ में ही उपलब्ध है।

## छात्र को स्कूल के कमरे में बंद करने के मामले में हुई कार्रवाई

# प्रधान अध्यापिका को किया गया निलंबित

### पांच अन्य शिक्षकों पर कार्रवाई करते हुए उनकी वेतन वृद्धि पर रोक लगा दी गई है

भाषा। बलिया

**जिले** में एक प्राथमिक विद्यालय में एक छात्र को कमरे में बंद कर विद्यालय कर्मियों के घर चले जाने के मामले में प्रधान अध्यापिका को निलंबित कर दिया गया है तथा पांच अन्य शिक्षकों पर कार्रवाई करते हुए उनकी वेतन वृद्धि पर रोक लगा दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मनिराम सिंह ने जिले के बेरूआरबारी शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सुखपुरा नंबर-। में पहली कक्षा में पढ़ने वाले आदित्य नामक छात्र को कक्षा में बंद कर विद्यालय कर्मियों के घर चले जाने के मामले में प्रधान अध्यापिका उर्मिला देवी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है तथा विद्यालय में कार्यरत पांच शिक्षकों-अफरोज आरा, प्रियंका यादव, शांति गोंड मीरा देवी व सुरेन्द्र नाथ सिंह की वेतन वृद्धि पर रोक लगा दी है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सोशल मीडिया पर शुक्रवार को वीडियो वायरल होने के बाद खंड शिक्षा अधिकारी हिमांशु मिश्र को मामले की जांच सौंपी थी। मामले में खंड शिक्षा अधिकारी की जांच रिपोर्ट में प्रधान अध्यापिका व पांच शिक्षकों को लापरवाही का जिम्मेदार पाया गया है। अधिकारियों के अनुसार, घटना गत बृहस्पतिवार को हुई जब संबंधित छात्र स्कूल के कमरे में रह गया और कर्मचारी कमरा बंद कर घर चले गए।

**गोंडा में बच्ची से किशोर ने किया दुष्कर्म, मामला दर्ज:** गोंडा। जिले के धानेपुर थाना क्षेत्र में सात वर्षीय एक बच्ची से रिश्ते में चाचा लगने वाले एक किशोर द्वारा कथित तौर पर दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि पांच जुलाई को हुई घटना के संबंध में पुलिस ने शुक्रवार की रात आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया और उसे पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि बच्ची के पिता की शिकायत पर शुक्रवार रात मामला दर्ज किया गया। सदर पुलिस क्षेत्राधिकारी विनय कुमार सिंह ने शनिवार को घटनास्थल का निरीक्षण कर आरोपी किशोर को पकड़ने का निर्देश दिया।

**एटा में किशोरी के साथ दुष्कर्म, मामला दर्ज:** एटा। जिले के मलावन थाना क्षेत्र में एक किशोरी के साथ गांव के ही एक युवक द्वारा कथित तौर पर दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है।

पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है। पीड़िता के पिता की तहरीर के अनुसार, शनिवार सुबह घर में उनकी नाबालिग बेटी अकेली थी और घर के सभी लोग काम से बाहर गए थे। गांव के ही अमर नामक युवक ने आकर उनकी बेटी से कहा कि उसकी मां का गांव के बाहर एक्सीडेंट हो गया है। इसके बाद उसने किशोरी को ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। सकीट के क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार त्यागी ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर कार्वाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है और आरोपी की तलाश की जा रही है।

## जांच करने गई पुलिस पर हमला, चार महिलाओं समेत सात गिरफ्तार

**गोंडा।** जिले में मोतीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में भूमि विवाद हल कराने मौके पर पहुंची पुलिस पर ग्रामीणों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मामले में पुलिस ने चार महिलाओं समेत सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि थाना क्षेत्र के कहोबा मजरा खिरई खिरवा निवासी जगदेव ने स्थानीय पुलिस को जमीन संबंधी विवाद का निपटारा कराने के लिए शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था जिसके मद्देनजर कहोबा चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार गौतम पुलिसकर्मियों के साथ शुक्रवार शाम मौके की जांच के लिए गांव गए हुए थे। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान मौके पर मौजूद लोगों की पुलिस से नोकझोंक हो गई और ग्रामीण मारपीट पर आमादा हो गए। उन्होंने कहा कि पुलिस ने घटना का वीडियो बनाने की कोशिश की तो ग्रामीणों ने लाठी-डंडों से पुलिस बल पर प्रहार कर दिया, जिससे एक आरक्षी को चोट आई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सूचना पाकर भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी प्रबोध कुमार ने वरुण, राम बहादुर, विपिन, मिथिलेश कुमारी, मनीषा, नीलम देवी तथा सोनी गौतम निवासी गण ग्राम कहोबा थाना मोतीगंज को गिरफ्तार कर लिया जिन्हें जेल भेज दिया गया है। पुलिस घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। चौकी प्रभारी की तरफ से स्थानीय थाने में नामजद आरोपियों के अलावा दर्जनों अज्ञात लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कराया गया है।

## फतेहपुर के लाल को मिला वर्ल्ड ग्रेटेस्ट रिकॉर्ड का पुरस्कार

**फतेहपुर।** जनपद एक से बढ़कर एक प्रतिभाओं से भरा हुआ है। ऐसे ही जिले के एक होनहार युवा को वर्ल्ड ग्रेटेस्ट रिकॉर्ड क्रिकेट के लिए प्रदान किया गया है। जहानाबाद कस्बे के दारागंज मोहल्ले में रहने वाले शिवम बड़े एक प्रोफेशनल क्रिकेट खिलाड़ी हैं। इनके पिता कानपुर में एक प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं। शिवम ने 2 साल पालिका स्टेडियम में क्रिकेट का प्रशिक्षण भी लिया है और जिले की तरफ से आगरा, प्रयागराज, दिल्ली, लखनऊ एवं कोलकाता जैसे बड़े शहरों में क्रिकेट खेल चुके हैं। यह उत्तर प्रदेश ग्रामीण क्रिकेट एसोसिएशन से 2019 में मैनपुरी में चौंपियन भी रहे हैं। इन्हें हाल ही में एलआईटी फाउंडेशन द्वारा वर्ल्ड ग्रेटेस्ट रिकॉर्ड इन क्रिकेट का सम्मान दिया गया है।

## लंबे इंतजार के बाद आया मानसून

**प्रयागराज।** लंबे इंतज़ार के बाद जाने माने गायक संगीतकार दर्शन रावल ने बेसब्री से इंतज़ार किया जा रहा मानसून पर आधारित गाना बारिशों में रिलीज़ किया। प्यार से भरा जुनूनी और इतना खूबसूरत कि दिल को छू ले यह गीत इस बात की याद दिलाता है कि कैसे बारिश हमारी बेहद कीमती यादों को लौटा ला सकती है। आरिफ खान द्वारा निर्देशित यह म्युज़िक वीडियो सिनेमा के जैसा माहौल तैयार कर देता है और इसमें दर्शन के साथ दिलकश मालविका शर्मा हैं। बारिशों में एक सदाबहार नग़मा बनने का दम नज़र आता है जो आपकी निश्चित तौर पर आपकी प्लेलिस्ट पर बना रहेगा। इस मौसम के लिए अपने प्यार का इज़हार करते हुए सरगम के बादशाह दर्शन ने बताया मानसून इश्क़ और यादों का मौसम है और दिल को छू लेने वाला संगीत के अलावा इसे मनाने का इससे बेहतर तरीका और क्या हो सकता है।

## ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**कौशांबी।** जिले के कोखराज थाना इलाके में दिल्ली-हावड़ा रेल लाइन पर पटरी पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। कोखराज के थाना प्रभारी गणेश प्रसाद सिंह ने शनिवार को बताया कि थाना क्षेत्र के भदवा गांव निवासी इंदल (63) आज पूर्वाह्न किसी काम से कल्याणपुर बाजार जा रहे थे और इस दौरान कल्याणपुर स्थित रेलवे क्रॉसिंग पार करते समय वह एक ट्रेन की चपेट में आ गए।

# चित्रकूट की शीतल धारा से मिली थी हनुमान को लंका दहन के तपन से मुक्ति

रतन पटेल। चित्रकूट

**विंध्य** पर्वत श्रृंखला के मध्य स्थित विश्व प्रसिद्ध पौराणिक तीर्थ चित्रकूट के प्रमुख स्थल 'हनुमान धारा' का धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टिकोण से विशेष महत्व है। पहाड के शिखर पर स्थित इस पावन धाम से निकली अविरल जलधार से असुरराज रावण की सोने की लंका का दहन करने वाले राम भक्त हनुमान को तपन से मुक्ति मिली थी। देश-दुनिया में हनुमान धारा के नाम से विख्यात प्राचीन धाम के दर्शन के लिए प्रतिमाह लाखों श्रद्धालुओं का जमावडा लगता है।

आदितीर्थ के रूप में समूचे विश्व में विख्यात भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट की महिमा का गुणगान स्वयं संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामचरित मानस में किया है। ''चित्रकूट निश दिन बसत प्रभु सिय लखन समेत।'' चौपाई के माध्यम से गोस्वामी तुलसीदास जी ने बताया है कि चित्रकूट ही सृष्टि का एक मात्र ऐसा पावन धाम है जहां पर प्रभु श्रीराम,माता सीता






और लखन के साथ नित्य निवास करते हैं। इस पावन भूमि से भक्त हनुमान का भी गहरा सम्बंध है। विंध्य पर्वत श्रृंखला के मध्य बसे चित्रकूट के हनुमान धारा में ही राम भक्त हनुमान जी को वह सुख और शांति मिली थी जो पूरे ब्राह्मांड में हासिल नहीं हुई। इस पवित तीर्थ स्थल को लेकर किवदंती है कि जब लंका दहन में हनुमान जी भगवान का पूरा शरीर तप गया था। लंका विजय के बाद हनुमान जी ने अपने आराध्य प्रभु श्रीराम से शरीर के तपन को शांत करने का उपाय पूछा। तब प्रभु श्रीराम ने उन्हें उपाय बताया कि विंध्य पर्वत पर जाएं। जहां पर आदिकाल के ऋषि-मुनियों ने तप किया था। उस पवित्र भूमि की प्राकृतिक सुषमा से युक्त स्थान पर जाकर तप करो। हनुमान जी ने चित्रकूट आकर विंध्य पर्वत श्रृंखला की एक पहाड़ी में श्री राम रक्षा स्त्रोत का पाठ 1008 बार किया। जैसे ही उनका अनुष्ठान पूरा हुआ ऊपर से एक जल की धारा प्रकट हो गयी। जलधारा शरीर में पड़ते ही हनुमान जी के शरीर की तपन शांत हुई और शीतलता की प्राप्त हुई। आज भी यहां वह जल धारा के निरंतर गिरती है। इसी वजह से पूरे देश में इस पावनधाम को 'हनुमान धारा' के रूप में जाना जाता है। इस पवित्र स्थल की महिमा का बखान करते हुए कामदगिरि प्रमुख द्वार के महंत मदन गोपालदास महाराज एवं गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक डा0रामनारायण त्रिपाठी कहते है कि धर्म नगरी चित्रकूट के कण-कण में भगवान श्रीराम का वास है। देश के अन्य तीर्थों में तो प्रभु कुछ क्षण ही रहे होगें लेकिन चित्रकूट ही एक मात्र ऐसा पावन तीर्थ है, जहां भगवान श्रीराम माता सीता और अनुज लखन के साथ साढे 11 वर्षो तक निवास किया था। इसी पावन भूमि पर स्थित हनुमान धारा पर लंका का दहन करने वाले रामभक्त हनुमान के शरीर का पतन शांत हुआ था। इस तीर्थ स्थल में विद्यमान हनुमान जी की विशाल मूर्ति पर लगातार गिरने वाली शीतल जलधारा हो देखने एवं पूजन-अर्चन के लिए हनुमान जयंती आदि पर्वो के साथ-साथ हर महीनें देश भर से लाखों श्रद्धालुओं का जमावडा लगता है। भरत मंदिर के महंत दिव्य जीवन दास महाराज चित्रकूट में पहाड के शिखर पर प्रकटी शीतल जल धारा की महिमा का बखान करते हुए कहते है कि इस पर्वत से निकलने वाली धारा की अलग ही विशेषता है। बताया कि प्राचीन मान्यता है कि इसके जल से स्नान करने से चर्म रोग का समन होने के साथ-साथ पेट सम्बंधी रोग खत्म हो जाते हैं। इसी वजह से देश भर से आने वाले श्रद्धालु हनुमान धारा के पवित्र जल को ले जाना नहीं भूलते। ऊंची पहाड़ी पर स्थित हनुमान धारा में पहुंचने के लिए पहले श्रद्धालुओं को 360 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती है।

## न तू कम न मैं

जेल महकमे के दो मंत्रियों के बीच चल रही रस्साकशी इस समय सियासी गलियारों में चर्चा का विषय बनी हुई है। अभी तक तक दबी जुबान में इसकी चर्चा थी लेकिन अब तो सार्वजनिक मंच पर दोनों के बीच भिड़ंत हो रही है। अभी पिछले दिनों महकमे के एक ट्रेनिंग स्कूल में आयोजित पासिंग आउट परेड के कार्यक्रम में इसका नजारा देखने को मिला। दरअसल भगवा मुखिया ने जेल महकमे में दो मंत्री बना रखे हैं। इनमें एक बतौर स्वतंत्र प्रभार काम देख रहे हैं वहीं उनके साथ में एक राज्यमंत्री को भी लगा रखा है। यह राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार वाले मंत्री को फूटी आंखों नहीं भाते। अधिकारी भी इससे वाकिफ हैं इसलिए राज्यमंत्री को कोई घास नहीं डालता। कार्यक्रम में दोनों मंत्रियों के आने का समय निर्धारित था लेकिन स्वतंत्र प्रभाव वाले मंत्री तय वक्त से दस मिनट पहले आ धमके। उन्होंने गार्ड-ऑफ-आनर लेने के बाद कार्यक्रम आरंभ करा दिया। राज्यमंत्री जब पहुंचे तो उनकी अगवानी में एक भी अधिकारी-कर्मचारी मौजूद नहीं था। वह तमतमाते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और मंच पर बैठ गए। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में स्वतंत्र प्रभार वाले मंत्री ऊपर से लेकर नीचे तक सभी अधिकारियों का नाम लिया मगर राज्यमंत्री का जिक्र तक नहीं किया। आखिरकर राज्यमंत्री के सब्र का बांध टूट गया और वह मंच पर ही स्वतंत्र प्रभार वाले मंत्री से भिड़ गए। उन पर अपमानित करने सहित तमाम आरोप लगा डाले। वाद विवाद बढ़ने लगा तो महकमे के वरिष्ठ अधिकारियों ने हस्तक्षेप करके दोनों को किसी तरह शांत कराया।



## नारी का भय

भाजपा के अनेक पुराने दिग्गजों को पीछे धकेल कर अचानक बड़ी ताकत बने योगी सरकार के एक मंत्री न जाने क्यों महिलाओं से बहुत घबराते हैं। पिछले दिनों मंत्री के करीबी मित्र ने उन्हें फोनकर महिला संगठन की एक पदाधिकारी से मिलने का समय मांगा। महिला का नाम सुनते ही मंत्री जी अपने मित्र से बोले कि उन्हें अकेले मत भेजना। किसी अकेली महिला से वह नहीं मिलते। उन्हें मिलना है तो अन्य लोगों को भी साथ लाएं। मित्र ने महिला संगठन की पदाधिकारी को मंत्री जी के दिशा-निर्देशों के साथ मिलने का समय दिला दिया। बात आयी और गई लेकिन इस घटना के बाद मंत्री के मित्र उन कारणों को तलाशने में जुट गये कि आखिरकार मंत्री किसी अकेली महिला से क्यों नहीं मिलते। अभी तो उनके मित्र को जो पता चला उसके अनुसार काफी समय पहले मंत्री जी से कोई महिला किसी काम से मिलने आईं थीं। मंत्री ने उस महिला की मदद के लिये सीएम योगी से सिफरिश भी की थी। कुछ ही दिनों बाद उक्त महिला सेक्स रैकेट के धंधें में पकड़ी गईं और मामला अखबारों की सुर्खियां बना। मंत्री महिला का चित्र देखकर पहचान गए। इस घटना के बाद से मंत्री ने अकेली महिला से मिलना बंद कर दिया है। योगी सरकार के यह मंत्री पहले बसपा में थे और अब योगी सरकार का अहम हिस्सा बन चुके हैं।

## शार्ट सर्किट का अंदेशा

प्रदेश में उजाला फैलाने वाले विभाग में अब शाट सर्किट की उम्मीद बढ़ गई है। दरअसल अभी तक लंबे समय से एक साहब की ही चलती थी क्योंकि वह ही महकमे में




अध्यक्ष से लेकर प्रमुख सचिव तक थे लेकिन अब विभाग के एसीएस का पद एक दूसरे अधिकारी को मिल गया है जो कि इस समय सरकार के नाक, कान और आंख कहलाए जाते हैं। साहब जो कि अभी तक विभाग के सीएमडी थे और भगवा दल के पिछले कार्यकाल से वह इसी विभाग में बेहतरीन बल्लेबाजी करते आ रहे हैं लेकिन अब उन्हें थोड़ा आराम से खेलना पड़ेगा। दरअसल इसी विभाग के एसीएस का जिम्मा एपीसी के पास था जो कि सेवानिवृत्त हो गए। जब तक उनके पास एसीएस का जिम्मा था वह अपने स्वाभाव के कारण विभाग में ज्यादा हस्तक्षेप नहीं करते थे लेकिन अब ऐसा नहीं चलेगा क्योंकि नए वाल साहब के रिटायरमेंट के भले ही दो माह शेष रह गए हो लेकिन वह पूरी शिद्दत से विभाग का काम-काज देखते हैं। ऐसे में अब दो पावर पोल के बीच शाट सर्किट होने की उम्मीद बढ़ गई है।

## साहब को करो खुश

कमीशन एजेंट जा चुका है। नये साहब आने के बाद नगर निगम में एक फिर शहर में सफाई, सिंगल प्लास्टिक पर कार्रवाई का अभियान शुरू हो गयी है। नये साहब जब एक बार शासन के कार्यक्रम के तहत प्लांटेशन करने गए नये साहब को झेंप लगी। जब शासन के एक अधिकारी ने एकाएक कह दिया नगर निगम से कमीशन एजेंट की छुट्टी हो चुकी है। साहब यह बात सुनकर शर्मशार और आश्चर्य दोनों हुए। फिर क्या था। साहब ने आकर आला अधिकारियों पर नकेल लगाने के लिए खास रणनीति बनाई। पहले से ही किनारे पड़े एक दो नंबर के अधिकारी को अपना सिपहसालार बनाया। वह भी पहले कई वर्षों से अधिकारियों की उदासीनता झेलनी पड़ी। नये साहब ने आनन फानन में बड़े प्रोजेक्ट और अधूरे कार्य शुरू करने के निर्देश दिया है। फिर क्या था। साहब के आदेश पर पेट्रोल पंप पर कार्रवाई करना हो या रात्रि में सफाई कराने का कार्य हो। अधिकारियों को लग रहा है साहब को खुश करने का सबसे मुफीद मौका है।

## करे कोई भरे कोई

इन दिनों एक स्कूल पर कब्जे का मुद्दा तेजी से छाया हुआ है। शिक्षा माफियाओं ने गर्मियों की छुट्टियों में नई संस्था खोल पुराने स्कूल का हिसाब-किताब चुकता करने के मूड में थी। इन सबके पीछे सफेदपोश व शिक्षा माफिया का हाथ बताया जा रहा है। कहा तो यहां तक जा रहा है कि स्कूल की ऐसी तैसी करने का कुचक्र पिछले तीन-चार सालों से चल रहा था जिसको हासिल करने के लिए सफेदपोश शिक्षा माफिया ने कमेटी में अपने आदमी रख कर नई संस्था का रजिस्ट्रेशन करा कर नया स्कूल चलाने की तैयारी कर ली थी। मगर खबर जैसे ही खास से आम हुई तो चारों तरफ की कारगुजारियां सामने आने लगीं। शासन की चाबुक चलते ही कलेक्टर साहब पहुंच गए आजाद कराने। आनन फानन में उन्होंने स्कूल को मुक्त कराया। अब ऐसे में नए नवेले डीआईओएस साहब को सारी परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। यह काम तो पुराने साहब के समय का था। साहब ही जो किये वो किये। अब ऐसे में नए साहब को फाइल मेंटेन करनी पड़ रही है। इसे कहते हैं करे कोई भरे कोई।

## चचा का बचा दांव

चाचा की पटखनी ने भतीजे को चारों खाने चित कर दिया है। यह वही भतीजा है जो पिता के रहमों करम पर प्रदेश का मुखिया बना था। उसके बाद से तो यह अपने आप को राजनीति का बड़ा धुरंधर मानने लगे। इस व्यक्ति ने राजनीति का सबसे पहला प्रयोग अपने पिता पर ही किया। उनको बेदखल कर पूरे समाजवाद के साम्राज्य पर अपना आधिपत्य जमा लिया। मनमाफिक राजनीति करने लगा। इसी राजनीति के तहत अपने चाचा को मनमाफिक करना था पर ऐसा कर न सका। चाचा भी बस मौके की तलाश में थे कि कब भतीजे को पटका जाए। मौके तो कई मिले लेकिन चाचा की शायद हिम्मत नहीं पड़ी। बीते कई दिनों से भतीजे के पास मौजूद ओम का प्रकाश हिलोरे मार रहा था। बस फिर क्या था। चाचा ने उसी ओम के प्रकाश का सहारा लिया और भतीजे को एक मजबूत पटखनी दे दी। उत्तर प्रदेश की राजनीति में अब भतीजा चारों खाने चित पड़ा हुआ है। उसे सूझ नहीं रहा वह क्या करे।



रिकाई 28 माह में तैयार हुआ बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे

# मुख्य सचिव व एसीएस होम ने किया निरीक्षण

● पीएम मोदी 16 जुलाई को करेंगे लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**यूपी** के दूसरे सबसे बड़े बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 16 जुलाई को करेंगे। इस बाबत प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा और अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी ने शनिवार को एक्सप्रेस-वे के लोकार्पण की तैयारियों का जायजा लिया। बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे लगभग 28 महीने के रिकॉर्ड समय में बनकर तैयार हुआ है। इससे प्रदेश के सात जिलों इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, बांदा और चित्रकूट की तकदीर बदलना तय है। यूपीडा के सीईओ अवनीश अवस्थी ने इस दौरान उदघाटन स्थल का जायजा लिया और जिलाधिकारी समेत पुलिस के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

यूपी के बुंदेलखंड को दिल्ली से जोड़ने के लिए चित्रकूट से लेकर इटावा तक बने बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे लोकापर्ण 16 जुलाई को पीएम मोदी करेंगे। इसके पहले पीएम मोदी को इसी लोकार्पण के लिए 12 जुलाई को आना था लेकिन एक्सप्रेस वे के अधूरे निर्माण को लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से आपत्ति जताई गई थी। जिसके बाद बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे लोकार्पण को लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से 16 जुलाई की तिथि निर्धारित की गई है। शनिवार की सुबह सीएस, एसीएस होम, डीजीपी,ने हवाई सर्वेक्षण किया। पीएम मोदी के आगमन से पहले उसकी सुरक्षा और समीक्षा के लिए अधिकारियों ने हेलीकाप्टर से दौरा किया। इस दौरान आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे को जोड़ने वाले स्थान इटावा के कुदरेल से चित्रकूट तक निरीक्षण किया गया। लखनऊ से चलकर मुख्य सचिव व अपर मुख्य सचिव ने बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे का हेलीकाप्टर से हवाई सर्वेक्षण करते हुए किलोमीटर 280 पर बने हेलीपैड पर उतरे। मुख्य सचिव ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का काम अगले दो-तीन दिनों में पूरा हो जाएगा। मुख्य सचिव ने कहा कि एक्सप्रेस-वे कम समय में बनकर तैयार हुआ है। इससे बुंदेलखंड के जिलों को लाभ होगा। चित्रकूट की कनेक्टिविटी दिल्ली व लखनऊ से कम समय की रह जाएगी। इस पर इंडस्ट्रियल कारिडोर भी विकसित किया जाएगा, लोगों को रोजगार मिलेगा और जिलों का विकास होगा। यूपीडा कार्यपालक अधिकारी अवनीश अवस्थी ने कहा कि दावा किया है कि उन्होने चीफ सेक्रेटरी और डीजीपी के साथ बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे का पंद्रह किलोमीटर का हवाई निरीक्षण करके प्रगति समीक्षा की है। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि एक्सप्रेसवे शुरू होने से बुंदेलखंड में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे है जो सबसे कम समय में पूरा किया गया है। 16 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करेंगे। इसके लिए एक्सप्रेसवे का काम लगभग पूरा है। बचे हुए काम को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। 29 फरवरी 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही इसका शिलान्यास किया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में प्रधानमंत्री मोदी इसका उद्घाटन आगामी 16 जुलाई को करेंगे।



जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो एबी की मौत पर भारत में एक दिन के राष्ट्रीय शोक पर यूपी विधानसभा का आधा झुका राष्ट्रीय ध्वज

## सीएम ने बकरीद पर प्रदेशवासियों को दी बधाई



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने ईद-उल-अजहा के पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। जारी एक बधाई संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि ईद-उल-अजहा का त्यौहार सभी को मिल-जुल कर रहने तथा सामाजिक सद्भाव बनाए रखने की प्रेरणा प्रदान करता है। मुख्यमंत्री ने लोगों से कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत सभी सावधानियां बरतते हुए ईद-उल-अज़हा मनाने की अपील की है।

## महंगाई के विरोध में आप का प्रदर्शन

● सड़क पर चूल्हा जलाकर जताया विरोध

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**आम** आदमी पार्टी के महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष नीलम यादव और पंचायत प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष विनय पटेल के संयुक्त नेतृत्व में आप के कार्यकर्ता निरन्तर बढ़ रही महंगाई के विरोध में पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य भवन चौराहे पर चूल्हा जलाकर जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। पुलिस ने बलपूर्वक प्रदर्शन को रोकने का प्रयास किया। इस दौरान आप कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की हुई। काफी जद्दोजहद के पश्चात पुलिस ने सभी प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार करकें इको गार्डन भेज दिया। पुलिस के इस कायराना हरकत पर पार्टी के राज्यसभा सांसद और प्रदेश प्रभारी संजय सिंह ने ट्विटर के माध्यम से कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 'महंगाई से मारेंगे और डंडे से भी'। उन्होंने विनय पटेल के फोटो को शेयर करते हुए लिखा कि योगी जनता महंगाई से मर रहीं हैं और आपकी पुलिस हमारे कार्यकर्ताओं का गर्दन दबा कर मारने में लगी हुई हैं। प्रदर्शन के दौरान महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष नीलम यादव ने पुलिस की दादागिरी का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि कमर-तोड़ महंगाई के विरोध को सहने की ताकत सीएम योगी मे नहीं हैं। अपने नाकामी को छिपाने के लिये आमजन की आवाज़ को बलपूर्वक दबाने का प्रयास पुलिस के बल पर किया जा रहा हैं। पंचायत प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष विनय पटेल ने योगी सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि महंगाई ने लोगों का जीना दूभर कर दिया हैं। जनता यदि व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाती हैं, तो प्रशासन के दमनात्मक रवैये का शिकार होना पड़ता हैं।

## राशन कोटेदारों का कमीशन बढ़ेगा

**लखनऊ।** राशन कोटेदारों को योगी सरकार बड़ा तोहफा देने की तैयारी में हैं। यह तोहफा राशन वितरण पर कोटेदारों को मिलने वाला कमीशन है। इसमें करीब बीस रुपए प्रति कुन्तल की बढोत्तरी होने की संभावना है। अगले हफ्ते सीएम योगी इसका ऐलान कर सकते है। कोटेदारों का कमीशन बढ़ाने की कवायद साल 2021 से ही चल रही है। खाद्य एवं रसद विभाग देश के सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में कोटेदारों को मिलने वाले कमीशन की जानकारी एकत्र करने में जुटा था। संभावना है कि कोटेदारों को मिलने वाले प्रति कुंतल कमीशन में 20 रुपए तक का इजाफा होगा। कोटेदारों को अभी प्रति कुंतल राशन बांटने पर 70 रुपए मिलते हैं। यदि 20 रुपए की बढ़ोत्तरी हुई तो कमीशन बढ़ कर 90 रुपये प्रति कुंतल हो जाएगा। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री योगी इसकी घोषणा 14 जुलाई को कर सकते हैं।

## भाजपा के खोखले राष्ट्रवाद को पहचानिएः शोभा ओझा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**महिला** कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष शोभा ओझा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आतंकवाद पर राजनीति के पक्ष में कभी नहीं रही है लेकिन आज जो हालात हैं और जिस तरह से एक के बाद एक घटनाओं में लगातार आतंकियों तथा अपराधियों के तार भाजपा से जुड़े मिले हैं वैसे में सवाल पूछना जरूरी हो जाता है कि भाजपा राष्ट्रवाद की आड़ में देश के साथ कितना घिनौना खेल खेल रही हैं।

शोभा ओझा ने कहा कि हम आप सभी से अपील करते हैं कि भाजपा के खोखले राष्ट्रवाद को पहचानिए। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों उदयपुर में कन्हैया लाल की हत्या में शामिल एक आरोपी मोहम्मद रियाज अत्तारी बीजेपी का कार्यकर्ता निकला। इसने बाकायदा बीजेपी के नेताओं की उपस्थिति में पार्टी की सदस्यता ली थी। उन्होंने कहा कि यह बात सामने आई है कि रियाज राजस्थान विधानसभा में बीजेपी के नेता और पूर्व मंत्री गुलाबचंद कटारिया के दामाद एवं पूर्व पार्षद अतुल चंडालिया की फैक्ट्री में काम कर चुका है। इसे भाजपा के कई कार्यक्रमों में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ देखा गया है। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए लश्कर ए तैयबा के दो आतंकवादियों में से एक 'तालिब हुसैन शाह' भाजपा का पदाधिकारी निकला। इसकी बीजेपी के कई वरिष्ठ नेताओं के साथ देश के गृह मंत्री अमित शाह के साथ भी तस्वीर है। और जब ये पकड़ा गया तब पवित्र अमरनाथ यात्रा के लिए जा रहे श्रद्धालुओं पर हमले की योजना बना रहा था। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं बीजेपी सत्ता के लिए अपराध सिद्ध आतंकवादी को भी टिकट देने से नहीं चुकी है।

# साधना को 21 साल के इंतजार के बाद मिला था पत्नी का अधिकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**देश** के दिग्गज नेता और सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव की जिन्दगी में दिवंगत साधना गुप्ता का करीब चालीस साल पहले कदम रखा था। तमाम पारिवारिक झंझावतों के बीच मुलायम ने करीब बीस साल तक इस रिश्ते को जिन्दा रखा और अपनी पहली मालती देवी के निधन के बाद इस रिश्ते को साल 2003 मे नाम दिया। इस तरह साधना गुप्ता को पत्नी का अधिकार पाने के लिए लगभग 21 साल के लम्बे इंतजार करना पड़ा था। जानकारों के मुताबिक बात 1982 की है जब देश में कांग्रेस टूट रही थी, उस समय मुलायम सिंह यादव प्रदेश की राजनीति में मजबूत नेता के रूप में उभर कर सामने आए थे। उस समय मुलायम सिंह यादव अपनी पहली पत्नी मालती देवी के साथ रहते थे। साधना गुप्ता उस समय एक अस्पताल में नर्सिंग की ट्रेनिंग कर रही थीं। साधना राजनीति से जुड़े कार्यक्रम में अक्सर आया जाया करती थीं। उसी समय मुलायम की नजर साधना पर पड़ी थी। दोनों के करीब आने के पीछे मुलायम की मां थीं। मुलायम की मां अक्सर बीमार रहती थीं। मां के इलाज को लेकर मुलायम ने सैफई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। इत्तिफाक से मुलायम की मां की देखभाल के लिए साधना गुप्ता को लगाया गया था। अस्पताल में भर्ती मुलायम की मां का इलाज चल रहा था। एक दिन नर्स मुलायम की मां को गलत इंजेक्शन लगाने जा रही थी। इस दौरान साधना गुप्ता भी वहां मौजूद थीं। साधना की नजर पड़ते ही गलत इंजेक्शन लगाने से रोक लिया था। इसकी जानकारी जब मुलायम को हुई तो वह साधना पर काफी प्रभावित हो गए। दोनों के बीच नजदीकियां बढ़नी लगीं।



साधना गुप्ता के देहांत की सूचना मिलने के बाद विक्रमादित्य मार्ग स्थित मुलायम सिंह यादव के आवास पर पहुंचे सपा कार्यकर्ताओं की भीड़

मुलायम और साधना के बीच 1982 से लवस्टोरी शुरू हो गई थी जो कि 1988 तक चली लेकिन किसी को पता नहीं चला। इस बारे में केवल अमर सिंह ही जानते थे। साधना गुप्ता की शादी फर्रुखाबाद के चंद्र प्रकाश गुप्ता से हो गई थी। शादी के दो साल बाद साधना को एक बेटा हुआ जो कि प्रतीक यादव हैं। प्रतीक के जन्म के दो साल बाद ही साधना अपने पति से अलग रहने लगीं और कुछ दिन बाद तलाक हो गया। इस दौरान मुलायम सिंह यादव मुख्यमंत्री बन गए। फिर साधना गुप्ता लखनऊ आकर रहने लगीं। 2003 में मुलायम सिंह की पहली पत्नी मालती देवी का निधन हो गया। पहली पत्नी के निधन के बाद 2003 में ही मुलायम सिंह यादव ने साधना गुप्ता को पत्नी का दर्जा दिया और प्रतीक को बेटे का। इसकी जानकारी जब अखिलेश यादव को लगी तो वह पिता मुलायम सिंह यादव से काफी नाराज गए और अलग रहने लगे थे।

## मुख्यमंत्री कल गन्ना किसानों को देंगे अंश प्रमाण पत्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ सोमवार 11 जुलाई को प्रदेश के गन्ना किसानों को अंश प्रमाण पत्र वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा 40 जिलों के 168 सहकारी गन्ना विकास समिति यों एवं 24 सहकारी चीनी मिल समितियों की किसान अंश प्रमाण पत्र देकर लाभान्वित किए जाएंगे। यह कार्यक्रम जिलेवार होगा जिसमें करीब 50 लाख गन्ना किसानों को अंश प्रमाण पत्र जिला अधिकारियों के माध्यम से दिया जाएगा। विभागीय अधिकारियों की माने तो सहकारी गन्ना/चीनी मिल समितियों की कार्यप्रणाली को पूर्ण पारदर्शी, जवाबदेह बनाने एवं कृषकसदस्यों को स्वामित्व का पूर्ण एहसास कराने के उद्देश्य से अंश प्रमाण-पत्र जारी किये जायेंगे। इससे सभी हित धारक पक्षों को सहकारी गन्ना समितियों के सुदृणीकरण करने की प्रेरणा प्राप्त होगी। अंश प्रमाण पत्र वितरण के लिए 40 जिला मुख्यालयों पर जिले के जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसका ऑनलाइन प्रसारण भी किया जायेगा। लोकभवन में मुख्यमंत्री के कर कमलों से अंश प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के लिए प्रदेश की 168 सहकारी गन्ना विकास समितियों एवं 24 सहकारी चीनी मिल समितियों से किसान उपस्थित होंगे।

# जिलाधिकारी ने की विकास कार्यों की समीक्षा

**● विभाग के जिम्मेदारों को दिए दिए जल्द पूरा करने के निर्देश**

संवाददाता। सीतापुर



**जिलाधिकारी अनुज** सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में शुक्रवार को विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। विकास भवन सभागार का कायाकल्प होने पर जिलाधिकारी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने रोजगार विभाग में चल रही ट्रेनिंग के बारे में जानकारी ली। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से विद्यालयों के कायाकल्प, फर्नीचर, विद्युत, शौचालय आदि की स्थिति की भी जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिये कि प्रत्येक विद्यालय में जल्द से जल्द आन्तरिक व बाहरी विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण करा दिया जाये, इस कार्य में अध्यापक भी रूचि लेकर कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करायें। जिला कार्यक्रम अधिकारी को पुरानी व जर्जर आंगनबाड़ी केन्द्रों को जल्द ही ठीक कराने के निर्देश दिये। जिला प्रोबेशन अधिकारी से कन्या सुमंगला की स्थिति की भी जानकारी लेते हुये कहा कि लम्बित पड़े आवेदनों का निस्तारण संबंधित अधिकारियों से आपसी समन्वय करते हुये सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने छात्रवृत्ति, वृद्धावस्था पेंशन, शादी अनुदान के बारे में जानकारी लेते हुये कहा कि कोई भी बच्चा छात्रवृत्ति के लिये छूटना नही चाहिये। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश देते हुये कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक से समन्वय स्थापित कर छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाये। जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये कि रिक्त कोटे की दुकानों का आवंटन जल्द से जल्द करा दिया जाये, साथ ही उन्होंने खाद्य वितरण की स्थिति की भी जानकारी ली। उन्होंने जल निगम द्वारा चल रही योजनाओं को जल्द ही पूर्ण कराये जाने के निर्देश देते हुये कहा कि पूर्ण हुये कार्य को संबंधित अधिकारी को हस्तान्तरण कर दिया जाये। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण व मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण की स्थिति की जानकारी ली तथा निर्देश दिये कि सही पात्रों को ही इस योजना से लाभान्वित किया जाये। उन्होंने संबंधित को निर्देश दिये कि जो भी सड़के बनायी जा रही है उसकी गुणवत्ता की जांच कर ली जाये तथा सड़कों को जल्द से जल्द गड्ढा मुक्त किया जाये। जिलाधिकारी ने नगर पालिका सीतापुर के अधिशासी अधिकारी से कूड़ा, नाले की साफ-सफाई, जीर्णोद्वार किये जा रहे पार्कों की स्थिति के बारे में जानकारी लेते हुये निर्देश दिये कि बाजारों से रात्रि के समय कूड़े को एकत्र कर डम्पिंग यार्ड में रखें। डी0पी0आर0ओ0 से पंचायत भवनों की कायाकल्प की स्थिति एवं पंचायत सहायकों के बारे में भी जानकारी ली। कार्यों में लापरवाही बरतने पर डी0पी0आर0ओ0 को कड़ी फटकार लगाते हुये अपने कार्यों में सुधार लाने के निर्देश दिये। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि बाढ़ क्षेत्रों में पशुओं का शतप्रतिशत टीकाकरण करा दिया जाये तथा इसी के साथ निर्माणाधीन गौशालाओं की स्थिति के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया कि फसल बीमा के डेटा का मिलान करते हुये लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाये। विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देश देते हुये कहा कि विद्युत बकायेदारों से शतप्रतिशत वसूली कर ली जाये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग बृजमोहन शुक्ला जिला विकास अधिकारी, डी0सी0 मनरेगा सुशील कुमार श्रीवास्तव, जिला समाज कल्याण अधिकारी हर्ष मवार, जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित संबंधिकारी उपस्थित रहे।

# अटवा ग्राम सभा में लगाई गई चौपाल, सुनीं समस्याएं

संवाददाता। मिश्रिख सीतापुर

**● ग्राम प्रधान ने रखी ग्रामसभा की समस्याएं**

**विकास खण्ड** मिश्रिख में ग्राम पंचायत अटवा में शनिवार को एक जन चौपाल का आयोजन किया गया जहाँ पर ग्रामीणों अधिकारियों के सामने अपनी अपनी समस्याओं को रखा। इस कार्यक्रम को नोडल अधिकारी/जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सीतापुर अजीत कुमार सिंह, पशुचिकित्सा अधिकारी राम चरन त्रिपाठी ने सभी को सम्बोधित करते हुए पशुपालन विभाग द्वारा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को बताया । ग्राम सचिव अमित चतुर्वेदी ने विकास विभाग में लाभ लेने वाले लोगो को पात्रता व अपात्रता के विषय मे जानकारी देकर बताया कि जो लोग सरकार को किसी भी योजना में पात्र पाए जाते है उनको शाशन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत मिलेगा मिश्रिख आपूर्ति अधिकारी अवधेश कुमार ने राशन वितरण की जानकारी ली।वही उपस्थित सभी विभागों के प्रतिनिधि अधिकारियों ने जन चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों को जानकारी दी व सम्बंधित समस्याएं भी सुनी इस जन चौपाल में लगभग बीस प्रार्थना पत्र के आवेदन आये जिसमे आवास ,पेंशन ,पशु बीमा व मांग आधारित प्रार्थना पत्र अधिक रहे जिन पर सम्बंधित अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया । इस चौपाल में ग्राम प्रधान अट वा व आंगनवाडी कार्यकत्री ,अमिताभ वर्मा प्रधान अनिता देवी प्रधान दिलीप गुप्ता लोग माजूद रहे है।

# लिंग परिवर्तन से युवक को बना दिया किन्नर, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता। सीतापुर

**● एक साल पहले अरविंद कुमार गौतम ने दर्ज कराया था केस**

**●आरोपी काजल किन्नर को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल**

**सीतापुर में** लिंग परिवर्तन कर युवक को किन्नर बनाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक साल पहले पीड़ित ने इस मामले में केस दर्ज कराया था। सिधौली कोतवाली पुलिस ने शनिवार को आरोपी काजल किन्नर को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। दरअसल, एक अक्टूबर 2021 को अरबिंद कुमार गौतम उर्फ मोहनी गौतम निवासी टिकठा थाना रामपुर मथुरा द्वारा काजल किन्नर उर्फकाजल बाबा के खिलाफसिधौली में केस दर्ज कराया गया था। पीड़ित का आरोप है कि सिधौली कस्बा निवासी काजल किन्नर और उसके साथी राहुल उसको बहला फुसलाकर अपने साथ ले आए थे। जिसके बाद उसका लिंग परिवर्तन कराकर भिक्षा मांगने व नाचने गाने पर विवश किया जाता रहा। शिकायतकर्ता ने काजल किन्नर पर अन्य गंभीर आरोप भी लगाए। उसने बताया कि काजल किन्नर भी वास्तविक किन्नर नही है। इसने भी लिंग परिवर्तन कराया है। उसके बाद धंधा चलाने के लिए कई लड़को के साथ ऐसा कृत्य कर चुका है। इसी तरह काजल किन्नर के खिलाफ सिधौली कस्बा निवासी छोटू उर्फप्रकाश ने भी 12 जनवरी 2021 को मारपीट करके घायल करने का मामला दर्ज कराया था। इन मामलों का संज्ञान लेकर सिधौली कोतवाल आलोक मणि त्रिपाठी ने जांच आगे बढ़ाई तो आरोप सच पाए। सिधौली कोतवाल ने बताया कि आरोपी काजल किन्नर को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।

# डीएम ने किया वॉटर कूलर का उद्घाटन



संवाददाता। सीतापुर

**शनिवार को** इंडियन बैंक द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में वाटर कूलर लगाया गया जिसका शुभारम्भ डीएम अनुज सिंह ने किया है। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक सीतापुर सुशील चन्द्रभान घुले, अपर जिलाधिकारी राम भरत तिवारी, अग्रणी जिला प्रबंधक अनिल कुमार एवं विकास भवन शाखा के शाखा प्रबंधक प्रशान्त कुमार सिंह सहित जिलाधिकारी कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। अग्रणी जिला प्रबंधक अनिल कुमार ने कहा कि जिले के अग्रणी बैंक होने के कारण हमारा जिले के सर्वांगीण विकास हेतु दायित्व और अधिक बढ़ जाता है, हम न केवल आर्थिक बल्कि सामाजिक दायित्वों के निर्वहन करने का प्रयास करते है। जिलाधिकारी के सुझाव पर हमने जिले के सभी बैंक शाखाओं में प्याऊ की व्यवस्था की है, और इसी दिशा में जिलाधिकारी कार्यालय में वाटर कूलर की स्थापना एवं उदघाटन किया गया है। कार्यालय के कर्मचारियों के साथ साथ दूर दराज क्षेत्रों से आने वाले आम नागरिकों को अब ठंडा पेय जल की समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा।

रीजेन्सी पब्लिक स्कूल में हुआ सेरेमनी कार्यक्रम

# छात्रों की प्रस्तुति देख अतिथियों ने खूब बढ़ाया हौसला

**● छात्र-छात्राओं की शानदार प्रस्तुति ने अतिथियों का मोहामन**

संवाददाता। सीतापुर





**रीजेन्सी पब्लिक** स्कूल के ग्रेजूएशन सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें नन्हें-मुन्हें बच्चों ने प्रतिभाग कर उसमें चार चांद लगा दिया। यह कार्यक्रम बच्चों के कक्षा में आने पर हुआ है जिसमें बच्चों द्वारा शानदार प्रस्तुति देकर अतिथियों व अभिभावको का मनमोह लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि तमन्ना रजा, प्रीती मेहरोत्रा, रही जिन्होंने बच्चों की प्रस्तुतियां देख काफी खुश दिखी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रीती मेहरोत्रा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हर छात्र-छात्रा में कोई न कोई प्रतिभा छिपी हुई है, उसे समय-समय पर दिखाकर वह आगे बढ़ने में सफल होते रहते है। मुख्य अतिथि तमन्ना रजा ने भी बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इतने बड़े ऑडिटोरियम हाल में जो बच्चा प्रतिभाग करेगा वह स्वाभाविक है कि कहीं पर भी प्रतिभाग करने में पीछे नहीं हटेगा और एक न एक दिन अपना और अपने माता-पिता विद्यालय का नाम रोशन करेगा। एमएफ जैदी ने कहा कि बच्चों द्वारा दी गई शानदार प्रस्तुति को देखकर रीजेन्सी के प्रेशीडेंट एमएफ जैदी ने भी बच्चों को सम्बोधित किया और उन्होंने अभिभावको से भी अपील की कि अपने बच्चों को आगे बढ़ाने में हर रोज मद्द करें तभी वह बच्चा सफल हो पाएगा। कार्यक्रम में आए छात्र-छात्राओं के अभिभावको ने भी बच्चों द्वारा दी गई शानदार प्रस्तुति को सराहा। इस कार्यक्रम में राशिदा जैदी, अरविन्द, एहितशाम बेग, राजीव, अनुराधा तिवारी सहित विद्यालय स्टाफ व अभिभावगण मौजूद रहे।

# धूमधाम से मना गोपेश्वर महादेव का वार्षिकोत्सव



**लखीमपुर-खीरी।** कस्बा खीरी टाउन के पक्का तालाब स्थित मंदिर में गोपेश्वर महादेव का वार्षिकोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर के पुरोहित कुबेर नाथ तिवारी ने मंदिर के प्रबंधक राम गोपाल शेखर तथा विष्णु गोपाल शेखर को भगवान शिव का पूजन अर्चन कराकर रुद्राभिषेक करवाया। इस दौरान मंदिर प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष रजत शेखर, कमलेश शेखर, शेखर, रोली शेखर, युवराज शेखर समेत शेखर परिवार के लोगों ने भी रुद्राभिषेक में हिस्सा लिया। इसके बाद मंदिर में भगवान महादेव की आरती उतारी गई और प्रसाद वितरण किया गया। सुबह से लेकर दोपहर तक श्रद्धालुओं का दर्शन करने के लिए तांता लगा रहा।

# अनियंत्रित होकर डीसीएम पलटी



**मैलानी-खीरी।** सुबह तड़के नगर मैलानी में तिराहा बाईपास पर एक तेज रफ्तार डीसीएम सं. यूपी26टी6616 सम्पूर्णा नगर से कच्चा केला लादकर पूरनपुर जा रही थी। तभी तिकुनियां तिराहा मैलानी में खुटार रोड मोड़ पर मस्जिद वाली गली के सामने संतुलन बिगड़ जाने से डीसीएम पलट गयी। गाड़ी का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया तथा चालक जयराम पुत्र मोती राम निवासी पूरनपुर जिला पीलीभीत के दाहिने हाथ में हल्की चोट आई है। वहीं नगर पंचायत का एक बिजली का पोल तथा सभासद के पते का लगा बोर्ड तथा एक कदम का पेड़ तथा सामने की श्री राम स्वीट हाउस में लगी छत पर पानी की टंकी की पाइप लाइन भी क्षति ग्रस्त हो गई।

# त्यौहारों के मद्देजर हुई पीस बैठक



**मैलानी-खीरी।** थाना मैलानी में सीओ गोला आरके सिंह व एसडीएम गोला अनुराग की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से आने वाले त्यौहार ईद तथा श्रावण मास मे कांवर यात्रा के संबंध में शासन से संबंधित गाइड लाइन का पालन करने की अपील की गयी। सीओ गोला आरके सिंह व एसडीएम गोला थाना प्रभारी निरीक्षक राम लखन पटेल ने बताया कि ईद में कुर्बानी के अवशेष को एकांत स्थान मिट्टी में दबा दें। खुले में मांस का वितरण न करें। शुद्ध तथा स्वच्छ पेय जल की व्यवस्था नगर पंचायत विभाग द्वारा कराई जाएगी। आवारा घूमने पशु पालकों को उनके स्वामियों द्वारा उनको प्रतिबंधित किया जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि कांवर यात्रा के चलते कांवर यात्री मार्गों में सुरक्षित होकर यात्रा होकर चलें। यात्रा के डीजे पर सिर्फ भक्ति गीतों को बजाया जाए। कांवर यात्रा के दौरान किसी अस्त्र शस्त्र को लेकर न चले। बनाए गये मुख्य मार्गों से होकर ही यात्रा करें। छोटी काशी गोला में श्रवण मास के चलते रोडवेज स्टाप को शहर से बाहर किसी अन्यत्र स्थान पर स्थापित किया जाएगा। जिससे लोगों भगवान शिव मंदिर मे पहुच कर शान्ति पूर्वक जलाभिशेक कर सके साथ ही कहा कि कोई व्यक्ति किसी सम्प्रदाय के प्रति किसी भी देवी देवता की अभद्र टिप्पणी व पोस्ट न करें वरना ऐसे लोगों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जायेगी। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्षा सत्यवती नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी राजेश चौधरी व्यापार मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार चोपडा सुरेन्द्र मिश्र व पूर्व ग्राम प्रधान गुरमेल सिह सुआबोझ ग्राम ग्राम प्रधान शंकर लाल सहित तमाम ग्राम प्रधान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# नवागत सीएमओ ने संभाला चार्ज



**लखीमपुर खीरी।** नवागत सीएमओ डा. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण कर लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को शासन की मंशा के अनुरूप और बेहतर करना उनकी प्राथमिकता में है। सीएमओ डा. शैलेंद्र भटनागर की पदोन्नति स्टेट टीबी आफिसर लखनऊ के पद पर होने के बाद डा. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी को सीएमओ लखीमपुर खीरी बनाया गया है। वह वर्तमान समय में जिला महिला चिकित्सालय जालौन (उरई) अधीक्षक के पद पर तैनात थे जहां से उन्हें पदोन्नति के साथ शासन द्वारा सीएमओ लखीमपुर खीरी बनाया गया है। शुक्रवार की शाम उन्होंने पदभार ग्रहण कर लिया है। इस दौरान उनका स्वागत करने के लिए एसीएमओ डा. अश्विनी कुमार, एसीएमओ डा. अनिल कुमार गुप्ता, एसीएमओ डा. बीपी पंत सहित स्टेनो कार्तिकेय मिश्रा, डीजीएम अनुज प्रताप सिंह, इंचार्ज ड्रग वेयरहाउस विनय कुमार, लिपिक सौरभ शुक्ला व मीडिया प्रभारी देवनंदन श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# पेज एक का शेष

## श्रीलंका में...

ने जनता के प्रदर्शन से देश में पैदा हुए संकट पर चर्चा करने के लिए शनिवार को राजनीतिक दल के नेताओं की तत्काल बैठक बुलाई। विक्रमसिंघे के कार्यालय से जारी एक बयान में कहा गया है कि उन्होंने पार्टी की तत्काल बैठक बुलाई है और स्पीकर से तत्काल संसद का सत्र बुलाने का अनुरोध किया है। प्रदर्शनकारी राष्ट्रपति आवास की दीवारों पर चढ़ गए और वे अंदर ही हैं। हालांकि, उन्होंने किसी संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचाया और न ही किसी तरह की हिंसा की है। इस बीच, प्रदर्शनों के दौरान दो पुलिस अधिकारियों समेत कम से कम 30 लोग घायल हो गए और उन्हें कोलंबो में नेशनल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। प्रदर्शनकारियों की गाले, कैंडी और मतारा शहरों में रेलवे प्राधिकारियों से भी झड़प हुई और उन्होंने प्राधिकारियों को कोलंबो के लिए ट्रेन चलाने पर विवश कर दिया। इलाके में पुलिस, विशेष कार्य बल और सेना की बड़ी टुकड़ियों को तैनात किया गया है।

## प्रधानमंत्री विक्रमसिंघे...

का दौरा करने वाले हैं और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के लिए ऋण निरंतरता रिपोर्ट को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाना है। नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विक्रमसिंघे (73) ने कहा कि वह विपक्षी पार्टी के नेताओं की इस सिफारिश से सहमत हैं। विक्रमसिंघे ने बाद में मीडिया को बताया कि उन्होंने राष्ट्रपति को एक सर्वदलीय सरकार का गठन करने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने कहा कि जब मौजूदा सरकार इस्तीफा देती है, तो एक नई सरकार का गठन किया जाना चाहिए और देश के लिए सरकार के बिना चलना समझदारी नहीं है।

## अमरनाथ हादसा...

मेजर जनरल संजीव सिंह सलारिया के साथ शनिवार को बचाव अभियान की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा करने गुफा मंदिर पहुंचे। कश्मीर के संभागीय आयुक्त के प्रभार में एक एकीकृत कमांड सेंटर स्थापित किया गया है, जबकि तीर्थयात्रियों के परिवारों के लिए उनके परिजनों के बारे में जानने के लिए दक्षिण कश्मीर, श्रीनगर और दिल्ली में अनंतनाग में हेल्पलाइन नंबर स्थापित किए गए हैं। सेना के एक अधिकारी ने कहा कि एक कर्नल के नेतृत्व में एक पैदल सेना बटालियन, त्वरित प्रतिक्रिया टीमों के साथ, राष्ट्रीय राइफल्स सेक्टर की एक अतिरिक्त कंपनी और विशेष बलों की एक टीम अभियान शुरू करने के लिए विशेष बचाव उपकरणों के साथ धर्मस्थल पहुंची थी। रात भर, पैदल सेना की बटालियन और राष्ट्रीय राइफल्स के वरिष्ठ सेना अधिकारियों ने बचाव कार्यों का निरीक्षण और समन्वय किया। गुफा और नीलगर में चिकित्सा संसाधनों को सक्रिय कर दिया गया है और अतिरिक्त संसाधनों को तैनात किया गया है। अधिकारी ने कहा कि तलाशी अभियान के लिए थर्मल इमेजर, नाइट विजन डिवाइस और अन्य गैजेट्स के साथ नौ निगरानी टुकड़ियों को तैनात किया गया था। पवित्र गुफा क्षेत्र से रात भर लौटने वाले तीर्थयात्रियों ने विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के जवानों को समय पर मदद करने और रात के दौरान उनका मार्गदर्शन करने के लिए पर्याप्त जनशक्ति तैनात करने के लिए धन्यवाद दिया ताकि वे बिना किसी कठिनाई का सामना किए पैदल दूरी तय कर सकें।

## हादसा बादल...

ने कहा कि अमरनाथ गुफा मंदिर के पास पहाड़ों की ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश के कारण अचानक बाढ़ आ सकती है। अमरनाथ गुफा मंदिर के पास आईएमडी का एक स्वचालित मौसम स्टेशन है, जो तीर्थयात्रा के दौरान मौसम का पूर्वानुमान प्रदान करता है। लेकिन दुर्गमता के कारण आसपास के पहाड़ी इलाकों में ऐसा कोई स्टेशन नहीं है। आईएमडी द्वारा अपनी वेबसाइट पर एक व्याख्याता के अनुसार, कम अंतराल और समय में बहुत छोटे पैमाने के कारण बादल फटने की भविष्यवाणी करना बहुत मुश्किल है। बादल फटने की निगरानी या नाउकास्ट (कुछ घंटों के लीड समय का पूर्वानुमान) करने के लिए, हमें एक की आवश्यकता है बादल फटने की आशंका वाले क्षेत्रों में घने रडार नेटवर्क या बादल फटने के पैमाने को हल करने के लिए बहुत उच्च रिज़ॉल्यूशन वाले मौसम पूर्वानुमान मॉडल की आवश्यकता होती है। मौसम विशेषज्ञों ने कहा कि मैदानी इलाकों में बादल फटते हैं।

## दिल्ली जलबोर्ड...

विभाग की टीम इस बारे में उनसे लगातार पूछताछ कर रही है। आयकर विभाग के सूत्रों ने बताया कि रात में ही नोट गिनने के लिए दो मशीनें मंगवाई गई थीं। अब एक और मशीन मंगवाई गई हैं। रूपयों की गिनती अभी जारी है। अब तक एक करोड़ रुपए कैश की गिनती हुई है। 1 करोड़ 46 लाख रुपए की कीमत की ज्वैलरी और धातु बरामद किए जा चुके हैं। इनके अलावा संपत्ति के कई दस्तावेज मिले हैं, जिनके बारे में मित्तल से पूछताछ की जा रही है, लेकिन वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पा रहे हैं। सीबीआई के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि आरोपियों ने निजी कंपनी को अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए साजिश के तहत इसे तकनीकी तौर पर पात्र बनाया (अन्यथा यह कथित तौर पर पात्र नहीं थी)।

## सीबीआई ने...

के खिलाफ वेदांता समूह की कंपनी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड (टीएसपीएल) के एक शीर्ष अधिकारी द्वारा उन्हें और उनके करीबी सहयोगी एस भास्कर रमन को 50 लाख रुपए की रिश्वत देने के आरोप में 14 मई को प्राथमिकी दर्ज की थी। कार्ति चिदंबरम पर संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के कार्यकाल के दौरान तलवंडी साबो पावर लिमिटेड के लिए काम कर रहे चीन के 263 नागरिकों को वीजा दिलवाने के लिए रिश्वत लेने का आरोप है। टीएसपीएल पंजाब में एक बिजली संयंत्र स्थापित कर रही थी। उस समय पी.चिदंबरम गृह मंत्री थे।

## एलन मस्क...

का दावा किया। मस्क ने यह भी कहा कि उक्त जानकारी ट्विटर के व्यापार और वित्तीय प्रदर्शन के लिए महत्वपूर्ण है, और सौदे के पूरा करने के लिए जरूरी है। इस पत्र के जवाब में ट्विटर के बोर्ड के अध्यक्ष ब्रेट टेलर ने ट्वीट किया कि बोर्ड मस्क के साथ कीमत और शर्तों पर सहमत है और सौदे को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि बोर्ड विलय समझौते को लागू करने के लिए कानूनी कार्वाई करने की योजना बना रहा है। ट्विटर के शेयर शुक्रवार को पांच प्रतिशत गिरकर 36.81 डॉलर पर आ गए थे।

## चुनाव की...

अध्यक्ष होंगे। पंकज कुमार सिंह, संयुक्त सचिव, शहरी विकास मंत्रालय, और रणधीर सहाय, अतिरिक्त आयुक्त, दिल्ली नगर निगम इस परिसीमन आयोग के सदस्य होंगे। यह आयोग दिल्ली नगर निगम के वार्डों के परिसीमन से संबंधित अपनी रिपोर्ट अपने गठन के चार माह के अंदर सौंपेगा। जो हाल में तीन निगमों के एकीकरण के बाद पहला चुनाव होगा। इस कवायद से दिल्ली में नगर निगम चुनाव का मार्ग प्रशस्त होगा, जो हाल में तीन निगमों के एकीकरण के बाद पहला चुनाव होगा। मालूम हो कि वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अश्विनी कुमार और ज्ञानेश भारती ने क्रमश: एकीकृत दिल्ली नगर निगम के विशेष अधिकारी और आयुक्त के रूप में कार्यभार संभाला था और इस तरह 22 मई को एकीकृत दिल्ली नगर निगम औपचारिक रूप से अस्तित्व में आ गया था।

## मुलायम सिंह...

गुप्ता के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शान्ति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। योगी ने कहा, प्रभु श्री राम दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान व उनके परिजनों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। ॐ शांति। साधना गुप्ता सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव की दूसरी पत्नी थीं। यादव की पहली पत्नी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की मां मालती देवी का 2003 में निधन हो गया था।

## धुआं रहित...

में सोच रही थीं। हरियाणा के अंबाला की एक निजी स्कूल की शिक्षिका पारकी मेहरा ने कहा कि घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी ने उनके जैसे मध्यम वर्गीय परिवारों को प्रभावित किया है। स्कूल जाने वाले दो बच्चों की मां का कहना है कि उनके परिवार ने घर का बजट संभालने के लिए दूसरे गैर-जरूरी खर्च में कटौती की है। पिछले एक साल में रसोई गैस की कीमतें आठ बार बढ़ी हैं।

## हिंद-प्रशांत...

व सुरक्षा को बढ़ावा देने, सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में काम करने और सार्वभौमिक स्वास्थ्य सुविधा की वकालत करने के लिए शिंजो आबे की प्रतिबद्धता को याद करते हैं। सबसे लंबे समय तक जापान के प्रधानमंत्री रहे आबे देश की अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने और जापान के लोगों की सेवा करने के लिए समर्पित थे। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 15 देशों के स्थाई प्रतिनिधि और राजनयिकों ने मध्य पूर्व की स्थिति पर अपनी बैठक से पहले आबे और अंगोला के पूर्व राष्ट्रपति जोस एडुआर्डो डॉस सैंटोस स्मृति में एक मिनट का मौन रखा और उन्हें श्रद्धांजलि दी।8

# दो साल में शाखाओं की संख्या बढ़ाकर एक लाख करेगा आरएसएस

## ● समाज के सभी वर्गों तक पहुंचेगा संघ कार्य



**भाषा।** जयपुर

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक** संघ (आरएसएस) ने अपनी स्थापना के शताब्दी वर्ष में देश भर में अपनी शाखाओं की संख्या 2024 तक बढ़ाकर एक लाख करने का फैसला किया है। इसके साथ ही संघ ने उदयपुर के कन्हैयालाल हत्याकांड की निंदा करते हुए कहा है कि मुस्लिम समाज को ऐसी घटनाओं को खुलकर विरोध करना चाहिए। आरएसएस के अखिल भारतीय प्रांत प्रचारकों की तीन दिवसीय बैठक शनिवार को राजस्थान के झुंझुनू में समाप्त हुई।

बैठक के बाद संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने संवाददाताओं को बताया कि इसमें संगठनात्मक कार्यों के साथ ही आगामी योजनाओं व गतिविधियों पर भी चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि 2025 में संघ कार्य को शुरू हुए सौ वर्ष पूरे हो रहे हैं और संघ के शताब्दी वर्ष की व्यापक विस्तार योजना बनी है। उन्होंने कहा कि इसके तहत 2024 तक देश भर में शाखाओं की संख्या को एक लाख स्थानों पर ले जाया जाएगा तथा समाज के सभी वर्गों में संघ कार्य पहुंचाने व समाज जागरण के साथ समाज में सकारात्मक वातावरण बनाने का प्रयास किया जाएगा। आंबेकर के अनुसार, वर्तमान में शाखाओं की संख्या 56,824 है। बैठक में गत वर्ष की समीक्षा की गई तथा आगामी दो वर्ष के कार्य योजनाओं का लक्ष्य तैयार किया गया। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ लोक भावना का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। कन्हैयालाल की हत्या का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उदयपुर में जो नृशंस हत्या हुई वह अत्यंत निंदनीय है और इसकी जितनी भर्त्सना की जाए वह कम है।

आंबेकर ने कहा, हमारे देश में लोकतंत्र है। संवैधानिक लोकतांत्रिक अधिकार है। किसी को अगर कोई बात पसंद नहीं आई तो उस पर प्रतिक्रिया देने के लिए लोकतांत्रिक मार्ग है। उन्होंने कहा, सभ्य समाज इस प्रकार की घटना की निंदा ही करता है। हिन्दू समाज शांतिपूर्ण, संवैधानिक तरीके से अपनी प्रतिक्रिया दे रहा है। मुस्लिम समाज से भी अपेक्षा है कि ऐसी घटना का विरोध करे। आंबेकर ने कहा, ऐसी घटनाएं न समाज हित में हैं और न ही देशहित में हैं। इसका सबको मिलकर निषेध करना आवश्यक है। संघ की इस अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक में संघ के देशभर के सभी 45 प्रांतों के प्रांत प्रचारक व सह प्रांत प्रचारक शामिल हुए जिनमें संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले सहित सह सरकार्यवाह कृष्ण गोपाल, सी आर मुकुंद, अरुण कुमार और रामदत्त शामिल हैं। इसके अलावा संघ के अन्य विभागों के प्रमुख, अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य सहित अन्य संगठनों के वरिष्ठ प्रचारक भी इसमें उपस्थित थे।

## विहिप-बजरंग दल ने विदर्भ में हेल्पलाइन शुरू की

**नागपुर।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के पदाधिकारियों ने शनिवार को कहा कि उन्होंने हिंदू समुदाय की सुरक्षा के लिए एक हेल्पलाइन शुरू की है। विहिप के विदर्भ प्रांत की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि हाल में देश विरोधी ताकतों और धार्मिक चरमपंथियों द्वारा हिंदू समुदाय पर हमले बढ़े हैं। विज्ञप्ति में हिंदुओं से अपील की गई कि अगर वे ऐसी ताकतों से धमकी का सामना कर रहे हैं या असुरक्षित महसूस कर रहे हैं तो पहले पुलिस में शिकायत दर्ज कराएं और फिर अतिरिक्त मदद के लिए विहिप-बजरंग दल हेल्पलाइन से संपर्क करें। विज्ञप्ति के मुताबिक, विदर्भ के सभी जिलों के लिए हेल्पलाइन ने काम करना शुरू कर दिया है।

## जगनमोहन रेड्डी को वाईएसआर कांग्रेस का आजीवन अध्यक्ष चुना गया

**अमरावती।** वाई एस जगन मोहन रेड्डी को शनिवार को युवाजन श्रमिक रायथु कांग्रेस (वाईएसआरसी) पार्टी का आजीवन अध्यक्ष चुन लिया गया। पार्टी के दो दिवसीय सम्मेलन के समापन दिवस पर यह प्रक्रिया पूरी की गई। इससे पहले पार्टी के संविधान को संशोधित किया गया ताकि जगन को आजीवन अध्यक्ष निर्वाचित किया जा सके। जगन ने कांग्रेस छोड़ने के बाद 2011 में वाईएसआरसी का गठन किया था और तभी से वह पार्टी के अध्यक्ष हैं तथा उनकी मां विजयम्मा मानद अध्यक्ष रही हैं। जगन को पिछली बार 2017 में पार्टी के सम्मेलन में वाईएसआरसी का अध्यक्ष चुना गया था। परिवार में कथित मतभेद के चलते, विजयम्मा ने शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि, विजयम्मा ने कहा कि वह अपनी बेटी शर्मिला का साथ देने के लिए वाईएसआरसी छोड़ रही हैं। शर्मिला, पड़ोसी राज्य में वाईएसआर तेलंगाना पार्टी की अध्यक्ष हैं। जगन को आजीवन पार्टी का अध्यक्ष बनाए रखने के लिए वाईएसआरसी को अब निर्वाचन आयोग की मंजूरी लेनी होगी, ताकि प्रत्एक दो साल पर इस पद के लिए पार्टी को चुनाव कराने की जरूरत नहीं पड़े।

# शिंदे, फडणवीस ने मोदी से मुलाकात की

**भाषा।** नई दिल्ली



**महाराष्ट्र के** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। यह महाराष्ट्र में शिंदे के नेतृत्व में महाराष्ट्र में सरकार बनने के बाद उनकी प्रधानमंत्री के साथ पहली बैठक है। शिंदे और फडणवीस ने प्रधानमंत्री से उनके लोक कल्याण मार्ग स्थित आवास में मुलाकात की और महाराष्ट्र के विकास के लिए उनका आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन मांगा। प्रधानमंत्री कार्यालय ने ट्वीट किया, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इससे पहले शिंदे ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि वह राज्य के विकास के लिए प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को समझने और महाराष्ट्र को नई उंचाई पर ले जाने की कोशिश करेंगे।

शिंदे ने कहा कि मुंबई और नागपुर को जोड़ने वाले समृद्धि एक्सप्रेस वे, शहरों में मेट्रो टेन और सिंचाई को बढ़ावा देने के लिए खेतों में तालाब बनाने जैसी उन कई परियोजनाओं को त्वरित गति से पूरा किया जाएगा, जो फडणवीस ने शुरू की थीं, लेकिन उद्धव ठाकरे नीत सरकार के कार्यकाल में इनमें देरी हुई। ठाकरे के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद शिंदे ने 30 जून को मुख्यमंत्री और फडणवीस ने उपमुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली थी।

## मेरी सरकार कार्यकाल पूरा करेगी, हम अगला चुनाव भी जीतेंगेः महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अपना कार्यकाल पूरा करने और भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन में अगला चुनाव जीतने का शनिवार को भरोसा जताया। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए शिंदे ने कहा कि महाराष्ट्र मंत्रिपरिषद के विस्तार के बारे में निर्णय अगले सप्ताह मुंबई में लिया जाएगा। शुक्रवार रात राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे शिंदे और फडणवीस ने शनिवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा से मुलाकात की। इससे पहले, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ चर्चा की, जिसमें सत्ता साझेदारी की व्यापक रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। शिंदे ने अपने पूर्ववर्ती उद्धव ठाकरे के मध्यावधि चुनाव कराने के आह्वान को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि राज्य सरकार मजबूत है और 288 सदस्ईय विधानसभा में उसे 164 विधायकों का समर्थन है, जबकि विपक्ष के पास सिर्फ 99 विधायक हैं। संवाददाता सम्मेलन में जब फडणवीस से उपमुख्यमंत्री पद पर उनकी पदावनति को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं के नाखुश होने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि इसके विपरीत पार्टी कार्यकर्ता खुश हैं कि 2019 में उनके साथ हुए अन्याय को सुधारा गया है। फडणवीस ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता खुश हैं क्योंकि स्वाभाविक सहयोगी भाजपा और शिवसेना ने महा विकास आघाड़ी (एमवीए) गठबंधन को हटाकर सरकार बनाई है। फडणवीस ने कहा, यह बिल्कुल स्पष्ट है। मुख्यमंत्री नेता हैं। हम इस सरकार को सफल बनाने की दिशा में काम करेंगे।

# कांग्रेस ने भाजपा पर आतंकवादियों से रिश्ते होने का आरोप लगाया, सत्तारूढ़ दल ने पलटवार किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस ने** शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आतंकवादियों के साथ रिश्ते रखने का आरोप लगाया और दावा किया कि हालिया घटनाओं से भाजपा के फर्जी राष्ट्रवाद का पर्दाफाश हो गया है। भाजपा ने पलटवार किया और पूर्व की कई घटनाओं का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस सत्ता पाने के लिए आतंकवादियों तक से हाथ मिला सकती है।

कांग्रेस ने आतंकवाद के मुद्दे पर भाजपा को घेरते हुए शनिवार को देश के 23 शहरों में संवाददाता सम्मेलन किया। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट किया, भाजपा का आतंकवादियों से नाता है, यह रिश्ता क्या कहलाता है? आज हमारे 23 नेताओं और प्रवक्ताओं ने देश के विभिन्न शहरों में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा के आतंकवादियों के साथ रिश्तों का पर्दाफाश किया। कांग्रेस नेता आलोक शर्मा ने यहां दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में संवाददाताओं से कहा, आज पूरा देश देख रहा रहा है कि किस तरह से एक के बाद एक घटनाओं में आतंकियों तथा अपराधियों के तार भाजपा से जुड़े मिले हैं। पिछले दिनों हुई आतंकी घटनाओं को अंजाम देने वाले आतंकवादियों के साथ भाजपा पदाधिकारियों की संलिप्तता सामने आने के बाद भाजपा के नकली राष्ट्रवाद का पर्दाफाश हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में बेरोजगारी, महंगाई, आर्थिक संकट जैसे ज्वलंत मुद्दों को छोड़ भाजपा अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए देश में हिंदू मुस्लिम संबधों को मुद्दा बनाकर राष्ट्रवाद के साथ खिलवाड़ कर रही है।

शर्मा ने कहा, उदयपुर में कन्हैया लाल की हत्या का आरोपी रियाज अख्तरी भाजपा कार्यकर्ता निकला, जिसने बाकायदा भाजपा नेताओं की उपस्थिति में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी। अमरावती में केमिस्ट उमेश कोल्हे की हत्या के कथित मास्टरमाइंड इरफान खान का निर्दलीय सांसद नवनीत राणा व उनके पति रवि राणा के साथ संबध मीडिया रिपोर्ट के जरिए देश के सामने आया। यह किसी से छिपा नहीं है कि नवनीत राणा और रवि राणा के भाजपा से क्या संबध हैं? उन्होंने यह दावा भी किया, जम्मू-कश्मीर में ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों में से एक तालिब हुसैन शाह भाजपा का पदाधिकारी निकला, जिसकी भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं के साथ तस्वीरें हैं। कांग्रेस सांसद शक्ति सिंह गोहिल ने जयपुर में मीडिया से बात करते हुए राष्ट्रवाद के मुद्दे पर केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि वह देश को खोखला करने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने आतंकवादियों और अपराधियों के तार कथित तौर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से जुड़े होने की खबरों का शनिवार को जिक्र करते हुए इसे देश के लिए एक चिंता का विषय बताया। उन्होंने अहमदाबाद में संवाददाताओं से कहा कि भाजपा को इस बारे में आत्मविश्लेषण करने की जरूरत है कि कैसे इस तरह के तत्वों को पार्टी में आने का मौका मिल रहा है। उधर, भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने आतंकवाद के मुद्दे पर कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद के उस कथित बयान को रेखांकित किया, जिसमें उन्होंने कुछ वर्ष पहले कहा था कि दिल्ली के बटला हाउस में हुई मुठभेड़ की तस्वीरों को देखकर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के आंखों में आंसू आ गए थे।

# अमरनाथ गुफा के निकट बादल फटने की घटना में बाल बाल बचे तेलंगाना के भाजपा विधायक राजा सिंह

**हैदराबाद।** तेलंगाना के भाजपा विधायक टी राजा सिंह दक्षिण कश्मीर में पवित्र अमरनाथ गुफा के पास बादल फटने से अचानक आई बाढ़ में बाल-बाल बच गए। इस घटना में 13 लोगों की मौत हो गई। हेलीकॉप्टर से अमरनाथ पहुंचे राजा सिंह और उनके परिवार के सदस्यों ने मौसम बिगड़ने से पहले पहाड़ियों से उतरने के लिए खच्चरों का इस्तेमाल करने का फैसला किया। राजा सिंह ने शुक्रवार रात मीडिया से कहा, हमने महसूस किया कि मौसम अचानक बदल गया है और बिगड़ गया है। उन परिस्थितियों में हेलिकॉप्टर सेवा भी रद्द कर दी जाती। इसलिए हमने खच्चरों का उपयोग करके पहाड़ियों पर से उतरने का फैसला किया। मैंने पहाड़ियों से करीब एक किलोमीटर नीचे बादल फटते देखा। कई तंबू बाढ़ में बह गए। चूंकि विधायक को विशेष सुरक्षा मिली हुई थी, इसलिए सेना ने परिवार को श्रीनगर पहुंचाने में मदद की। उन्होंने कहा कि तेलंगाना सहित विभिन्न राज्यों के लोग वहां फंसे हुए हैं। सिंह के अनुसार, शुक्रवार को दर्शन के लिए अमरनाथ गुफा में हजारों श्रद्धालु मौजूद थे। सिंह ने कहा, से पानी बह रहा था और कुछ तंबुओं में घुस गया। मेरा अनुमान है कि बाढ़ में कम से कम 50 लोग बह गए। अमरनाथ गुफा में सेना बहुत अच्छा काम कर रही थी। लेकिन, वे इस तरह की परिस्थितियों में असहाय थे और अंधेरा भी था। शुक्रवार को घटनास्थल पर मौजूद रहे एक अधिकारी ने कहा था कि करीब 40 लोग लापता हैं जबकि पांच को बचा लिया गया है।



अमरनाथ हादसे में मारे गए श्रद्धालुओं को श्रद्धांजलि देते साधू संत

# भारतीय अदालतों में करीब पांच करोड़ मामले लंबितः कानून मंत्री रीजीजू

**औरंगाबाद (महाराष्ट्र)।** कानून एवं न्याय मंत्री किरेन रीजीजू ने शनिवार को यहां कहा कि देश की अदालतों में करीब पांच करोड़ मामले लंबित हैं तथा इस सिलिसले में कोई कदम नहीं उठाया गया तो यह संख्या और बढ़ जाएगी। औरंगाबाद में महाराष्ट्र नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी (एमएनएलयू) के पहले दीक्षांत समारोह में मंत्री ने आम लोगों को वकीलों की सेवा वहनीय दर पर नहीं मिलने के बारे में भी चिंता व्यक्त की।

उन्होंने कहा, भारतीय न्यायपालिका की गुणवत्ता दुनिया भर में प्रसिद्ध है। दो दिन पहले मैं लंदन में था, जहां मैं न्यायपालिका से जुड़े लोगों से मिला। वे सभी भारतीय न्यायपालिका के लिए इसी तरह के विचार और बेहद सम्मान रखते हैं। उच्चतम न्यायालय के निर्णय का अक्सर ब्रिटेन में संदर्भ दिया जाता है। देश में लंबित मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए रीजीजू ने कहा, जब मैंने कानून मंत्री के रूप में पदभार संभाला था तब चार करोड़ से कुछ कम मामले लंबित थे। आज, यह पांच करोड़ के करीब है। यह हम सबके लिए बहुत चिंता का विषय है। कानून मंत्री ने कहा कि यह स्थिति न्याय प्रदान करने में किसी कमी या सरकार से समर्थन की कमी के कारण नहीं आई है, बल्कि यदि कुछ ठोस कदम नहीं उठाए गए तो लंबित मामलों में वृद्धि होना तय है। रीजीजू ने कहा, ब्रिटेन में प्रत्एक न्यायाधीश एक दिन में अधिकतम तीन से चार मामलों में निर्णय देते हैं। लेकिन, भारतीय अदालतों में प्रत्एक न्यायाधीश औसतन प्रतिदिन 40 से 50 मामलों की सुनवाई करते हैं। अब मुझे एहसास हुआ कि वे अतिरिक्त समय बैठते हैं। लोग गुणवत्तापूर्ण फैसले की उम्मीद करते हैं। न्यायाधीश भी इंसान होते हैं। मीडिया में न्यायाधीशों के बारे में की जाने वाली टिप्पणियों का जिक्र करते हुए मंत्री ने कहा, कभी-कभी, मैं न्यायाधीशों के बारे में सोशल मीडिया और प्रिंट मीडिया में टिप्पणियां देखता हूं।

## राणा दंपती ने कोल्हे के अमरावती स्थित आवास के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ किया

**नागपुर (महाराष्ट्र)।** लोकसभा की निर्दलीय सदस्य नवनीत राणा और उनके पति एवं विधायक रवि राणा ने उमेश कोल्हे के अमरावती स्थित आवास के सामने शनिवार को हनुमान चालीसा का पाठ किया। भाजपा की निलंबित प्रवक्ता नुपुर शर्मा के समर्थन में सोशल मीडिया पर कथित तौर पर पोस्ट डालने को लेकर कोल्हे की 21 जून को हत्या कर दी गई थी। अमरावती से सांसद नवनीत ने कहा कि कोल्हे के हत्यारों को सार्वजनिक रूप से फांसी दे दी जानी चाहिए ताकि देश में ऐसा अपराध दोहराने का कोई व्यक्ति दुस्साहस नहीं करे। उन्होंने यहां से करीब 155 किमी दूर संवाददाताओं से वार्ता में यह बात कही। कोल्हे(54) पर 21 जून की रात तीन लोगों के एक समूह ने चाकू से कथित तौर पर हमला किया था। उनकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, दवा दुकानदार (केमिस्ट) कोल्हे ने शर्मा के समर्थन में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाली थी।

# हनुमान चालीसा का पाठ करने के लिए छात्रों पर लगा जुर्माना, मप्र सरकार ने दिया जांच का आदेश

**भाषा।** भोपाल

**मध्य प्रदेश** के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने सीहोर स्थित एक निजी शिक्षण संस्थान के छात्रावास में हनुमान चालीसा का पाठ करने पर कुछ छात्रों पर जुर्माना लगाने के संस्थान के कथित कदम की जांच के आदेश दिए हैं। यह घटना इस सप्ताह की शुरुआत में प्रदेश की राजधानी से लगभग 70 किलोमीटर दूर सीहोर जिले में स्थित वेल्लोर प्रौद्योगिकी संस्थान (वीआईटी) के परिसर में हुई थी। सूत्रों ने कहा कि कुछ छात्रों ने छात्रावास में खराब सुविधाओं पर प्रबंधन का ध्यान आकर्षित करने के लिए हनुमान चालीसा का पाठ किया था।

मिश्रा ने शुक्रवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा, हनुमान चालीसा के पाठ के लिए निजी संस्थान के छात्रों से कोई जुर्माना नहीं लिया जाएगा। सीहोर कलेक्टर को पूरे मामले की विस्तृत जांच करने का आदेश दिया गया है। उन्होंने सवाल किया, छात्र हिन्दुस्तान में नहीं तो कहां पर हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। उन्होंने कहा, मैंने संस्थान को संदेश भेजा है कि छात्रों पर हनुमान चालीसा का पाठ करने पर कोई जुर्माना नहीं लगाया जाना चाहिए। छात्रों को सलाह दी जा सकती है, लेकिन ऐसी कोई कार्वाई नहीं की जा सकती। सूत्रों ने बताया कि संस्थान में बी. टेक पाठ्यक्रम के कुछ छात्रों ने छात्रावास में खराब सुविधाओं के विरोध में हनुमान चालीसा का पाठ किया था। लेकिन एक शिकायत के बाद सात छात्रों पर जुर्माना लगाया गया। मंत्री मिश्रा ने कहा कि कुछ छात्रों के माता-पिता और चौकीदारों द्वारा पाठ के कारण होने वाले शोर पर आपत्ति जताए जाने के बाद संस्थान ने कार्वाई की थी। इस मुद्दे पर वीआईटी के प्रबंधन का रुख जानने के लिए कई बार प्रयास किए जाने के बावजूद भी संपर्क नहीं हो पाया।

## भाजपा ने हमें आश्वासन दिया था कि वह उद्धव ठाकरे को निशाना नहीं बनाएगीः केसरकर

**मुंबई।** शिवसेना के बागी गुट के प्रवक्ता ने शनिवार को दावा किया कि एकनाथ शिंदे की बगावत के बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे और उनके परिवार को निशाना नहीं बनाने का वादा किया था। शिवसेना के बागी गुट के प्रवक्ता एवं विधायक दीपक केसरकर ने यहां संवाददाताओं से कहा, भाजपा नेता किरीट सोमैया, जो अक्सर महाराष्ट्र में पिछली ठाकरे के नेतृत्व वाली सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते थे, ने उनसे कहा कि वह इस बात से अनजान थे। केसरकर और कुछ अन्य बागी विधायकों ने इससे पहले ठाकरे के खिलाफ सोमैया के हमले जारी रहने पर नाराजगी व्यक्त की थी। उन्होंने कहा, जब हम (शिवसेना के बागी विधायक) गुवाहाटी से लौटे और भाजपा नेताओं के साथ बैठक की, तो हमने स्पष्ट कर दिया कि हमने अपने परिवार के मुखिया (ठाकरे) को ठेस पहुंचाई है, लेकिन हम उनकी आलोचना की अनुमति नहीं देंगे। केसरकर ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फडणवीस इससे सहमत थे और जब सोमैया ने ठाकरे पर हमला करना जारी रखा, तो फडणवीस ने उनसे बात की। उन्होंने कहा, सोमैया ने आज मुझे फोन किया और कहा कि उन्हें हमारे और फडणवीस के बीच हुई सहमति की जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले ढाई वर्षों में (जब ठाकरे के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार सत्ता में थी) शिवसेना के सभी नेताओं, विधायकों और आम कार्यकर्ताओं ने ठाकरे परिवार पर आरोप लगाने वाले किसी भी व्यक्ति का विरोध किया था।

# भारत में कोविड-19 के 18,840 नए मामले, 43 की मौत

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत में** एक दिन में कोविड-19 के 18,840 नए मामले आने से देश में अब तक संक्रमित हो चुके लोगों की संख्या बढ़कर 4,36,04,394 हो गई। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर।,25,028 पर पहुंच गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के शनिवार सुबह आठ बजे तक अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, 43 और मरीजों के दम तोड़ने से मृतकों की संख्या बढ़कर 5,25,386 हो गई है। उपचाराधीन मरीजों की संख्या में एक दिन में 2,693 मामलों की वृद्धि दर्ज की गई है, जो संक्रमण के कुल मामलों का 0.29 प्रतिशत है, जबकि कोविड-19 से उबरने वालों की राष्ट्रीय दर 98.51 फीसदी है।



आंकड़ों के मुताबिक, संक्रमण की दैनिक दर 4.14 प्रतिशत दर्ज की गई है, जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 4.09 प्रतिशत है। इस संक्रमण को मात देने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 4,29,53,980 हो गई है, जबकि मृत्यु दर 1.20 प्रतिशत है। वहीं, देशव्यापी कोविड-19 रोधी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक 198.65 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं। गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ए मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 25 जनवरी को मामले चार करोड़ के पार चले गए थे। मंत्रालय के मुताबिक, बीते 24 घंटे में देश में जिन 43 मरीजों ने जान गंवाई है, उनमें से 19 की मौत केरल में, सात की महाराष्ट्र, तीन-तीन मरीजों की मौत दिल्ली और पश्चिम बंगाल, दो-दो मरीजों की मौत असम और उत्तर प्रदेश तथा एक-एक मरीज की मौत गोवा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, नगालैंड, पंजाब, सिक्किम और उत्तराखंड में हुई है।

# भारत में धर्मनिरपेक्षता सुरक्षितः नायडू

**भाषा।** बेंगलुरु



**उप राष्ट्रपति** वेंकैया नायडू ने शनिवार को जोर देकर कहा कि भारत दुनिया का सबसे सहिष्णु देश है। उन्होंने कहा कि देश में धर्मनिरपेक्षता सुरक्षित है और यह किसी सरकार की वजह से नहीं है बल्कि इसलिए है कि यहां रहने वाले हर व्यक्ति की खून और धमनियों में यह भावना बहती है। नायडू ने इसके साथ ही प्राथमिक शिक्षा मातृ भाषा में देने का समर्थन किया। उन्होंने कहा, हमारा देश महान है। सौभाग्य से भारत फिर उसी दिशा में आगे बढ़ रहा है और दुनिया अब इसे मान रही है और एक बार फिर भारत का सम्मान कर रही है, हमें कोई नजर अंदाज नहीं कर सकता। हालांकि, कुछ लोग यहां-वहां छोटी चीजें लिख सकते हैं, उसकी चिंता करने की जरूरत नहीं है। कुछ लोग भारत की प्रगति को पचा नहीं सकते, वे अपच के शिकार हैं। हम उनकी मदद नहीं कर सकते।

माउंट कार्मेल इंस्टीट्यूशन की प्लेटिनम जुबली पर यहां आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने आरोप लगाया कि पश्चिमी मीडिया भारत के बारे में बहुत ही नकारात्मक खबरें दे रही है, वे इस देश और यहां के लोगों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में हासिल की जा रही बड़ी उपलब्धियों को भूल जाते हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि देश के समक्ष सामाजिक अंतर, गरीबी, लैंगिक असमानता जैसी कुछ चुनौतियां हैं जिन्हें दूर करने की जरूरत है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत, औपनिवेशिक शासन में विश्वास नहीं करता और या वह दूसरे देश पर अपनी मर्जी नहीं थोपता, भारत का किसी देश पर हमला नहीं करने का लंबा इतिहास रहा है। उन्होंने कहा, ...भारत दुनिया का सबसे सहिष्णु देश है, जिसपर कोई भी भरोसा कर सकता है। लोग धर्मनिरपेक्षता पर चर्चा करते हैं, धर्मनिरपेक्षता सुरक्षित है, इसलिए नहीं की यह सरकार या वह सरकार, यह पार्टी या वह पार्टी ऐसा चाहती है। बल्कि यह इसलिए है क्योंकि यहां के हर व्यक्ति के खून और धमनियों में यह है और यह सभी को समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत में कोई भी शीर्ष स्थान पर पहुंच सकता है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि मुझे कोई और देश दिखा दीजिए, जहां सभी वर्गों को समान अवसर दिया जाता है। वे क्या हैं, कुछ लोग हमें सिखाने की कोशिश कर रहे हैं? देखिए उन देशों के अंदर क्या हो रहा है, उन कथित अमीर देशों में, मैं उनका नाम नहीं लेना चाहता। प्रगति के लिए शांति को पहली शर्त बताते हुए नायडू ने कहा कि हिंसा का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत, राजस्थान की पूर्व राज्यपाल मार्गेट अल्वा भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहीं। अल्वा इस संस्थान की पूर्व छात्रा रह चुकी हैं। उपराष्ट्रपति ने लोगों को अपनी भाषा और धर्म पर गर्व करने की सलाह दी, साथ ही कहा कि दूसरे को अपमानित नहीं करें। उन्होंने कहा, हम यहां -वहां कुछ लोगों को देख रहे हैं जिनकी कमजोरी दूसरों को अपमानित करने और उससे आनंदित होने की है, जो ठीक नहीं है। प्रत्एक धर्म अपने आप में महान है। हमें धर्म पर ध्यान केंद्रित नहीं करना चाहिए , धर्म व्यक्तिगत पूजा करने का तरीका है। हमें अधिक हमारी संस्कृति और विरासत पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है, जो हमारे जीवन जीने का तरीका है। नायडू ने कहा कि वह मातृभाषा में बात कर खुशी महसूस करते हैं। उन्होंने कहा कि प्राथमिक शिक्षा मातृ भाषा में होनी चाहिए क्योंकि इससे समझने, सीखने और संवाद करने में आसानी होगी।

# शोक में डूबा जापान, आबे का पार्थिव शरीर तोक्यो लाया गया

**एपी। तोक्यो**



जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के पार्थिव शरीर पर श्रद्धांजलि अर्पित करते लोग

**जापान के** पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे का पार्थिव शरीर शनिवार को तोक्यो लाया गया। आबे की शुक्रवार को पश्चिमी जापान में एक चुनावी कार्यक्रम के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। आबे पर नारा शहर में हमला हुआ था और उन्हें हवाई मार्ग से एक स्थानीय अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन काफी खून बहने की वजह से उनकी जान नहीं बचाई जा सकी थी। पुलिस ने घटनास्थल पर ही हत्या के संदेह में एक हमलावर को पकड़ा था। वह जापान की नौसेना का पूर्व सदस्य है। पुलिस ने अपराध में इस्तेमाल देसी बंदूक भी बरामद कर ली थी और बाद में उसके अपार्टमेंट से कई और बंदूकें मिली थीं।

क्योडो न्यूज के मुताबिक, हत्यारे तेत्सुया यामागामी (41) ने कहा है कि उसने आबे को मारने की साजिश रची थी, क्योंकि उसे लगता था कि पूर्व प्रधानमंत्री का एक खास धार्मिक संगठन से जुड़ाव है। उस धार्मिक संगठन की पहचान नहीं जाहिर की गई है। जापानी मीडिया में आई खबरों के मुताबिक, उसे एक धार्मिक समूह से नफरत होने लगी थी, जिससे उसकी मां जुड़ी हुई थी। आबे का पार्थिव शरीर लेकर काले रंग का एक वाहन तोक्यो के आलीशान रिहायशी इलाके शिबुया में स्थित उनके घर पहुंचा। वाहन में आबे की पत्नी अकी भी सवार थीं। उनके घर पर कई लोग अपने नेता की अंतिम झलक पाने का इंतजार कर रहे थे। वाहन के सामने से गुजरने पर उन्होंने सम्मान में सिर झुकाया। रविवार को होने वाले संसदीय चुनाव से पहले आबे की हत्या ने देश को सकते में डाल दिया है और इससे यह सवाल उठने लगे हैं कि क्या पूर्व प्रधानमंत्री की सुरक्षा के पर्याप्त बंदोबस्त किए गए थे। पुलिस ने शनिवार को कहा कि पोस्टमार्टम से पता चलता है किए गोली आबे की ऊपरी बाईं बाजू में लगी, जिससे दोनों हंसली के नीचे की धमनियां क्षतिग्रस्त हो गई और बहुत ज्यादा खून निकलने से पूर्व प्रधानमंत्री की मौत हो गई। सोशल मीडिया और टेलीविजन पर हत्या की वीडियो देखने वाले कुछ पर्यवेक्षकों ने कहा कि आबे के भाषण देते वक्त उनके आसपास बहुत कम सुरक्षा थी।

क्योतो प्रीफेक्चरल के एक पूर्व पुलिस जांचकर्ता फुमिकाजू हिगुची ने कहा कि फुटेज से पता चलता है कि कार्यक्रम में किसी पूर्व प्रधानमंत्री के लिए सुरक्षा कम और अपर्याप्त थी। उन्होंने एक टीवी कार्यक्रम में कहा, इसकी जांच करना आवश्यक है कि सुरक्षाकर्मियों ने यामागामी को बेरोकटोक और आबे के पीछे क्यों जाने दिया। विशेषज्ञों ने कहा कि आबे को किसी मंच के बजाय जमीन पर खड़े होकर भाषण देने की वजह से आसानी से निशाना बनाया जा सकता था। नारा में मंच की व्यवस्था इसलिए नहीं की गई थी क्योंकि एक दिन पहले इस दौरे की योजना जल्दबाजी में बनाई गई। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में यामागामी को अपने कंधे पर देसी बंदूक लटकाते हुए देखा जा सकता है, वह भीड़भाड़ वाली एक सड़क पर आबे से कुछ मीटर दूर खड़ा है और लगातार आसपास घूर रहा है। इसके कुछ मिनटों बाद आबे के भाषण शुरू करते ही यामागामी को पहली गोली चलाते हुए देखा गया लेकिन वह आबे को नहीं लगी। जब आबे यह देखने के लिए मुड़े की गोली की आवाज कहां से आई तो दूसरी गोली चलती है। इस बार गोली सुरक्षाकर्मी द्वारा उसे रोकने के लिए उठाए गए बुलेटप्रूफ ब्रीफकेस को चकमा देते हुए आबे की बाईं बाजू में लगती है। इसके बाद आबे जमीन पर गिर पड़ते हैं। असाही अखबार के मुताबिक, यामागामी क्योतो में एक गोदाम में अनुबंधित कर्मी है और उसे लोग शांत व्यक्ति के तौर पर जानते हैं जो अपने सहकर्मियों से घुलता-मिलता नहीं है।

## शिंजो आबे के हत्यारे ने शुरू में धार्मिक समूह के नेता पर हमला करने की योजना बनाई थी

**तोक्यो।** जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की गोली मारकर हत्या करने वाले शख्स ने पुलिस को बताया है कि उसने शुरू में एक धार्मिक समूह के नेता पर हमला करने की योजना बनाई थी। जापानी मीडिया ने पुलिस सूत्रों के हवाले से शनिवार को यह जानकारी दी। क्योडो न्यूज के मुताबिक, हत्यारे तेत्सुया यामागामी (41) ने कहा है कि उसने आबे को मारने की साजिश रची थी, क्योंकि उसे लगता था कि पूर्व प्रधानमंत्री का एक खास धार्मिक संगठन से जुड़ाव है। उस धार्मिक संगठन की पहचान नहीं जाहिर की गई है। जापान के सबसे शक्तिशाली और प्रभावशाली नेताओं मे शुमार पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की शुक्रवार को नारा शहर में एक चुनावी सभा के दौरान भाषण देते समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। यामागामी को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया गया था और वह एक बंदूक लिए हुए था।पुलिस के अनुसार, यामागामी ने कहा है कि उसने आबे की हत्या की, क्योंकि वह उनकी राजनीतिक सोच का विरोध करता था। द जापान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, एक निजी स्कूल से पढ़ाई पूरी करने के बाद यामागामी ने अपनी ग्रेजुएशन ईयरबुक मे लिखा था कि उसे जीवन में आगे क्या करना है, इस। उसे कोई अंदाजा नही है। रिपोर्ट के अनुसार, 2020 मे यामागामी ने कनसाई की एक फैक्टरी में नौकरी शुरू की थी, लेकिन उसने दो महीने पहले ही नौकरी छोड़ दी थी, क्योंकि वह थका हुआ महसूस कर रहा था। इस बीच, पुलिस ने शुक्रवार को नारा में उसके अपार्टमेंट पर छापेमारी की और विस्फोटक और घर में बनी हुई बंदूकें बरामद की। सरकारी अधिकारियों के मुताबिक, यामागामी ने 2005 में हिरोशिमा प्रीफेक्चर मे क्योर बेस मे एक समुद्री आत्मरक्षा अधिकारी के रूप मे सेवाएं दी थीं।

## शी चिनफिंग ने आबे के निधन पर शोक जताया

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने जापान के सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहे शिंजो आबे के निधन पर शनिवार को शोक जताया और चीन-जापान संबंधों को बेहतर बनाने में उनके सकारात्मक योगदान की सराहना की। आबे (67) की शनिवार को पश्चिमी जापान के नारा में एक रेलवे स्टेशन के निकट चुनाव प्रचार कार्यक्रम के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। चीन के सरकारी मीडिया ने शनिवार को खबर दी कि शी ने आबे के निधन पर चीन सरकार, देशवासियों और अपनी ओर से शोक व्यक्त किया और आबे के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आबे ने प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए चीन-जापान संबंधों को सुधारने के प्रयास किए और इस प्रयास में सकारात्मक योगदान दिया। शी ने कहा कि नए युग की जरूरतों को पूरा करने वाले चीन-जापान संबंध स्थापित करने को लेकर आबे के साथ उनकी एक महत्वपूर्ण आम सहमति बन गई थी।

## व्हाइट हाउस में ट्रंप के वकील रहे सिपोलोन ने छह जनवरी की हिंसा के संबंध में गवाही दी

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस के पूर्व वकील पैट सिपोलोन शुक्रवार को संसद भवन में छह जनवरी को हुई हिंसा की जांच कर रही समिति के समक्ष पेश हुए। इस दौरान उन्होंने पिछले गवाहों की गवाही से विरोधाभासी गवाही नहीं दी। अमेरिका के एक सांसद ने बताया कि दिन भर चली कार्यवाही में भविष्य में होने वाली सुनवाई के लिए नई जानकारियां सामने आईं। उन्होंने बताया कि ऐसा सामने आया था कि सिपोलोन ने डोनाल्ड ट्रंप को 2020 के चुनावी नतीजों को चुनौती देने से रोकने की कोशिश की थी तथा चुनावों में हार का सामना करने वाले राष्ट्रपति को हिंसक भीड़ में शामिल होने से रोका था। इस भीड़ ने अमेरिकी संसद भवन को घेर लिया था। सांसद जो लोफग्रेन ने शुक्रवार को सीएनएन से कहा, सिपोलोन ने मामले में अन्य गवाहों की गवाही से विरोधाभासी गवाही नहीं दी।

# रूस ने रात के समय लुहांस्क में भारी बमबारी की: प्रांतीय गवर्नर

**एपी। कीव**



**रूस** द्वारा यूक्रेन के पूर्वी औद्योगिक प्रांत लुहांस्क में अस्थाई तौर पर हमले रोके जाने की खबरों के बीच स्थानीय गवर्नर ने शनिवार को आरोप लगाया कि रूसी सैनिक क्षेत्र को नरक बना रहे हैं। यूक्रेन सरकार ने हमले से पहले दक्षिण में रूस के नियंत्रण वाले क्षेत्र के निवासियों से किसी भी हाल में इलाका छोड़ देने का आग्रह किया। यूक्रेन के पूर्वी और दक्षिणी हिस्से में रूस द्वारा भारी बमबारी किए जाने की खबरें हैं। लुहांस्क के गवर्नर सेरहि हेयदी ने कहा कि रूसी सेना ने रात के समय प्रांत में 20 से अधिक मोर्टार और रॉकेट दागे और उसकी सेना दोनेत्स्क की सीमा में घुसने का प्रयास कर रही है।

हेयदी ने सोशल मीडिया पर कहा, हम रूसी सैन्य टुकड़ियों को बाहरी हिस्से में रोकने का प्रयास कर रहे हैं। रूसी सैनिकों द्वारा अस्थाई तौर पर हमले रोके जाने के पूर्वानुमानों के बीच गवर्नर ने कहा, अब तक, दुश्मन द्वारा हमले जारी हैं और वे पहले की तरह हमारी धरती पर बमबारी कर रहे हैं। हालांकि, बाद में हेयदी ने दावा किया कि यूक्रेनी सैनिकों द्वारा रूसी सैन्य ठिकानों को तबाह करने के चलते रूसी सेना को लुहांस्क पर बमबारी रोकनी पड़ी है।

इस बीच, यूक्रेन की उप प्रधानमंत्री इरिना वी. ने रूस के नियंत्रण वाले देश के दक्षिणी हिस्से के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को जल्द से जल्द इलाका छोड़कर चले जाने का आग्रह किया ताकि यूक्रेन द्वारा हमले किए जाने की स्थिति में रूसी सैनिक ढाल के रूप में उनका उपयोग नहीं कर सकें। उन्होंने कहा, आपको इलाके से निकल जाने के लिए रास्ता तलाशने की जरूरत है क्योंकि हमारे सशस्त्र बल क्षेत्र पर दोबारा नियंत्रण पाने के लिए पहुंच रहे हैं। इसबीच, युद्ध के दौरान मारे जाने वाले नागरिकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। दोनेत्स्क के गवर्नर पाव्लो किरिलेंको ने शनिवार सुबह कहा कि दोनेत्स्क प्रांत में सिवर्सक और सेमिहिर्या में शुक्रवार को रूसी बमबारी में पांच लोगों की मौत हो गई जबकि आठ अन्य घायल हुए। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, दक्षिणी शहर क्रिवी रिह में शनिवार सुबह किए गए मिसाइल हमले में दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।

## नर्सिंग होम पर हमले के लिए रूस के साथ यूक्रेन भी जिम्मेदार: यूएन

**वाशिंगटन।** रूस द्वारा फरवरी के अंत में यूक्रेन पर आक्रमण किए जाने के करीब दो सप्ताह बाद क्रेमलिन समर्थित विद्रोहियों ने पूर्वी लुहांस्क क्षेत्र के एक नर्सिंग होम पर हमला किया था। संयुक्त राष्ट्र ने इस हमले के लिए रूस के साथ-साथ यूक्रेन को भी समान रूप से जिम्मेदार ठहराया है। इस हमले की वजह से कई मरीज बिना बिजली-पानी के नर्सिंग होम की इमारत में फंस गए थे। उल्लेखनीय है कि 11 मार्च को यूक्रेन की राजधानी कीव से 580 किलोमीटर दक्षिण पूर्व के गांव स्टारा क्रास्न्यांका स्थित नर्सिंग होम पर हमला किया गया था। यूक्रेन के अधिकारियों ने रूस पर करीब 50 लोगों की हत्या करने का आरोप लगाया था।


### सार्वजनिक सूचना

मैं, मो0. नदीम आलम पुत्र-मो0. समी आलम निवासी-इस्लामपुर, सिमडेगा, झारखण्ड-835223, का रहने वाला हूँ। मेरी 10वीं (BSEB-PATNA, Roll Code-05206 Roll No.-1178), 12वीं (BSEB-PATNA, Roll Code-3312 Roll No.-10187), डिप्लोमा एवं B.Tech EEE (BPUT-ROURKELA, ODISHA, Regn. No.-1101218035) के सारे मूल प्रमाण-पत्र के साथ-साथ ग्रेड/मार्कशीट, रजिस्ट्रेशन कार्ड, एडमिट कार्ड एवं सारे पहचान प्रमाण गुम/चोरी हो गया है। जिसके लिए दिनांक 20.06.2022 को शाहीन बाग, नई दिल्ली थाना में FIR संख्या-0224/2022 भी दर्ज कराया है। जिस किसी को भी यह कागजात मिले तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें। (मोबाईल नम्बर: 8750012196/8249906658).

### सार्वजनिक सूचना

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती कमला रावत पत्नी श्री त्रिलोक सिंह रावत, ने शशि गार्डन, आचार्य निकेतन, दिल्ली में स्थित एक आवासीय निर्मित द्वितीय तल सामने की ओर, जिसमें 40 वर्ग गज का सुपर कवर एरिया है, प्लॉट नंबर सी 23, खसरा नंबर 18 में से, जनरल पावर अटॉर्नी दिनांक 09.01.2009 के माध्यम से ब्याज धारक था सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री नटरंजन सुरेश, श्रीमती कमला रावत पत्नी श्री त्रिलोक सिंह रावत से उपरोक्त संपत्ति को फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के साथ पंजीकृत जनरल पावर अटॉर्नी दिनांक 09.01.2009 के माध्यम से खरीद रहे हैं। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।

श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78,
सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301
ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन : 7011172764, 8130200837

### PUBLIC NOTICE

Hereby my client Mr. Kuldeep Singh S/o Hardit Singh R/o House No.43, Ground Floor, North Avenue Road, West Punjabi Bagh, New Delhi-110026

In the agreement with **(1) Smt. Vandana Chopra** W/o Sh. Deepak Chopra R/o A-101, Sanker Garden, Vikas Puri, New Delhi-110018. **(2) Smt. Varsha Sethi** W/o Sh. Lokesh Sethi R/o L-1/6, South Extn. Part-II, New Delhi-110049.

Who are the complete Owner and absolute possession of Flat 101, Area Measuring Approx 1300 Sq.Ft. Situated at First Floor, 43, North Avenue Road, Punjabi Bagh, New Delhi-110026.

If anybody have Claim/Right on this property kindly contact within span of 25 days on given below details:

**SUDESH KUMAR**
**(Advocate)**
**En. No.D/298/2009**
**Ch. No. X-46, Civil Wing,**
**Tis Hazari Courts, Delhi-110054,**
**Mb. 9313195031**
**Em: sudeshkradvocate@ gmail.com**

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि राजनीतिक दल **"विजन इंडिया पार्टी"** के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय मुलापेट, नेल्लोर जिल्ला, आंध्रप्रदेश- 524003, में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29क के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है। पार्टी के पदाधिकारियों के नाम/पता नीचे दिए गए है:-

**अध्यक्ष** - किरण कोंडेटि, पिताके. सूर्यनारायण, मुलापेट, नेल्लोर जिल्ला, आंध्रप्रदेश-524003.

**महासचिव** - सतीश मोल्लि, पिताएम. पांडुरंगा विटल, रामनय्यपेट, काकिनाडा जिल्ला, आंध्रप्रदेश-533003.

**कोषाध्यक्ष** - दिनेश तातपुडि, पिताटि. गुरुमूर्ति, राजाम, विजियनगरम, आंध्रप्रदेश - 532127.

यदि किसी को **"विजन इंडिया पार्टी"** के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपति हो तो अपनी आपति इसके कारणों सहित सचिव (राजनीतिक दल) भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली - 110001 को, इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजे।


# अडाणी समूह दूरसंचार स्पेक्ट्रम रौड़ में शामिल, जियो-एयरटेल से होगा मुकाबला

● 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी 26 जुलाई को संपन्न होगी

**भाषा। नई दिल्ली**

**अरबपति** कारोबारी गौतम अडाणी का समूह अप्रत्याशित रूप से दूरसंचार स्पेक्ट्रम हासिल करने की दौड़ में शामिल होने की योजना बना रहा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

ऐसी स्थिति में अडाणी समूह का मुकाबला सीधे मुकेश अंबानी की रिलायंस जियो और दूरसंचार क्षेत्र के दिग्गज सुनील भारती मित्तल की एयरटेल से होगा। पांचवीं पीढ़ी या 5जी दूरसंचार सेवाओं जैसे अत्यधिक उच्च गति वाला इंटरनेट संपर्क प्रदान करने में सक्षम इन एयरवेव की नीलामी में भाग लेने के लिए आवेदन शुक्रवार को कम से कम चार आवेदकों के साथ बंद हुए। ए नीलामी 26 जुलाई को होनी है।

मामले की जानकारी रखने वाले तीन सूत्रों ने बताया कि दूरसंचार क्षेत्र की तीन निजी कंपनियों - जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया ने आवेदन किया है। सूत्रों में से एक ने कहा कि चौथा आवेदक अडाणी समूह है। समूह ने हाल ही में राष्ट्रीय लंबी दूरी (एनएलडी) और अंतरराष्ट्रीय लंबी दूरी (आईएलडी) के लिए लाइसेंस हासिल किया था।

लेकिन, स्वतंत्र रूप से इस दावे की पुष्टि नहीं हो सकी है। इस संबंध में अडाणी समूह को भेजे गए ईमेल और फोन कॉल का कोई जवाब नहीं मिला। नीलामी की समय सीमा के अनुसार आवेदकों के स्वामित्व का विवरण 12 जुलाई को प्रकाशित किया जाएगा। दूरसंचार स्पेक्ट्रम की नीलामी 26 जुलाई, 2022 से शुरू हो रही है और इस दौरान कम से कम 4.3 लाख करोड़ रुपए के कुल 72,097.85 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम की पेशकश की जाएगी। अंबानी और अडाणी, दोनों गुजरात के रहने वाले हैं और उन्होंने बड़े कारोबारी समूह बनाए हैं। हालांकि, अभी तक दोनों का किसी व्यवसाय में सीधा आमना-सामना नहीं हुआ था। अंबानी का कारोबार तेल और पेट्रोकेमिकल से दूरसंचार और खुदरा क्षेत्र तक फैला है, वहीं अडाणी बंदरगाह से लेकर कोयला, ऊर्जा वितरण और विमानन क्षेत्र में विस्तार किया। हालांकि, कुछ लोगों का कहना है कि दोनों के हित काफी व्यापक होते जा रहे हैं, और अब उनके बीच संघर्ष के लिए मंच तैयार है।

अडाणी ने हाल के महीनों में पेट्रोकेमिकल कारोबार में प्रवेश के लिए एक सहायक कंपनी बनाई है। दूसरी ओर अंबानी ने भी ऊर्जा कारोबार में कई अरब डॉलर की योजनाओं की घोषणा की है।

## टाटा मोटर्स ने यात्री वाहनों के दाम बढ़ाए

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स ने कच्चे माल की बढ़ती लागत के प्रभाव को आंशिक रूप से कम करने के लिए अपने यात्री वाहनों की कीमतों में तत्काल प्रभाव से वृद्धि की है। भारत की प्रमुख ऑटो कंपनी ने शनिवार को एक बयान में कहा कि 0.55 प्रतिशत की भारित औसत वृद्धि शनिवार से सभी श्रेणियों में होगी। यह बढ़ोतरी संस्करणों और मॉडलों के आधार पर अलग-अलग है। बयान में कहा गया कि कंपनी ने बढ़ी हुई उत्पादन लागत के एक महत्वपूर्ण हिस्से को अवशोषित करने के लिए व्यापक उपाय किए हैं। कंपनी ने कहा कि उत्पादन लागत में हुई कुल वृद्धि के प्रभाव की भरपाई के लिए कीमतों में न्यूनतम बढ़ोतरी की जा रही है। टाटा मोटर्स पहले ही इस महीने से अपने वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में 1.5 से 2.5 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी कर चुका है।

## दूसरी छमाही में मुद्रास्फीति क्रमिक रूप से नरम पड़ सकती है: आरबीआई

**भाषा। नई दिल्ली**

**भारतीय** रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने भरोसा जताया है कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में मुद्रास्फीति क्रमिक रूप से नरम पड़ेगी। उन्होंने शनिवार को कहा कि केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति को काबू में रखने के लिए मौद्रिक उपाए जारी रखेगा, ताकि मजबूत और स्थाई वृद्धि हासिल की जा सके। दास ने कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में कहा कि मुद्रास्फीति देश के आर्थिक संस्थानों में जनता के विश्वास का एक मापक है। गवर्नर ने कहा, कुल मिलाकर, इस समय आपूर्ति का परिदृश्य अनुकूल दिखाई दे रहा है और कई उच्च आवृत्ति संकेतक 2022-23 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में सुधार के लचीलेपन की ओर इशारा कर रहे हैं। ऐसे में हमारा वर्तमान आकलन है कि 2022-23 की दूसरी छमाही में मुद्रास्फीति धीरे-धीरे कम हो सकती है। उन्होंने कहा कि वृहद आर्थिक और वित्तीय स्थिरता बनाए रखने के लिए मूल्य स्थिरता महत्वपूर्ण है, और इसलिए केंद्रीय बैंक व्यापक आर्थिक स्थिरता को बनाए रखने और बढ़ावा देने के उपाय करेगा। दास ने कहा, हालांकि, हमारे नियंत्रण से परे कारक अल्पावधि में मुद्रास्फीति को प्रभावित कर सकते हैं, लेकिन मध्यम अवधि में इसकी चाल मौद्रिक नीति द्वारा निर्धारित होगी। इसलिए, मौद्रिक नीति को मुद्रास्फीति को स्थिर करने के लिए समय पर कार्वाई करनी चाहिए, ताकि अर्थव्यवस्था को मजबूत स्थिति में और सतत वृद्धि की राह पर कायम रखा जा सके। उन्होंने आगे कहा, हम व्यापक आर्थिक स्थिरता बनाए रखने और उसे बढ़ावा देने के लक्ष्य के साथ अपनी नीतियों की समीक्षा जारी रखेंगे। दास ने उल्लेख किया कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने अपनी अप्रैल और जून की बैठकों में 2022-23 के लिए मुद्रास्फीति के अनुमान को संशोधित कर 6.7 प्रतिशत कर दिया।


### REVISED FORM G (SECOND)
### INVITATION FOR EXPRESSION OF INTEREST

(Under Regulation 36A (1) of the Insolvency and Bankruptcy (Insolvency Resolution Process for Corporate Persons) Regulations, 2016)

**RELEVANT PARTICULARS**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Corporate Debtor | Stellar Investments Limited |
| 2 | Date of incorporation of corporate debtor | 12.08.1980 |
| 3 | Authority under which corporate debtor is incorporated / registered | ROC-Delhi |
| 4 | Corporate identity number / limited liability identification number of corporate debtor | U67120DL1980PLC010758 |
| 5 | Address of the registered office and principal office (if any) of corporate debtor | 16/121-122, Jain Bhawan Faiz Road, WEA Karol Bagh, New Delhi - 110005 |
| 6 | Insolvency commencement date of the corporate debtor | 24.02.2022 |
| 7 | Date of invitation of expression of interest | 11.07.2022 |
| 8 | Eligibility for resolution applicants under section 25(2)(h) of the Code is available at: | Eligibility Norms:<br>a)Minimum Net worth of INR 10,00,000 (Ten Lakh) as per the latest Audited Financial Statements for the FY 2020-2021 or thereafter;<br>b)In case of Assets Reconstruction Company, Minimum Assets under Management of INR 100,00,00,000/- (Rupees One Hundred Crore Only) as per the latest Audited Financial Statements for the FY 2020-21 or thereafter;<br>c)If any company's including holding company, subsidiary company or group company is having their amount as NPA in less than 12 months, the said company including holding company, subsidiary company or group company will be ineligible to submit the Resolution plan.<br>d)There is no default on the part of the Company in filing the latest Audited Financial statements and /or the income tax return and /or GST Returns (if applicable) for the FY 2020-2021 or thereafter<br>Further detail can be sought by emailing- nazim@mnkassociates.com; cirp.stellarinvestments@gmail.com |
| 9 | Norms of ineligibility applicable under section 29A are available at: | http://ibbi.gov.in/webfront/legal framework.php (Official website of IBBI-Legal framework-Updated Code) Also details can be sought by Emailing - nazim@mnkassociates.com; cirp.stellarinvestments@gmail.com |
| 10 | Last date for receipt of expression of interest | 26.07.2022 |
| 11 | Date of issue of provisional list of prospective resolution applicants | 05.08.2022 |
| 12 | Last date for submission of objections to provisional list | 10.08.2022 |
| 13 | Date of issue of final list of prospective resolution applicants | 20.08.2022 |
| 14 | Date of issue of information memorandum, evaluation matrix and request for resolution plans to prospective resolution applicants | 10.08.2022 |
| 15 | Manner of obtaining request for resolution plan, evaluation matrix, information memorandum and further information | Details can be obtained by e-mailing at nazim@mnkassociates.com; cirp.stellarinvestments@gmail.com |
| 16 | Last date for submission of resolution plans | 09.09.2022 |
| 17 | Manner of submitting resolution plans to resolution professional | By electronic mode through email nazim@mnkassociates.com; cirp.stellarinvestments@gmail.com |
| 18 | Estimated date for submission of resolution plan to the Adjudicating Authority for approval | 09.10.2022 |
| 19 | Name and registration number of the resolution professional | Name: Mohd Nazim Khan<br>Reg No: IBBI/IPA-002/IP-N00076/2017-18/10207 |
| 20 | Name, Address and e-mail of the resolution professional, as registered with the Board | Name: Mohd Nazim Khan<br>Address: G-41, Ground Floor, West Patel Nagar, New Delhi-110008.<br>Email:nazim@mnkassociates.com; cirp.stellarinvetsments@gmail.com |
| 21 | Address and email to be used for correspondence with the Resolution Professional | Address: G-41, Ground Floor, West Patel Nagar, New Delhi-110008<br>Email:nazim@mnkassociates.com |
| 22 | Further Details are available at or with | Detail can be obtained by emailing at nazim@mnkassociates.com |
| 23 | Date of publication of Form G | 11.07.2022 |

Sd-/
**Mohd Nazim Khan**
Resolution Professional
Stellar Investments Limited
IBBI Reg No. IBBI/IPA-002/IP-N00076/2017-18/10207

Date: 10.07.2022
Place: Delhi


## सेवा शुल्क पर नए दिशानिर्देश जारी होने के बाद 85 शिकायतें मिलीं: सीसीपीए

**नई दिल्ली।** होटल और रेस्टोरेंट को अपने आप सेवा शुल्क लगाने से रोकने वाले चार जुलाई के दिशानिर्देशों के बाद राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) पर 85 शिकायतें दर्ज की गई हैं। उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्वाई की जाए। सेवा शुल्क को लेकर शिकायत दर्ज कराने के मामले में शीर्ष पांच शहर नई दिल्ली, बेंगलुरु, मुंबई, पुणे और गाजियाबाद हैं। ए शिकायतें 5-8 जुलाई के बीच दर्ज कराई गईं। सीसीपीए ने राज्यों के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में कहा है कि सेवा शुल्क पर नए दिशानिर्देशों को लेकर जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है। इसके अलावा उपभोक्ता अधिकारों के संरक्षण के लिए जिलाधिकारियों को इन दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्वाई करनी चाहिए। सीसीपीए ने चार जुलाई को नए दिशानिर्देश जारी कर होटलों और रेस्टोरेंट पर खाने के बिल में सेवा शुल्क जोड़ने की रोक लगा दी थी। सीसीपीए ने कहा था कि होटल और रेस्टोरेंट खाने के बिल में स्वत: सेवा शुल्क नहीं जोड़ सकते। सेवा शुल्क देना स्वैच्छिक होगा और ग्राहक की मर्जी पर निर्भर करेगा। इसके अलावा सीपीपीए ने कहा था कि ग्राहक इस तरह के किसी भी उल्लंघन की शिकायत दर्ज करा सकेंगे।

### मोटोरोला का प्रीमियम स्मार्टफोन

**नई दिल्ली।** मोटोरोला ने अपने जी सीरीज परिवार में लेटेस्ट मोटो जी42 के लॉन्च की घोषणा की। जो इस सेगमेंट में सबसे स्टाइलिश और प्रीमियम दिखने वाला स्मार्टफोन बनाता है, मोटो जी42 इस प्राइस रेंज में कई इम्प्रेसिव फीचर्स के साथ आता है। मोटो जी42 की बॉडी में पीएमएमए सामग्री का उपयोग किया गया हैए जिसे कि अल्ट्रा-प्रीमियम ग्लास फिनिश देने के लिए आमतौर पर ऐक्रेलिक ग्लास के रूप में जाना जाता है।

## हरित ईंधन पांच साल बाद भारत में पेट्रोल की जरूरत खत्म कर देगा: गडकरी

**नागपुर।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पांच साल बाद देश में सभी वाहनों में हरित ईंधन के इस्तेमाल होने का भरोसा जताया है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि आने वाले सालों में वाहनों में पेट्रोल की उपयोगिता पूरी तरह से खत्म हो जाएगी। गडकरी ने बृहस्पतिवार यानी सात जुलाई को महाराष्ट्र के अकोला में एक बयान में यह बात कही। केंद्रीय मंत्री को अकोला में ही डॉ पंजाबराव देशमुख कृषि विद्यापीठ द्वारा डॉक्टर ऑफ साइंस की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया था। यहां भाषण के दौरान उन्होंने हरित हाइड्रोजन, एथेनॉल और अन्य हरित ईंधन के उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा, "मुझे पूरा विश्वास है कि पांच साल बाद देश से पेट्रोल खत्म हो जाएगा। आपकी कारें और स्कूटर पूरी तरह हरित हाइड्रोजन, एथेनॉल, सीएनजी या एलएनजी पर आधारित होंगे" गडकरी ने कृषि शोधकर्ताओं और विशेषज्ञों से अगले पांच वर्षों में कृषि वृद्धि दर को 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने के लिए काम करने की भी अपील की।

# पिछले दो वर्षों में इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में 108 प्रतिशत की रोजगार वृद्धि हुई

**भाषा। चेन्नई**

**पिछले दो** वर्षों के दौरान इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्षेत्र में रोजगार 108 प्रतिशत बढ़ा है। सीआईईएल एचआर सर्विसेज के एक अध्ययन में शनिवार को यह बात कही गई। रोजगार के लिहाज से ईवी क्षेत्र में इंजीनियरिंग विभाग का दबदबा है। इसके बाद संचालन और बिक्री, गुणवत्ता आश्वासन, व्यवसाय विकास, सूचना प्रौद्योगिकी, मानव संसाधन और विपणन शामिल हैं। ईवी क्षेत्र 2022 में नवीनतम रोजगार रुझान शीर्षक के साथ जारी इस अध्ययन में सीआईईएल एचआर सर्विसेज लिमिटेड ने 52 कंपनियों के 15,200 कर्मचारियों से रायशुमारी की।

अध्ययन में कहा गया है कि इलेक्ट्रिक वाहन प्रतिभा के लिए बेंगलुरु 62 प्रतिशत के साथ सबसे ऊपर है। इसके बाद नई दिल्ली की 12 प्रतिशत, पुणे की नौ प्रतिशत, कोयंबटूर की छह प्रतिशत और चेन्नई की तीन प्रतिशत हिस्सेदारी है। इलेक्ट्रिक वाहन कंपनियों ने पिछले छह महीनों में 2,236 कर्मचारियों को काम पर रखा है। वहीं महिलाओं ने इस खंड के लगभग सभी क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। काइनेटिक ग्रीन, महिंद्रा इलेक्ट्रिक, कन्वर्जेंस एनर्जी सर्विसेज, ओबेन इलेक्ट्रिक, एम्पीयर व्हीकल्स जैसी कुछ कंपनियों में शीर्ष प्रबंधन पदों पर महिलाएं हैं। तमिलनाडु के रानीपेट में ओला की ई-स्कूटर फैक्ट्री पूरी तरह से महिलाओं द्वारा संचालित है। सीआईईएल एचआर सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आदित्य नारायण मिश्रा ने कहा, "भारत इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने के लिए तेजी से निवेश कर रहा है। अगर भारत इस रफ्तार को बनाए रखता है, तो देश के ईवी क्षेत्र में 2030 तक 206 अरब डॉलर के अवसर होंगे।

## सेवा शुल्क पर नए दिशानिर्देश जारी होने के बाद 85 शिकायतें मिलीं

**नई दिल्ली।** होटल और रेस्टोरेंट को अपने आप सेवा शुल्क लगाने से रोकने वाले चार जुलाई के दिशानिर्देशों के बाद राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर 85 शिकायतें दर्ज की गई हैं। उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने यह जानकारी देते हुए कहा कि सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्वाई की जाए। सेवा शुल्क को लेकर शिकायत दर्ज कराने के मामले में शीर्ष पांच शहर नई दिल्ली, बेंगलुरु, मुंबई, पुणे और गाजियाबाद हैं। ये शिकायतें 5-8 जुलाई के बीच दर्ज कराई गईं। सीसीपीए ने कहा है कि सेवा शुल्क पर नए दिशानिर्देशों को लेकर जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है।

# मनरेगा का राजः घास-फूस से भी फले-फूले घोटालेबाज

संवाददाता । बस्ती

**...बार-बार** यह बाते सामने आ रही है, कि जिले में मनरेगा का बड़े पैमाने पर ग्राम पंचायतों में सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है। षिकायतें होती है, मगर न तो जांच का पता चलता और न कार्रवाई की ही जानकारी षिकायतकर्त्ताओं को हो पाती है। चूंकि इस खेल में सबसे अधिक भूमिका ब्लॉक की रहती है, और हर जांच ब्लॉक से ही होकर होता है, इस लिए मामले को ब्लॉक पर ही दफ्न कर दिया जाता है। हालत यह है, कि जिस बीडीओ के खिलाफ षिकायत की जाती, उसी बीडीओ को जांच सौंप दी जाती। स्वाभाविक हैं, कि कोई बीडीओ अपने खिलाफ तो लिखेगा ही नहीं। ताज्जुब तो तब होता है, जब सारे साक्ष्य और षपथ-पत्र के साथ षिकायत की जाती है, मगर उसे भी रददी की टोकरी में डाल दिया जाता। जब भी इस तरह की

**● फर्जी नाला दिखा लाखों डकारे, आठ कार्यों में जमकर हुआ फर्जीवाड़ा, कागजों में नाला और तालाब की सफाई पर हुआ भुगतान ● व्यक्तिगत तालाब की साफसफाई के नाम पर की लाखों की हेराफेरी ● राजनैतिक दबाव के चलते न तो जांच हुई और न कार्रवाई ● ब्लॉक दुबौलिया के बेहमरी गांव के उदय शंकर सिंह ने हर जगह साक्ष्य के साथ की शिकायत, मगर नहीं हुआ कोई एक्शन ● भाजपा के चंद्रेश प्रताप सिंह ने ग्राम्य विकास के प्रमुख सचिव से की उच्चस्तरीय जांच की मांग**

जांच होती है, कोई न कोई जनप्रतिनिधि प्रधान और सेक्रेटरी के बचाव में सामने आ जाता है। ऐसा ही एक मामला विकास खंड दुबौलिया के ग्राम पंचायत बेमहरी का सामने आया। यहां के षिकायतकर्त्ता उदय षंकर सिंह पिछले कई माह से साक्ष्य और षपथ-पत्र के साथ अनेक अधिकारियों से जांच और कार्रवाई करने की मांग करते आ रहे है, मगर कार्रवाई करना तो दूर की बात जांच तक नहीं हुई, जब भी जांच की षुरुआत होती है, किसी माननीयजी का फोन आ जाता हैं, और जांच को रददी की टोकरी में डाल दिया जाता है। पहले तो गांव में प्रधान और सेक्रेटरी की ओर से मैनेज करने का प्रयास किया जाता हैं, मगर कामयाबी नहीं मिलती तो आका के पास चले जाते हैं, और जब आका के पास चले गए तो किसकी मजाल की जांच कर लें। अब भाजपा के चंद्रेष प्रताप सिंह ने ग्राम्य विकास विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र लिख उनसे उच्च स्तरीय टीम से जांच कराने की मांग की है। षिकायतों की पुलिंदा लेकर घूमने वाले षिकायतकर्त्ता उदय षंकर सिंह का कहना है, कि जगदेव के खेत से पकड़ी चौहान ष्मषान घाट तक पटरी की सफाई और मिटटी कार्य कराया, सरदार अली के खेत से रामफेर के खेत के बगल तक नाला खुदाई और राकेष सिंह के खेत से राम बक्स के खेत तक पटरी सफाई का कार्य मनरेगा से लगभग 15 लाख का कराया गया, यह सभी कार्य कागजों में हुआ। राम अजोर के घर के बगल तालाब खुदाई कार्य 22 जून 22 को कराया, इस पर एक लाख से अधिक खर्च हुआ। जबकि कार्य कराया ही नहीं गया। बलिकरन के खेत के बगल तालाब खुदाई के नाम पर जो एक लाख 88 हजार से अधिक निकाला गया, वह तालाब कृष्ण प्रसाद सिंह का नीजि तालाब हैं, और नीजि तालाब पर सरकारी धन खर्च नहीं किया जा सकता। इसका मस्टरोल भी जारी हो चुका है। बाबूराम के घर के सामने तालाब खुदाई कार्य 22 जून 22 को दो लाख 12 हजार से अधिक में कराया। भुगतान भी हो गया। जबकि यह तालाब न होकर नाला है। कागजों में नाला दर्ज हैं, मगर धन का बंदरबांट करने के लिए इसे तालाब दिखा दिया गया। इसी तरह एक और व्यक्तिगत तालाब की खुदाई दिखा कर एक लाख 27 हजार निकाल लिया गया, यह तालाब श्रीप्रकाष सिंह का है। लालमन के घर के बगल तालाब को सरकारी दिखाया गया। राम रतन के घर से रामबक्स के खेत तक नाला खुदाई के नाम पर 22 जून 22 को एक लाख 48 हजार से अधिक निकाला गया। जबकि यहां पर कोई नाला नहीं है, बल्कि डहर है। बीडीओ से जब इसकी षिकायत करते हुए जांच करने को कहा गया तो उन्होंने कि उनके पास समय नहीं है।





## क्विक न्यूज

### मनरेगा लोकपाल ने करतलापुर में कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

**कुठौंद (जालौन)।** ग्राम सभा करतलापुर में मनरेगा लोकपाल जीएस सेंगर ने मनरेगा योजना अंतर्गत कराए गए कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण ग्राम प्रधान सुमनलता पत्नी अतुल कुमार वर्मा, ग्राम पंचायत अधिकारी विनय कुमार स्वर्णकार रोजगार सेवक विनय कुमार तिवारी के कराए गए 2021-22 मनरेगा के द्वारा कराए गए कार्यों को जैसे सीसी निर्माण कार्य गौशाला का निरीक्षण किया जलरोधक बांध एवं मेड़बंदी का निरीक्षण करते हुए ग्रामीणों से बात करते हुए सभी से पूछ जिसमें ग्रामीणों के द्वारा बताया गया हमारे गांव में जो भी विकास कार्य कराया जाता है वह शासन की मंशा के अनुरूप ही किया जाता है इसमें कोई दो राय नहीं है। मनरेगा लोकपाल संतुष्ट होते हुए दिखाई दिए और ग्राम पंचायत अधिकारी को अच्छे कार्यों की सराहना की। इसके बाद ग्राम सभा मड़ोरा पहुंचे यहां पर ग्राम प्रधान विनीता सिंह पत्नी ओंकार सिंह प्रधान प्रतिनिधि शिवम सिंह ग्राम पंचायत अधिकारी विनय कुमार स्वर्णकार के मंदिर से कराए गए विकास कार्यों को परखा जिसमें कहीं कोई खूबी नजर नहीं आई इसके बाद ग्रामीणों से काफी जानकारी लेने के बाद ग्रामीणों ने बताया हमारे ग्राम में सभी के सहयोग से जलरोधक बांध, मेड़बंदी, इंटरलॉकिंग सभी के परामर्श से कराई जाती है।

### गांव के तालाब से अतिक्रमण हटवाने की एसडीएम से मांग

**जालौन (उरई)।** सहाव गांव में कुछ लोगों ने तालाब पर अतिक्रमण कर तालाब को समाप्त कर दिया है। गांव के व्यक्ति ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर तालाब की पैमाइश कराकर तालाब को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। तहसील क्षेत्र के ग्राम सहाव निवासी राजाराम ने एसडीएम राजेश सिंह को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके गांव में सार्वजनिक तालाब था। तालाब की भूमि खसरा में भी दर्ज है। उक्त तालाब पर पशु पक्षी गर्मी के मौसम में अपनी प्यास बुझाते थे। गांव के लोग भी तालाब के पानी का उपयोग करते थे। समय के साथ तालाब में पानी समाप्त होने पर धीरे धीरे लोगों ने उस पर अतिक्रमण कर लिया। वर्तमान में कुछ लोगों ने तालाब में पक्के और बांस बल्ली आदि लगाकर कब्जा कर लिया है। जिससे तालाब का अस्तित्व ही समाप्त हो गया है। जल संरक्षण को देखते हुए गांव में तालाब की आवश्यकता है। इसलिए जनहित को देखते हुए उक्त तालाब पर किए गए अवैध कब्जों को हटाकर तालाब का अस्तित्व वापस लाया जाए। ताकि जल संरक्षण के साथ ही वाटर लेवल में भी सुधार हो सके। ग्रामीण की शिकायत पर एसडीएम ने तहसीलदार को तालाब की पैमाइश कराकर अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश दिए।

### घर के दरवाजे पर बना शौचालय तोड़ने की धमकी दे रहे दबंग

**जालौन (उरई)।** घर के दरवाजे पर शौचालय बनवाने के बाद भी पड़ोसी जगह को लेकर परेशान कर रहे हैं। शौचालय तोड़ने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर समस्या का समाधान किए जाने की मांग की है। तहसील क्षेत्र के ग्राम बस्तेपुर निवासी मीरा देवी पत्नी संतोष सिंह ने एसडीएम राजेश सिंह को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसे प्रदेश सरकार की ओर से शौचालस योजना का लाभ मिला था। शौचालय का लाभ मिलने पर उसने अपने घर के दरवाजे के पास स्वयं की जगह में शौचालय बनवा लिया है। शौचालय बनने के बाद पड़ोसी प्रभा देवी जगह को लेकर विवाद कर रही हैं। जब उसने बताया कि शौचालय उसने अपनी जगह में बनवाया है इसमें उन्हें क्या आपत्ति है। इससे नाराज होकर वह गाली, गलौज करने लगी और शौचालय को तोड़ने की धमकी दे डाली। पीड़िता ने एसडीएम से समस्या के समाधान की मांग की है।

### औरेखी में नाले पर अतिक्रमण को लेकर एसडीएम, बीडीओ गंभीर

**जालौन (उरई)।** घरों के सामने बने नाले पर अतिक्रमण कर लोगों ने निर्माण करा लिए हैं। नाले की सफाई न होने से जलभराव हो रहा है। बारिश में स्थिति और भी विकट हो सकती है। ग्रामीण ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर सफाई कराने की मांग की है। वहीं, एसडीएम ने बीडीओ को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम औरेखी निवासी श्रीनारायण ने एसडीएम राजेश सिंह को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके मकान के सामने से अवनीश और गोपाल के मकान तक नाला बना हुआ है। जिससे गांव के गंदे पानी की निकासी होती है। लेकिन उक्त नाले पर लोगों ने अतिक्रमण कर निर्माण करा लिए हैं। निर्माण होने के चलते नाले की सफाई नहीं हो पाती है और नाले में सिल्ट आदि जमा हो चुकी है। ऐसे में नाले के पानी में बहाव नहीं है और पानी रूका हुआ है जो सड़क पर आ रहा है। गंदे पानी से होकर लोगों को निकलना पड़ रहा है। यदि यही स्थिति रही तो बारिश के मौसम में स्थिति और भी खराब हो जाएगी। ग्रामीण ने एसडीएम से नाले की सिल्ट की सफाई कराकर उसकी नियमित सफाई की व्यवस्था कराने की मांग की है। ग्रामीण की शिकायत पर एसडीएम ने बीडीओ को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### विद्यार्थी परिषद की स्थापना का मूल उद्देश्य राष्ट्र पुनर्निर्माण कराना:गौर

**जालौन (उरई)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना का मूल उद्देश्य राष्ट्रीय पुनर्निर्माण है। विद्यार्थी परिषद के अनुसार छात्र शक्ति ही राष्ट्रशक्ति होती है। यह बात अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 75वें स्थापना दिवस पर स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में आयोजित एक संगोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झांसी जिला संयोजक मनिंदर गौर ने कही। स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में आयोजित एबीवीपी के 75वें स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि परिषद के झांसी जिला संयोजक मनिंदर गौर ने कहा कि 9 जुलाई को छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना हुई थी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना का मूल उद्देश्य राष्ट्रीय पुनर्निर्माण है। विद्यार्थी परिषद के अनुसार, छात्रशक्ति ही राष्ट्रशक्ति होती है। राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के लिए छात्रों में राष्ट्रवादी चिंतन को जगाना ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का मूल उद्देश्य है। देश की युवा छात्र शक्ति का यह प्रतिनिधि संगठन है। प्रधानाचार्य देवेंद्र तिवारी ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के रूप में मनाया जाता है.। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का उद्देश्य छात्र हित व राष्ट्र हित है। विद्यार्थी परिषद का नारा है ज्ञान, शील और एकता है। कार्यक्रम का संचालन सत्यम याज्ञिक ने किया।

### दो माह का मानदेय न मिला तो विद्युत संविदा कर्मी करेंगे कार्य बहिष्कार

**जालौन (उरई)।** बिजली विभाग में कार्यरत संविदा कर्मचारियों को दो माह से वेतन नहीं मिला है। वेतन न मिलने से नाराज संविदा कर्मचारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर सोमवार से अनिश्चित कालीन धरना और कार्य बहिष्कार की चेतावनी है। बिजली विभाग में कार्यरत संविदा कर्मचारी एवं लाइन मैन को मई और जून माह का वेतन नहीं मिला है। वेतन न मिलने से नाराज संविदा कर्मचारियों ने एसडीओ कौशलेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपकर बताया कि संविदा कर्मचारियों का वेतन इतना नहीं है कि वह उसमें से कुछ बचा सकें। जितना वेतन मिलता है उतने में घर खर्च चलाना ही मुश्किल हो रहा है। ऐसे में दो माह का वेतन न मिलने से परेशानियां खड़ी हो गई हैं। लेन देन भी करना है। परिवार भी आर्थिक रूप से परेशान है। पीड़ित संविदा कर्मचारियों ने एसडीओ दो दिन में वेतन दिलाने की मांग की है। वेतन न मिलने पर संविदा कर्मचारियों ने 11 जुलाई दिन सोमवार से धरना पर बैठने और संपूर्ण कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी है।

## बिना टिकट मिलने पर परिचालक ने सवारियों के साथ मिलकर जांच दस्ते पर किया हमाला, टीआई का टूटा हाथ,रिपोर्ट

**हमीरपुर।** कल देर रात विवार क्षेत्र के बिवार गांव के पास विना टिकट के सात सवारियां मिलने पर रोडवेज बस के परिचालक ने जांच दस्ते पर सवारियां के साथ मिलकर हमला कर दिया जिससे दस्ते में शामिल एक टीआई के हाथ में फ्रैक्चर हो गया दो बुरी तरह घायल हो गये। पुलिस ने चालक परिचालक व अज्ञात सवारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। पुलिस के मुताबिक कल देर रात राठ डिपो की रोडवेड बस हमीपुर से राठ जा रही थी तभी बांदा की जांच टीम ने बिवार गांव के पास बस को रुकवाकर जाच की जिसमे सात सवारियां बिना टिकट(डब्ल्यूटी) पायी गयी। बस का परिचालक रमाकांत अपने को फंसता देख सवारियों को उत्तेजित कर जांच दस्ते पर हमला करवा दिया जिसमे सवारियों ने यातायात निरीक्षक (टीआई) संतोष कुमार को इतना मारापीटा कि उसका हाथ टूट गया और टीआई सुनील कुमार व प्यारेलाल चौरसिया बुरी तरह घायल हो गये। पीडित टीआई प्यारेलाल चौरसिया ने बिवार थाने में जाकर चालक रमाकांत व परिचालक नुजहत के अलावा अज्ञात सवारियों के खिलाफ मारपीट व सरकारी काम में वाधा डालने की रिपोर्ट दर्ज करायी है। घटना स्थल पर करीब एक घंटे तक नंगनाच होता रहा बाद में पुलिस ने मौके पर जाकर मामले को शांत कराया। इधर परिचालक का कहना है कि डब्ल्यूटी पाये जाने पर जांच दल उनसे पैसा मांग रहा था बस काफी देर रुकी होने के कारण सवारिया उत्तेजित हो गयी और जांच दस्से के साथ मारपीट करने लगी। इस मामले की जानकारी उच्चाधिकारियो को दे दी गयी है।

## पूर्व बीएसए के घोटालों की करें जांचः अखिलेश पाण्डेय

संवाददाता । चित्रकूट



**उत्तर** प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय ने सूबे के मुख्य सचिव को लिखे पत्र में कहा कि पूर्व बीएसए राजीव रंजन मिश्रा के जिले में किये भ्रष्टाचार और शिक्षकों के शोषण की जांच की जाये। शनिवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय ने सूबे के मुख्य सचिव को भेजे पत्र में कहा कि जुलाई 2021 से जून 2022 तक पूर्व बीएसए राजीव रंजन मिश्रा ने बडे पैमाने पर भ्रष्टाचार व शिक्षकों का शोषण कर सरकार की छवि धूमिल कर अवैध सम्पत्ति अर्जित की है। एक वर्ष के भीतर सैकडों शिक्षकों का निलम्बन कर धनराशि मिलने पर बिना किसी दंड के बहाल किया। जिसमें धन देने में विरोध किया, उसकी सेवा समाप्ति का नोटिस थमा दिया। मुंहमांगी रकम देने पर देवकुमार यादव प्रधानाध्यापक डफाई के 40 हजार न देने पर सेवा समाप्ति का नोटिस थमा दिया। भय से वह बीमार हो गये। मानसिक औशाद से बचाने को पत्नी ने गहने बेंचकर ढाई लाख रुपये देकर बहाल कराया। इसी तरह तमाम शिक्षकों को विभिन्न तरीकों से परेशान किया। 90 फीसदी शिक्षकों को पूर्व से कार्यरत विद्यालयों में ही बहाल कर डेढ से दो लाख रुपये वसूले हैं। मानिकपुर ब्लाक में कार्यरत शिक्षक राजाराम गौतम को छह महीने तक बहाल नहीं किया। औशाद के चलते उनकी मृत्यु हो गई। पूर्व बीएसए राजीव रंजन मिश्रा के साथ 24 घंटे रहने वाले मऊ के हृदेश त्रिपाठी उर्फ बबलू से शिक्षकों से फोन कर धन उगाही कराते थे। विद्यालय प्रबंध समिति के खातों में प्रति विद्यालय पांच से दस हजार रुपये खेल सामग्री खरीदने को शासन से धनराशि भेजी जाती थी। चार सौ किमी दूर मऊ जिले की फर्जी फर्म के नाम से जबरन घटिया सामग्री खरीदने को मंजूर किया जाता था। उन्होंने पूर्व बीएसए के घोटालों की लम्बी फेहरिश्त शासन के मुख्य सचिव को भेजी है। जिसमें कहा है कि विद्यालयों की मान्यता नवीनीकरण में मुंहमांगी धनराशि न देने पर नवीनीकरण नहीं करते थे। नोटिस देकर लोगों को इस कदर भयभीत कर दिया था कि चुपचाप लोग उत्पीडन बर्दाश्त करते थे। इनका पूरा कार्य हृदेश त्रिपाठी उर्फ बबलू देखता था। प्रमाण के लिए कार्यालय में उस समय के सीसीटीवी फुटेज देखे जा सकते हैं।

## जालौन में 21 हजार 367 निराश्रित महिलाओं को मिल रही है पेंशन

संवाददाता । उरई (जालौन)

**जिला महिला** कल्याण अधिकारी डा. अमरेंद्र कुमार पौत्स्यायन ने मीडिया टीम से बातचीत के दौरान बताया कि शासन द्वारा निराश्रित महिलाओं को योजनाओं का लाभ दिलाना उनका नैतिक दायित्व बनता है। इसके लिये विभाग द्वारा 21 हजार 367 ऐसी निराश्रित महिलाओं को पेंशन दी जाती है। साथ ही 35 वर्ष से कम आयु की जो महिलायें निराश्रित हो जाती हैं यदि वह पुन: विवाह करती है तो शासन द्वारा उनको 11 हजार रुपये प्रोत्साहन स्वरूप दिये जाते हैं। इतना ही नहीं निराश्रित महिला की बेटी को भी शासन द्वारा आर्थिक मदद दी जाती हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके पास इस प्रकार की कैटेगिरी में आने वाली जो भी महिलायें आती हैं उनका वह यथासंभव सहयोग कर उनको शासन की योजना का लाभ दिलाने का प्रयास करते हैं।



डा. अमरेंद्र कुमार

### 55 बच्चों को दिया जा रहा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का लाभ

**उरई।** महिला कल्याण अधिकारी डा. अमरेंद्र कुमार पौत्स्यायन ने बताया कि कोरोना काल में अपने माता या पिता को खोने वाले जनपद के 55 बच्चों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत प्रतिमाह 4 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी जा रही है। उक्त योजना जुलाई 2021 से प्रदेश में लागू की गयी थी। इस योजना के तहत 18 वर्ष की आयु तक लाभ दिया जायेगा। ताकि वह शिक्षित होकर अपने पैरों पर खड़े हो सके।

### मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में 6 चरणों में मिलेंगे 15 हजार

**उरई।** प्रदेश में कन्या भ्रूण हत्या पर विराम लगाने के लिये प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत अब तक 8 हजार 188 बालिकाओं को इसका लाभ दिया जा रहा है। उक्त योजना में 6 चरणों में 15 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी जाती है जिसमें बच्ची के जन्म पर तत्काल दो हजार रुपये दिये जाते हैं।

## दो नये नायब तहसीलदारों ने संभाला कार्यभार

**कोंच (जालौन)।** जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने कोंच तहसील में दो नायब तहसीलदार भेजे हैं। दोनों ने कोंच आकर पदभार भी संभाल लिया है। इन नए आए नायबों को नदीगांव और कैलिया क्षेत्र आवंटित किए गए हैं। समझा जा रहा है कि नए नायब तहसीलदारों के आने के बाद राजस्व संबंधी कार्यों को गति मिलेगी।

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा हाल ही में प्रोन्नति पाए नायब तहसीलदारों के बड़े पैमाने पर तबादले किए थे जिनमें जालौन जनपद के हिस्से में भी कई नायब तहसीलदार आए हैं। जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने उनमें से दो नायब तहसीलदार कोंच भेजे हैं। तहसीलदार प्रेमनारायण प्रजापति ने बताया है कि दोनों नायब तहसीलदारों ने कोंच में योगदान कर दिया है। जितेंद्र सिंह पटेल को नदीगांव और वैभवकुमार गुप्ता को कैलिया क्षेत्र दिया गया है। कोंच क्षेत्र पहले से ही नायब तहसीलदार विदित कुमार के जिम्मे है जो फ्लिहाल ट्रेनिंग पर गए हैं।

## बद्री प्रसाद कॉलेज में मेधावियों को किया गया सम्मानित

**कोंच( जालौन )।** नगर में महेशपुरा रोड पर संचालित सेठ बद्री प्रसाद स्मृति ग्रुप ऑफ कॉलिज द्वारा शनिवार को कोंच नगर सहित समूची तहसील क्षेत्र के इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कॉलिज की प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्याम नारायण हूंका की अध्यक्षता में संयोजित कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष डॉ. सरिता वर्मा मुख्य अतिथि रहीं जबकि प्रबंधिका गिरजा देवी, ब्लॉक प्रमुख रानी देवी, प्रतिनिधि सतेंद्र पटेल शीलू पड़री, जिपंस प्रतिनिधि आनन्द पटेल बाबूजी बोहरा, भाजपा नगर अध्यक्ष सुनील लोहिया विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। कार्यक्रम में मौजूद छात्र छात्राओं, अभिभावकों, शिक्षाविदों एवं गणमान्य नागरिकों के बीच बोलते हुए अतिथियों ने कहा कि कोंच जैसे पिछड़े क्षेत्र में संसाधनों के अभाव में भी गत वर्षों पूर्व से संचालित बद्री प्रसाद कॉलिज ने शिक्षा के क्षेत्र में तहसील ही नहीं अपितु जनपद में एक कीर्तिमान स्थापित कर छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने का काम किया है। उन्होंने कॉलिज प्रबंधतंत्र व शिक्षक, शिक्षिकाओं की मेहनत को सराहते हुए कहा कि सेठ बद्री प्रसाद हॉस्पिटल सहित अन्य तमाम फैकल्टीज का संचालन व उनकी सुंदर व्यवस्था निश्चित रूप से प्रशंसा के योग्य है।कॉलिज के डायरेक्टर आशुतोष हूंका ने आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कॉलिज की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि तहसील क्षेत्र के छात्र छात्राओं कोअच्छी व सस्ती शिक्षा देकर रोजगार से जोड़कर उन्हें स्वाबलंबी बनाने का जो सपना उन्होंने सोचा है, उस सपने को वह पूरा करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने अलग अलग फैकल्टीज की नव निर्मित प्रयोगशालाओं का फीता काटकर उद्घाटन किया।

## महंगाई के विरोध में आप ने सिलेंडर लेकर किया प्रदर्शन



संवाददाता । चित्रकूट

**बढती महंगाई** के खिलाफ आम आदमी पार्टी की महिला प्रकोष्ठ ने रैपुरा गांव में सिलेंडर लेकर प्रदर्शन किया। शनिवार को आम आदमी पार्टी की महिला प्रकोष्ठ की पूर्व जिलाध्यक्ष सुमन विश्वकर्मा, सुनीता विश्वकर्मा, सरोजा सिंह ने आप जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला की अगुवाई में रैपुरा गांव में सिलेंडर लेकर महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि कांग्रेस शासन काल में चार सौ रुपये के सिलेंडर को लेकर भाजपा के लोग धरने पर बैठ जाते थे। अब उन्हें 11 सौ रुपये महंगा हुआ गैस सिलेंडर के दाम कम नजर आते हैं। भाजपाइयों के दोगलेपन को लेकर आम आदमी पार्टी के लोगों ने जमकर रोष जताया। प्रदर्शन में आप के पदाधिकारी अंकित सिंह पटेल, राजकुमार ओझा, विनय कुमार पटेल, उग्रसेन कोल, रुकमनिया, पार्वती, सुनैना, दुजिया, रजापति, रनुवा, बच्ची, आशा, बुधिया, हुलिया, अर्चना, कोनिया आदि महिलाओं ने मोदी सरकार के खिलाफ खाली गैस सिलेंडर बजाकर विरोध प्रदर्शन किया।

## सद्भावना दिवस पर ग्राम प्रधानों ने हारे प्रत्याशियों का किया माल्यार्पण

**● शेखपुर अहीर व नकेलपुरा ग्राम पंचायत में आयोजित हुआ कार्यक्रम**

संवाददाता । कुठौंद (जालौन)



**ग्राम पंचायत** शेखपुर अहीर के पंचायत भवन पर विशिष्ट सद्भावना दिवस के ग्राम प्रधान कुलदीप सिंह यादव ग्राम विकास अधिकारी अरुण कुमार, तकनीकी सहायक सिद्ध प्रकाश खरे, रोजगार सेवक आशुतोष शर्मा, पंचायत सहायक बृजेंद्र कुमार की मौजूदगी में प्रधानी का चुनाव लगे प्रत्याशियों का पंचायत भवन में आमंत्रित कर उनका माल्यार्पण कर मिष्ठान खिलाकर गांव के विकास में सहयोग बनाकर कार्य करने का संकल्प लिया। हम सभी की जिम्मेदारी गांव का संपूर्ण विकास कराने की है। ग्राम विकास अधिकारी ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से गांव के ग्रामीणों को बगैर किसी भेदभाव से लाभान्वित कराने में परस्पर सहयोग करें। तकनीकी सहायक सिद्ध प्रकाश खरे ने कहा कि विशिष्ट सद्भावना दिवस इसलिए मनाया जा रहा है ताकि ग्राम सभा शेखपुर अहीर में किसी भी प्रकार की ग्राम प्रधान से किसी भी प्रकार की शिकायत न हरे। इस दौरान मनीष यादव पूर्व प्रधान, चंद्रप्रकाश गांधी, किशोरी लाल, हरकिशन सदस्य जयचंद उपस्थित रहे। इसी क्रम में पंचायत भवन नकेलपुरा मजरा भोजापुर में विशिष्ट सद्भावना दिवस के रूप में ग्राम प्रधान मुलायम सिंह ग्राम विकास अधिकारी शरद कुमार सिंह, पंचायत सहायक रजनी ने पंचायत चुनाव में पराजित प्रत्याशियों को पंचायत भवन पर बुलाकर उनका जोरदार स्वागत करते हुए सभी से अपील की यह अपने गांव नकेलपुरा में सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों को पूरा कराने के लिये समय-समय पर हमारा मार्गदर्शन करें। गांव के सभी बड़े बुजुर्ग हमारे भाई पिता समान हैं। बाद में सभी का माल्यार्पण कर मिष्ठान खिलाया। गांव के विकास में किसी के साथ भेदभाव नहीं किया जायेगा। ग्राम विकास अधिकारी शरद कुमार सिंह ने गांव के लोगों से कहा कि यह ग्राम पंचायत आप सभी की है। जिससे आप लोगों की जिम्मेदारी भी गांव के विकासमें सहभागिता करना होगा तभी समुचित तरीके से गांव का विकास संभव होगा। इस दौरान मातादीन, अजय, सुखराम, रामप्रकाश, सोनेलाल, नंदराम, अखिलेश, बुद्ध सिंह, राजेश, सोबरन, विमल कुमार सहित अनेकों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# भारत की दूसरी जीत से श्रृंखला में बढ़त

● दूसरे टी20 में इंग्लैंड को 49 रन से हराया

भाषा। बर्मिंघम

**भारत ने** दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में शनिवार को यहां इंग्लैंड को 49 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2–0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। भारत ने आठ विकेट पर 170 रन बनाने के बाद इंग्लैंड की पारी को 17 ओवर में 121 रन पर समेट दिया। भारत के लिए भुवनेश्वर कुमार ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। इंग्लैंड के लिए मोईन अली ने सबसे ज्यादा 35 रन बनाए।



इससे पहले पदार्पण कर रहे रिचर्ड ग्लीसन ने चार गेंद के अंदर कप्तान रोहित शर्मा, पूर्व कप्तान विराट कोहली और ऋषभ पंत का विकेट झटक कर भारत को बैकफुट पर धकेला लेकिन हरफनमौला रविन्द्र जडेजा की आखिरी ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में शनिवार को यहां आठ विकेट पर 170 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए अनुभवी क्रिस जॉर्डन ने चार ओवर में 27 रन देकर चार विकेट लिए लेकिन 34 साल के ग्लीसन ने अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैच में ज्यादा प्रभावित किया उन्होंने चार ओवर में महज 15 रन दिए और तीन अहम विकेट लिए। भारत के लिए टीम में वापसी कर रहे जडेजा ने 29 गेंद की नाबाद पारी में पांच चौके जड़ 46 रन बनाए। रोहित शर्मा ने 20 गेंद में तीन चौके और दो छक्के की मदद से 31 और ऋषभ पंत ने 15 गेंद में चार चौके और एक छक्का की मदद से 26 रन बनाए। भारत के लिए कप्तान रोहित के साथ विकेटकीपर पंत ने पारी का आगाज किया। पारी के पहले ओवर में डेविड विली की चौथी गेंद पर डेविड मलान ने रोहित का कैच टपकाया और भारतीय कप्तान ने ओवर की आखिरी गेंद पर छक्का जड़कर जले पर नमक छिड़का। उन्होंने पारी के तीसरे ओवर में इस गेंदबाज का स्वागत फिर से छक्का लगाकर किया जबकि पंत ने इसी ओवर में दो चौके जड़े। दोनों ने इसके बाद मोईन अली के खिलाफ चौके जड़े। पांचवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आए पदार्पण कर रहे ग्लीसन का स्वागत भी रोहित ने चौके से किया लेकिन इस गेंदबाज ने भारतीय कप्तान को विकेटकीपर जोस बटलर के हाथों कैच कराकर अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला विकेट झटका। उन्होंने इस तरह रोहित और पंत की 49 रन की साझेदारी को खत्म किया। पंत ने इसके बाद मोईन के खिलाफ छठे ओवर में छक्का और चौका जड़ा जिससे पावरप्ले में भारत का स्कोर एक विकेट पर 61 रन हो गया।

ग्लीसन ने अपने अगले ओवर की शुरुआती दो गेंदों पर पूर्व कप्तान विराट कोहली (एक रन) और पंत को चलता किया। इस तरह उन्होंने चार गेंद के अंदर तीन विकेट लिए। सूर्यकुमार यादव और पिछले मैच में अर्धशतक जड़ने वाले हरफनमौला हार्दिक पंड्या ने इसके बाद संभल कर बल्लेबाजी की लेकिन दोनों क्रीज पर समय देने के बाद 11वें ओवर में क्रिस जॉर्डन की लगातार गेंदों पर आउट होकर पवेलियन लौटे। सूर्यकुमार ने 11 गेंद में 15 जबकि हार्दिक ने 15 गेंद में 12 रन बनाए। अब भारत का स्कोर 11 ओवर में 89 रन पर पांच विकेट हो गया। लगातार दो विकेट गिरने के बाद भारतीय टीम बैकफुट पर थी लेकिन रविन्द्र जडेजा ने बीच–बीच में चौका लगाकर टीम की रनगति को बनाए रखा। उन्हें दिनेश कार्तिक का अच्छा साथ मिल रहा था लेकिन 16वें ओवर में कार्तिक 17 गेंद में 12 रन बनाकर रन आउट हो गए। लिविंगस्टोन के इस ओवर में हालांकि जडेजा और हर्षल पटेल ने एक – एक चौका लगाया। हर्षल ने 17वें ओवर में जॉर्डन के खिलाफ छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद पर उन्होंने ग्लीसन को कैच थमा दिया। उन्होंने छह गेंद में 13 रन बनाए। जडेजा ने इसके बाद 19वें और 20वें ओवर में एक–एक चौका लगाकर टीम के स्कोर को 170 तक पहुंचाया।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पारी:** रोहित शर्मा का बटलर बो ग्लीसन 31, पंत का बटलर बो ग्लीसन 26, कोहली का मलान बो ग्लीसन 01, सूर्यकुमार का कुरेन बो जॉर्डन 15, पंड्याका मलान बो जॉर्डन 10, जडेजानाबाद 46 कार्तिकरन आउट (ब्रूक। बटलर) 12, पटेल का ग्लीसन बो जॉर्डन 13, भुवनेश्वर का विली बो जॉर्डन 2, बुमराह नाबाद 00, अतिरिक्त: (वाइड: 12), कुल स्कोर: (20 ओवर में आठ विकेट पर) 170 रन, विकेट पतन: I-49, 2-61, 3-61, 4-89, 5-89, 6-122, 7-145, 8-159, गेंदबाजी: विली 3-0-35-0, कुरेन, 3-0-26-0, मोईन 2-0-23-0, ग्लीसन4-I-15-3, पार्किंसन2-0-21-0, जॉर्डन 4-0-27-4, लिविंगस्टोन, 2-0-23-0

## भारत के पास राष्ट्रमंडल में पदक जीतने का अच्छा मौका : मिताली

भाषा। कोलकाता



**पूर्व कप्तान** मिताली राज का मानना है कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम के पास आगामी राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने का अच्छा मौका है लेकिन इसके लिए उसे सही रणनीति के साथ मैदान पर उतरना होगा। कुआलालंपुर में 1998 के सत्र में पुरुषों के टूर्नामेंट के आयोजन के बाद पहली बार महिला क्रिकेट को बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल किया गया है। भारत ग्रुप ए में है और वह 29 जुलाई को अपने शुरुआती मैच में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। पाकिस्तान और बारबाडोस ग्रुप की अन्य दो टीमें हैं। मिताली ने यहां अपनी जिंदगी पर बनी फिल्म शाबाश मिठू के प्रमोशन के मौके पर कहा, मुझे लगता है कि किसी भी बड़े आयोजन से पहले तैयारी बहुत जरूरी है। अगर आप अच्छी तैयारी और सही रणनीति के साथ मैदान पर उतरते है तो पदक जीतने का अच्छा मौका होगा। इस पूर्व कप्तान ने यहां ईडन गार्डेन्स में कहा कि पंजाब की हरफनमौला हरमनप्रीत के पास इतना अनुभव है कि वह इन खेलों में भारत को शीर्ष पर पहुंचा सकें। इस 39 साल की पूर्व खिलाड़ी ने कहा, वह (हरमनप्रीत) 2016 से टी20 टीम का नेतृत्व कर रही है, इसलिए मुझे लगता है कि उसके पास राष्ट्रमंडल खेलों में टीम का नेतृत्व करने के लिए पर्याप्त अनुभव है। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन 28 जुलाई से आठ अगस्त तक होगा। क्रिकेट मैच का सेमीफाइनल छह अगस्त और फाइनल सात अगस्त को खेला जाएगा।

### सुचित्रा रमेश ट्रस्ट गोल्फ लिंक्स में संयुक्त 35वें स्थान पर रहीं

**डरहम।** भारत मे हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर मे नियमित रूप से खेलने वाली सुचित्रा महेश यहां ट्रस्ट गोल्फ लिंक्स सीरीज मे संयुक्त 35वे स्थान पर रही। उन्होने अंतिम दौर मे छह ओवर 79 का कार्ड खेला जिसमे वह बैक नाइन पर एक डबल और चार बोगी कर बैठी। सुचित्रा ने तीन दौर मे 76, 77 और 79 के कार्ड खेले। थाईलैंड की चानेटी वानासाएन ने तीन शॉट से खिताब जीता।

### त्रिनिदाद एवं टोबैगो को हराकर कोस्टारिका महिला विश्व कप टिकट के करीब

**मोंटेरी (मेक्सिको)।** क्रिस्टिन ग्रेनाडोस के दो गोल से कोस्टा रिका कोंकाकाफ (उत्तर, मध्य अमेरिका और कैरेबियाई फुटबॉल संघ का परिसंघ) डब्ल्यू चैम्पियनशिप में त्रिनिदाद और टोबैगो पर 4-0 से जीत के साथ 2023 महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के करीब पहुंच गया कोस्टा रिका को विश्व कप में सीधे तौर पर क्वालीफाई करने और अपनी दूसरी उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए उम्मीद करनी होगी कनाडा अगले मैच में पनामा को हरा दे। कोस्टा रिका ने 2015 विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया था। ग्रेनाडोस ने मैच के 18वें मिनट में गोल कर कोस्टा रिका को शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके बाद 33वें में त्रिनिदाद एवं टोबैगो के खिलाड़ी के आत्मघाती गोल से टीम की बढ़त दोगुनी हो गई।

### विश्व कप फुटबॉल के दौरान अल्कोहल ले जाने की अनुमति मिलना मुश्किल

**दोहा।** बीयर पीते हुए फुटबॉल मैचों का स्टेडियम मे लुत्फ उठाने के इच्छुक प्रशंसकों के लिए यह खबर निराशाजनक हो सकती है कि मुस्लिम बहुल कतर के विश्व कप स्टेडियमों मे उन्हे सिर्फ अल्कोहल रहित पेय पदार्थ ही सीट पर ले जाने की अनुमति मिलने की संभावना है। फीफा और कतर विश्व कप के आयोजक नवंबर मे होने वाले विश्व कप के दौरान स्टेडियम मे पेय पदार्थ को लेकर अभी किसी नतीजे पर नही पहुंचे है। फरवरी 2021 से स्टेडियम के हॉस्पिटेलिटी पैकेज बिक रहे है जिनमे प्रीमियम पेय पदार्थ परोसे जाने का विकल्प है लेकिन आठ आयोजन स्थलों पर अधिकांश दर्शकों को पेय पदार्थ परोसने को लेकर नीति अभी बनाई नही गई है।

### हैदराबाद 2023 में फॉर्मूला ई रेसिंग के लिए तैयार

**हैदराबाद।** तेलंगाना के विशेष मुख्य सचिव, नगर प्रशासन और शहरी विकास विभाग, अरविंद कुमार ने यहां फॉर्मूला ई ट्रैक का निरीक्षण किया, जो अगले साल की शुरुआत मे रेस की मेजबानी के लिए तैयार है फॉर्मूला ई इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र मे शीर्ष मोटरस्पोर्ट है। शुक्रवार को जारी आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक हैदराबाद फॉर्मूला ई रेसिंग की मेजबानी करने वाला देश का पहला शहर बनेगा। इसका आयोजन 11 फरवरी, 2023 को होगा। मुख्य ट्रैक को अंतिम रूप देने के लिए शुक्रवार को निरीक्षण किया गया। मुख्य ट्रैक हुसैन सागर, लुंबिनी पार्क और एनटीआर पार्क से जुड़ा हुआ है।

### लए तैयार: मनप्रीत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों के पुरुष हॉकी मे ऑस्ट्रेलिया का दबदबा रहा है लेकिन भारतीय टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह का मानना है कि हाल के दिनो मे अच्छे प्रदर्शन के बाद टीम का मनोबल काफी बढ़ा है और इन खेलों मे किसी भी वह चुनौती से निपटने के लिए तैयार है।

## एजबेस्टन टेस्ट के दौरान नस्लवाद के आरोपों पर एक व्यक्ति गिरफ्तार

भाषा। बर्मिंघम

**भारत और इंग्लैंड** के बीच एजबेस्टन में खेले गए पांचवें टेस्ट मैच के दौरान भारतीय प्रशंसकों के साथ नस्लवादी दुर्व्यवहार के आरोपों के बाद बर्मिंघम पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इस व्यक्ति की उम्र 32 साल है और पुलिस ने पूछताछ के लिए उसे हिरासत में ले लिया है। बर्मिंघम पुलिस ने गिरफ्तार हैशटैग के साथ शुक्रवार को ट्वीट किया, गिरफ्तार। बर्मिंघम में सोमवार को टेस्ट मैच के दौरान नस्लीय, अपमानजनक व्यवहार की शिकायत पर 32 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उसे पूछताछ के लिए हिरासत में रखा गया ह कई भारतीय प्रशंसकों ने चौथे दिन के खेल के दौरान अन्य प्रशंसकों के नस्लीय बर्ताव की जानकारी सोमवार रात ट्विटर पर साझा की थी। उन्होंने दावा किया कि ब्रिटेन के कुछ प्रशंसकों ने उनके प्रति नस्ली टिप्पणी की।

### शानदार लय का श्रेय कोविड प्रतिबंधों से आजादी और टीम में स्पष्ट भूमिका को जाता है : बेयरस्टो

**बर्मिंघम।** शानदार लय मे चल रहे इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो ने भारत के खिलाफ पांचवे टेस्ट की दोनों पारियों के अलावा पिछली पांच पारियों मे अपने बड़े स्कोर का श्रेय कोविड-19 प्रोटोकॉल से मुक्ति और नए मुख्य कोच ब्रैंडन मैकुलम की देखरेख मे अपनी भूमिका की स्पष्टता को दिया है। बेयरस्टो ने भारत के खिलाफ पांचवे टेस्ट मैच मे 106 और नाबाद 114 रन की पारी खेल कर मंगलवार को इंग्लैंड सात विकेट से यादगार जीत दिलाई थी। उन्होंने इससे पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला मे I, 16, 8, 136, 162 और नाबाद 71 रन बनाए थे। इस श्रृंखला को इंग्लैंड ने 3-0 से जीता था। बेयरस्टो ने टेलेंडर्स पॉडकास्ट कहा, यह उस आजादी का नतीजा है जो अब हमारे पास है। हम अब होटल के कमरे और जैव सुरक्षित माहौल मे कैद नही है।

## रचा इतिहास : रिबाकिना विंबलडन की नई मल्लिका

●जाबेर को हराकर जीता पहला ग्रैंडस्लैम खिताब

●कजाखस्तान की पहली टेनिस खिलाड़ी बनी

भाषा। विम्बलडन (इंग्लैंड)



**एलेना रिबाकिना** शनिवार को यहां विम्बलडन फाइनल में ओन्स जाबेर को 3–6, 6–2, 6–2 से हराकर ग्रैंडस्लैम एकल चैम्पियनशिप जीतने वाली कजाखस्तान की पहली टेनिस खिलाड़ी बन गई।

मॉस्को में जन्मीं रिबाकिना 2018 के बाद से कजाखस्तान का प्रतिनिधित्व कर रही हैं जिस देश ने उनके टेनिस करियर के लिए उन्हें वित्तीय मदद देने की पेशकश की थी। इस पर विम्बलडन के दौरान काफी चर्चा भी होती रही क्योंकि आल इंग्लैंड क्लब ने यूक्रेन पर हमले के कारण रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों को टूर्नामेंट में प्रवेश करने से प्रतिबंधित कर दिया था। यह आल इंग्लैंड क्लब पर 1962 के बाद पहला महिला खिताबी मैच रहा जिसमें दोनों खिलाड़ी अपने पदार्पण में मेजर फाइनल में पहुंची हों। रिबाकिना की रैंकिंग 23 है। 1975 में जब से डब्ल्यूटीए कम्प्यूटर रैंकिंग शुरू हुई है, महज एक महिला खिलाड़ी ऐसी है जिसने रिबाकिना से निचली रैंकिंग पर रहते हुए विम्बलडन खिताब जीता और वो हैं वीनस विलियमस जिन्होंने 2007 में यहां खिताब जीता था और तब उनकी रैंकिंग 31 थी। हालांकि इससे पहले वीनस नंबर एक रह चुकी थीं और आल इंग्लैंड क्लब में अपने करियर की पांच ट्राफियों में से तीन जीत चुकी थीं। रिबाकिना ने सेंटर कोर्ट पर जाबेर की स्पिन और स्लाइस से पार पाने के लिए अपनी सर्विस और ताकतवर फॉरहैंड का बेहतर इस्तेमाल किया। रिबाकिना ने इस तरह जाबेर की लगातार 12 मैच जीतने की लय तोड़ दी। जाबेर की यह लय ग्रासकोर्ट पर चल रही थी।

### डि ग्रूट ने जीता लगातार सातवां व्हीलचेयर एकल खिताब

**विम्बलडन।** नीदरलैंड की डिएड डि ग्रूट ने शनिवार को यहां विम्बलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम की व्हीलचेयर महिला स्पर्धा के फाइनल में जापान की युई कामिजी को 6–4, 6–2 से हराकर लगातार सातवां मेजर एकल खिताब अपने नाम किया। यह उनकी विम्बलडन में चौथी ट्राफी है। यह उनका कुल 15वां एकल खिताब है जिससे वह ट्राफियों के मामले में हमवतन एस्थर वर्जीयर (21 ट्राफी) के बाद दूसरे स्थान पर हैं। डि ग्रूट ने कहा, मैं काफी करीब पहुंच रही हूं। मैं जानती हूं। लेकिन उनकी (वर्जीयर) की उपलब्धि शानदार है।

### बजरंग को ब्रिटेन का वीजा मिला, ट्रेनिंग के लिए अमेरिका जाएंगे

**नई दिल्ली।** साइ ने कहा कि स्टार पहलवान बजरंग पूनिया को आगामी राष्ट्रमंडल खेलों के लिए ब्रिटेन का वीजा मिल गया है जिससे वह बर्मिंघम जाने से पहले अमेरिका में ट्रेनिंग दौरे पर जा सकेंगे। बजरंग अमेरिका में अपने ट्रेनिंग बेस से सीधे ही राष्ट्रमंडल खेलों के लिए जाएंगे जिससे उनके लिए ब्रिटेन की वीजा औपचारिकताओं को बाद में पूरा करना मुश्किल होता। अब उन्हें ब्रिटेन का वीजा मिल गया है तो वह बिना किसी चिंता के अमेरिका में ट्रेनिंग कर सकेंगे। बजरंग को ट्रेनिंग के लिए अमेरिका की मिशिगन यूनिवर्सिटी जाना था।

## गेंद से जयसूर्या का कमाल, श्रीलंका ने की वापसी

● करुणारत्ने और मेंडिस के अर्धशतक

भाषा। गॉल



बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज प्रभात जयसूर्या (118 रन पर छह विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद दिमुथ करुणारत्ने (86) और कुसल मेंडिस (नाबाद 84) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 152 रन की रिकॉर्ड साझेदारी से श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक पहली पारी दो विकेट पर 184 रन बनाकर अच्छी वापसी की। इससे पहले दिन के शुरुआती सत्र में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 364 रन पर सिमटी। पहली पारी के आधार पर श्रीलंका अब भी 180 रन पीछे है। स्टंप्स के समय मेंडिस के साथ पूर्व कप्तान मैथ्यूज छह रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। मिशेल स्टार्क की गेंद पर सलामी बल्लेबाज प्रथुम निशंका (06) के जल्दी आउट होने के बाद कप्तान करूणारत्ने और मेंडिस ने शानदार बल्लेबाजी की। करुणारत्ने ने 156 गेंद की पारी में 10 चौके लगाए। उन्होंने स्पिनरों के खिलाफ कदमों का शानदार इस्तेमाल किया और मिशेल स्वेपसन की गेंद पर चौका लगाकर टेस्ट करियर का 30 वां अर्धशतक पूरा किया। मेंडिस के साथ दूसरे विकेट के लिए 152 रन की साझेदारी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रीलंका के लिए नया रिकॉर्ड है। इससे पहले यह रिकॉर्ड कुमार संगकारा और मार्वन अटापट्टू के नाम था जिन्होंने होबार्ट में 143 रन की साझेदारी की थी। स्वेपसन (31 रन पर एक विकेट) ने करुणारत्ने को पगबाधा कर के मेंडिस के साथ उनकी शानदार साझेदारी को तोड़ा।

## वर्मा ने दुनिया के नंबर एक स्कोलोसेर को हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया



**बर्मिंघम (अमेरिका)।** भारत के स्टार कंपाउंड तीरंदाज अभिषेक वर्मा ने विश्व चैम्पियन माइक स्कोलोसेर को हराकर उलटफेर करते हुए यहां चल रहे विश्व खेलों के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पांच सेट के बाद दोनों शुक्रवार को 149–149 की बराबरी पर थे और फिर टाईब्रेकर में भी दोनों ने परफेक्ट 10 का स्कोर किया लेकिन भारतीय तीरंदाज ने केंद्र के करीब तीर पहुंचाकर दुनिया के नंबर एक तीरंदाज को पछाड़ दिया और अंतिम चार में जगह बनाई। भारत मिश्रित कंपाउंड वर्ग में भी दौड़ में बना हुआ है जिसमें वर्मा और ज्योति सुरेखा वेनाम शनिवार को बाद में मेक्सिको के खिलाफ कांस्य पदक का मुकाबला खेलेंगे। विश्व खेल कई स्पर्धाओं के खेल हैं जिसमें तीरंदाजी केवल कंपाउंड वर्ग में होती है।

## प्रणय मलेशिया मास्टर्स के सेमीफाइनल में हारे



●भारत का अभियान खत्म, एंगस से तीन गेम में मिली हार

भाषा। कुआलालंपुर

**भारतीय बैडमिंटन** खिलाड़ी एच एस प्रणय की मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 टूर्नामेंट में शानदार लय शनिवार को यहां पुरूष एकल सेमीफाइनल में हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस से तीन गेम में मिली हार के साथ टूट गई। प्रणय ने एक गेम की बढ़त गंवा दी और उन्हें फिर से सेमीफाइनल में शिकस्त का सामना करना पड़ा। वह एक घंटे चार मिनट तक चले मुकाबले में एनजी का लोंग से 21–17 9–21 17–21 से हार गए। मैच से पहले प्रणय का एनजी का लोंग के खिलाफ करियर रिकॉर्ड 4–4 से बराबरी पर था। वह पिछली तीन भिड़ंत पर हांगकांग के खिलाड़ी पर भारी पड़े थे। वह पहले गेम में अच्छी पकड़ बनाए थे लेकिन फिर अपनी लेंथ से जूझने के कारण कई सहज गलतियां कर बैठे। प्रणय ने पहले गेम में 5–3 से बढ़त से शुरूआत की। वह ब्रेक तक चार अंक आगे थे। पर प्रणय ने 17–13 तक चार अंक की बढ़त बनाए रखी। हालांकि फिर इसके बाद दो अंक गंवा बैठे लेकिन जल्द ही चार गेम प्वाइंट का मौका हथियाकर गेम जीत लिया। दूसरे गेम में प्रणय को शटल पर नियंत्रण बनाने में दिक्कत हो रही थी जिसका हांगकांग के खिलाड़ी ने फायदा उठाकर ब्रेक तक छह अंक की बढ़त बना ली। फिर भी प्रणय की गलतियां जारी रहीं और यह गेम एनजी का लोंग के नाम रहा। मैच निर्णायक गेम में पहुंचा जिसमें प्रणय शुरू में थोड़ा नियंत्रण बनाए हुए थे और 8–3 से आगे हो गए थे। लेकिन प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी ने शानदार वापसी करते हुए अगले नौ में से आठ अंक हासिल कर ब्रेक तक दो अंक की अहम बढ़त बनाए रखी। प्रणय ने रैलियों में तेजी लाने की कोशिश की लेकिन हांगकांग के खिलाड़ी ने 16–12 की बढ़त बनाई। प्रणय ने हालांकि इसे 16–17 कर दिया, पर प्रतिद्वंद्वी ने लंबी रैली जीतने के बाद तीन मैच प्वाइंट हासिल कर मैच जीत लिया।

### युवा राष्ट्रीय मुक्केबाजी : विश्वनाथ, रोहित चमोली क्वार्टर फाइनल में

**चेन्नई।** मौजूदा एशियाई चैम्पियन विश्वनाथन सुरेश और रोहित चमोली ने युवा राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। सेना खेल नियंत्रण बोर्ड के विश्वनाथ ने चंडीगढ के सुशांत कपूर को 48 किलोवर्ग में 5–0 से हराया जबकि 2021 के एशियाई जूनियर चैम्पियन चंडीगढ के रोहित ने 51 किलोवर्ग में उत्तर प्रदेश के भूपेंद्र कुमार को इसी अंतर से मात दी। जादुमणी मनदेंगबाम (51 किलो) भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए जिन्होंने मणिपुर के एदिपाक लैशराम को हराया। चंडीगढ की परिणिता ने महिलाओं के 48 किलो वर्ग में आंध्र प्रदेश की वैष्णवी नेथाला को 5– 0 से मात दी। महाराष्ट्र के छह मुक्केबाज भी अंतिम आठ में पहुंच गए। इनमें आर्या (57 किलो), वैष्णवी (60 किलो), अदिति (66 किलो), सोना (70 किलो), उमर(48 किलो) और उस्मान (51 किलो) शामिल हैं।

### धाविका धनलक्ष्मी की विश्व चैम्पियनशिप के लिए वीजा औपचरिकताएं पूरी करना बाकी



**नई दिल्ली।** शीर्ष भारतीय 200 मीटर धाविका धनलक्ष्मी सेकर की अमेरिका की यूजीन में 15 से 24 जुलाई तक होने वाली विश्व चैम्पियनशिप के लिए वीजा की औपचारिकताएं अभी पूरी नहीं हुई हैं इसलिए ही उनका नाम अंतरराष्ट्रीय ट्रैक एवं फील्ड संचालन संस्था द्वारा जारी भारतीय प्रतिभागियों की सूची में नहीं था। धनलक्ष्मी का नाम 30 जून को 22 सदस्ईय भारतीय टीम में शामिल किया गया था। लेकिन अभी तक वह वीजा की औपचारकिताएं पूरी नहीं कर पाई हैं तो उनके विश्व चैम्पियनशिप में हिस्सा लेने में मुश्किल हो सकती है। धनलक्ष्मी अभी तिरूवनंतपुरम में ट्रेनिंग कर रही हैं, उन्होंने वहां से पीटीआई से कहा, मेरा वीजा अभी मिलना बाकी है। वीजा के लिए मेरी पहली अप्वाइंटमेंट रद्द हो गई इसलिए इसे पूरा करने की कोशिश कर रही हूं। तमिलनाडु की यह एथलीट 22.80 सेकेंड का स्वत: क्वालीफिकेशन मानक हासिल नहीं कर सकी थी लेकिन उन्होंने विश्व रैंकिंग के जरिए विश्व चैम्पियनशिप में जगह बनाई। उन्होंने 26 जून को कजाखस्तान के अलमाटी में कोसानोव मेमोरियल एथलेटिक्स मीट की 200 मी स्पर्धा में 22.89 सेकेंड के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय से स्वर्ण पदक जीता था और वह राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी सरस्वती साहा (22.82 सेकेंड) और हिमा दास (22.88 सेकेंड) के बाद 23 सेकेंड से अंदर दौड़ लगाने वाली तीसरी भारतीय बन गई थीं।